सुप्रभात

रांची, शुक्रवार

26.05.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 310




12 कान्स में सनी लियोनी ने बिखेरा हुस्न का जलवा

## न्यूज डायरी

### बारिश से राहत, पलामू में वज्रपात से दो की मौत

**रांची, पलामू।** गुरुवार को राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में झमाझम बारिश से लोगों को थोड़ी राहत मिली। वहीं बारिश के बीच वज्रपात से पलामू के हैदरनगर के तेंदुआ कला में दो लोगों की मौत हो गयी। घटना दोपहर की बतायी जा रही है। बारिश से बचने के लिए वे पेड़ के नीचे खड़े थे।

### इमरान-बुशरा बीबी के पाक छोड़ने पर प्रतिबंध

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान के साथ उनकी पत्नी बुशरा बीबी के देश छोड़ने पर रोक है लगा दी गयी है। उनकी पार्टी के 80 सदस्य नो फ्लाई लिस्ट में डाल दिये गये हैं।

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार को नामांकन आमंत्रित

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने असाधारण क्षमता वाले बच्चों को सम्मान देने के लिए प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) के लिए नामांकन आमंत्रित किये हैं। अंतिम तिथि 31 जुलाई तक है।

### एक करोड़ के ड्रग्स के साथ तीन गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड एटीएस ने ड्रग्स के कारोबार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में एक करोड़ से ज्यादा मूल्य के ड्रग्स बरामद किया है। एटीएस ने इस मामले में दो महिलाओं सहित तीन को धर दबोचा है। गिरफ्तारी बरकाकाना रेलवे स्टेशन से हुई। वे हैं लालबाबू चौबे, बक्सर, पश्चिम बंगाल की मीरा चौधरी और पार्वती देवी

### उत्तराखंड के लिए भव्य उपहार वंदे भारत : मोदी

**देहरादून।** पीएम मोदी ने उत्तराखंड की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का गुरुवार को शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन देवभूमि के लिए भव्य उपहार है और राज्य की चहुंमुखी प्रगति को रफ्तार मिलेगी।

### नीति आयोग की बैठक को संबोधित करेंगे मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को नीति आयोग की संचालन परिषद की आठवीं बैठक को संबोधित करेंगे जिसका मुख्य विषय विकसित भारत – 2047: टीम इंडिया की भूमिका होगा।

### उन्नत प्रौद्योगिकी सेना के लिए जरूरी : राजनाथ

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि सीमाओं पर दोहरे खतरे को देख सेना का उन्नत प्रौद्योगिकी से लैस होना जरूरी है। इसमें तालमेल व साझेदारी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

### देश में टीबी खत्म करने का प्रयास : मांडविया

**नयी दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि वर्ष 2015 से 2022 तक टीबी मरीजों में 13 प्रतिशत की कमी देखी गयी है। इसे पूरी तरह खत्म करने का प्रयास हो रहा है।


गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 56,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 74,500 रु./प्रति किलो |


## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खूंटी में महिलाओं से किया सीधा संवाद, कहा

# आदिवासी समाज को समृद्ध बनाना जरूरी

- झारखंड का जो विकास होना चाहिए था, नहीं हो सका, मंथन करें
- समारोह को राज्यपाल सीएम, अर्जुन मुंडा ने भी किया संबोधित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अपने झारखंड दौरे के दूसरे दिन खूंटी के बिरसा मुंडा स्टेडियम आयोजित महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुईं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा लगाये गये स्टॉल्स का भ्रमण किया और उनके साथ सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि झारखंड का जितना विकास होना चाहिए उतना नहीं हुआ है। यह देखकर दुख होता है। 22 वर्ष हो गये राज्य अलग बने हुए, अधिकांश आदिवासी ही मुख्यमंत्री रहे। इसके बावजूद यह स्थिति है। इस ओर हमें सोचना होगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज अपनी संस्कृति, सभ्यता, भाषा, परंपरा और पहचान के साथ निरंतर आगे बढ़े। आदिवासी समाज को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने की जरूरत है। विशेष कर महिला उत्थान के लिए तेजी से योजनायें लागू की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, झारखंड की परिश्रमी महिलाएं देश के विकास में योगदान देने में सक्षम हैं। इस अवसर पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि आदिवासियों को पूरा मान- सम्मान और अधिकार मिले। इसका हमने संकल्प ले रखा है। सम्मेलन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, सीएम हेमंत सोरेन, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने भी संबोधित किया। मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह सरूता, जोबा माझी, विधायक कोचे मुंडा, नीलकंठ सिंह मुंडा, विकास सिंह मुंडा एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कड़िया मुंडा समेत कई गणमान्य उपस्थित थे। (शेष पेज 11 पर)



### मैं ओड़िशा की हूं, लेकिन शरीर में खून झारखंड का



राष्ट्रपति ने कहा कि मैं ओड़िशा की हूं लेकिन मेरे शरीर में झारखंड का खून बह रहा है। उन्होंने देश की आजादी में बड़ा योगदान देने वाले भगवान बिरसा मुंडा और फूलो-झानो को याद किया। राष्ट्रपति ने स्वयं सहायता समूहों को मिलने वाली सुविधाओं की बात की। साथ ही कहा कि महिला समूह के उत्पादों को मैंने देखा। उनके चेहरे की मुस्कान देखी। उन्होंने कहा कि जिस घर में जोबा मांझी बहू बनकर गयी हैं उसी घर से मेरी दादी थीं। इसलिए झारखंड से मेरा बहुत लगाव है। मेरा सौभाग्य है कि मैं झारखंड की राज्यपाल रही और आज मैं यहां मेहमान बनकर आयी हूं।

#### आदिवासी होने का गर्व है

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि उन्हें आदिवासी महिला होने पर गर्व है। झारखंड की परिश्रमी महिलाएं देश के विकास में योगदान देने में सक्षम हैं। देश में अपने क्षेत्रों में बेटियों और महिलाओं ने अमूल्य योगदान दिया है। महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं। लोकतंत्र की शक्ति के कारण आज वे राष्ट्रपति के रूप में लोगों के बीच मौजूद हैं। बेटियां, बेटों से अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। राष्ट्रपति भवन में जब पुरस्कार वितरण करते हुए उन्हें महिलाओं की अदम्य ताकत का एहसास हुआ है।

#### हमें अपनी संस्कृति को बचाये रखना है

राष्ट्रपति ने आदिवासी संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण पर भी जोर दिया। कहा कि भारत में 700 जनजातियां हैं लेकिन सबकी संस्कृति और परंपरा अलग है। हमें अपनी संस्कृति को बचाये रखना है, नहीं तो हम दुनिया की भीड़ में खो जायेंगे। अपने बच्चों को भी हमें यही संस्कार देना है। जब हम आगे बढ़ते हैं तो पीछे भी देखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि झारखंड का जितना विकास होना चाहिए उतना नहीं हुआ है। यह देखकर दुख होता है। 22 वर्ष हो गए राज्य अलग बने हुए, अधिकांश आदिवासी ही मुख्यमंत्री रहे। इसके बावजूद यह स्थिति है।

## आदिवासी हित में केंद्र से मिल कर काम करने को तैयार : मुख्यमंत्री

**सरना धर्म कोड जरूरी, मुंडारी, हो, कुडुख 8वीं अनुसूची में शामिल हो**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** खूंटी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आदिवासियों से जुड़ी योजनाएं धरातल पर उतर नहीं पा रही हैं। उन्होंने कहा है कि आदिवासियों के लिए बनने वाली सभी योजनाएं आज भी कागजों पर चल रही हैं। केवल कागजों पर योजनाएं बन रही हैं और काम हो रहा है, जमीन पर इनकी कोई अवधारणा नहीं है। हालांकि उन्होंने उम्मीद जतायी कि केंद्र की सहायता से राज्य में आदिवासियों का तेजी से विकास होग। कार्यक्रम में जाने पर अधिकारी कुछ स्टॉल लगाकर के हमें दिखाते हैं कि हम यह उत्पाद देते हैं, वह उत्पाद देते हैं, लेकिन हकीकत यही है कि आज भी योजनाएं धरातल से काफी दूर हैं। जो चीजें दिखाई जाती हैं मैं उसे सामने से नहीं देखता, मैं उसके पीछे की हकीकत से रूबरू होना चाहता हूं कि आखिर इसकी जमीनी हकीकत क्या है।

उन्होंने अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के काम की तारीफ की। सीएम ने कहा कि आदिवासियों को पूरा मान- सम्मान और अधिकार मिले, इसका हमने संकल्प ले रखा है। इस दिशा में राज्य सरकार हर मोर्चे पर केंद्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरना धर्म कोड लागू करना जरूरी है। साथ ही सीएम ने दोहराया कि हो मुंडारी एवं कुड़ुख भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाये।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति की उपस्थिति में भगवान बिरसा मुंडा की पावन भूमि पर महिला सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के मंत्रीगण एवं अधिकारी गण यहां मौजूद हैं। हम सभी के लिए यह गौरव की बात है। आज आदिवासी समाज अपने पैरों पर खड़ा होने और आय स्रोत बढ़ाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)



**खनिज संसाधन से प्रचुर होने के बाद भी हैं पिछड़े :** उन्होंने कहा कि जल जंगल जमीन झारखंड की पहचान है । हमारे यहां तमाम खनिज संसाधन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। इन्हीं खनिज संसाधनों की बदौलत आज पूरा देश रोशन हो रहा है ।लेकिन, झारखंड की गिनती पिछड़े राज्यों में होती है ।उन्होंने कहा कि आदिवासियों के विकास से जुड़ी गाथा को विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान स्टॉल एवं अन्य माध्यमों से दिखाने का कार्य अधिकारीगण करते हैं। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही होती है। इसी बात को ध्यान में रखकर मैं जब भी किसी कार्यक्रम में जाता हूं तो वहां की झांकी को आगे की बजाये पीछे के पर्दे से देखना चाहता हूं। ताकि असलियत जान सकूं।

## दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने बच्चों को दिये मैडल

# डिजिटल स्किल्ड यूनिवर्सिटी खोलेंगे : सीएम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जेटीयू सभागार नामकुम में आयोजित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आइटी) रांची के द्वितीय दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने छात्र-छात्राओं के बीच मेडल एवं उपाधि प्रमाण पत्र का वितरण किया। वह समारोह की मुख्य अतिथि थीं। राष्ट्रपति कहा कि यह राष्ट्र का एक सम्मानित संस्था है। कुल 10 मेडल और शील्ड विजेताओं में आठ छात्राएं हैं। एक छात्रा ने तीन मेडल प्राप्त किया। अच्छी बात यह है कि ओवरऑल परफार्मर भी छात्रा ही रही। इन छात्राओं को देख कर आगे ट्रिपल आइटी में भी एडमिशन बालिकाएं लें। छात्राएं हर दिशा में अपना परचम लहरा सकती हैं। राष्ट्रपति कहा कि यह राष्ट्र का एक सम्मानित संस्था है। समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, सीएम हेमन्त सोरेन, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान रांची के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक अरुण जैन एवं निदेशक विष्णु प्रिये सहित अन्य गणमान्य सम्मिलित हुए।



### अभी तकनीक का समय है

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वर्तमान समय तकनीक का है। ढेरों कंपनियां, कई सारे उदाहरण आपके जेहन में हैं, बिल्कुल मानव रहित, मशीन ऑपरेटेड काम करा रही हैं। मोबाइल बनाने से लेकर भारी वाहन मशीनों से बन रहे हैं। पहले स्किलड मजदूर इन उद्योगों को चलाते थे। अब प्रतिस्पर्द्धा का दौर है। उसी लिहाज से व्यवस्थाएं भी खड़ी हो रही हैं। बेहतर शिक्षा आपको ट्रिपल आइटी से मिली है। आगे के सफर में यह शिक्षा आपके लिए उपयोगी साबित होगी। इसी कड़ी में हमलोगों ने निर्णय लिया है। हमलोग स्किल डेवलपमेंट चला रहे हैं। एक डिजिटल स्किल्ड यूनिवर्सिटी बनायेंगे। यहां कम पढ़े लिखे नौजवानों को तकनीकी शिक्षा देकर उन्हें रोजगार से जोड़ेंगे। राज्य में डिजिटल स्किल यूनिवर्सिटी स्थापित करने का प्रस्ताव है। नौजवान युवक-युवतियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर रोजगार से जोड़ा जा सकेगा। उन्होंने कहा, आज ट्रिपल आईटी के द्वितीय दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की गरिमामयी उपस्थिति हमसभी के लिए गौरव की बात है। अंत में आप सभी छात्र छात्राओं को मेरी ओर से हार्दिक बधाई एवं अशेष शुभकामनाएं।

### 16 जून से रांची में टेनिस चैंपियनशिप

**रांची।** रांची के होटवार स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में टेनिस चैंपियनशिप किया जायेगा। ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन (एआईटीए) 16 से 23 जून तक इसका आयोजन करेगा। इसमें अंडर 12 और अंडर 14 आयु वर्ग के बच्चे भाग लेंगे। रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 29 मई है।

### बारूदी सुरंग विस्फोट में एक अधेड़ की मौत

**पश्चिमी सिंहभूम।** टोंटो थाना क्षेत्र के लुइया जंगल में केंदू पत्ता तोड़ने गये एक अधेड़ (50) की नक्सलियों के लगाये बारूदी सुरंग की चपेट में आने से मौत हो गयी। घटना बुधवार रात की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि लुईया के कांडे लागुरी पास के जंगल में पत्ता तोड़ने गया था। वह पुलिस को नुकसान पहुंचाने को नक्सलियों के बिछाये बारूदी सुरंग की चपेट में आ गया।

### पलामू में युवक से 63 हजार रुपये की लूट

**पलामू।** डालटनगंज शहर थाना क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले इलाके स्थित पंजाब नेशनल बैंक की बाजार शाखा के गेट पर गुरुवार की दोपहर एक युवक से तीन अपराधियों ने 63 हजार रुपये लूट लिये। पीड़ित जीएलए कॉलेज के पास का विशाल सलोनी तेल कंपनी में काम करता है।

## खूंटी में हथियारों का जखीरा मिला, दो नक्सली धराये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** खूंटी पुलिस ने पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप द्वारा छिपाये गये भारी मात्रा में गोली और हथियार बरामद किया है। एसपी अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए तोरपा थाना क्षेत्र के कोटेगार और गोहारोम में छिपा कर रखे गये 4720 राउंड जिंदा गोली, 35 पीस डेटोनेटर, छह पिस्टल का मैगजीन समेत कई अन्य सामान बरामद किया है। इस दौरान पुलिस टीम ने दो सक्रिय पीएलएफआइ उग्रवादी को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादियों में ललित शर्मा और शिवनारायण सिंह शामिल है।

**>> पीएलएफआइ सुप्रीमो ने छिपा कर रखा था गोला-बारूद**

खूंटी एसपी अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि दो सक्रिय उग्रवादी सुप्रीमो दिनेश गोप द्वारा छिपाये कारतूस, विस्फोटक समेत अन्य सामानों को दूसरे जगह पर रखने ले जा रहा है। (शेष पेज 11 पर)


OXFORD PUBLIC SCHOOL
RANCHI
CELEBRATING 27 GLORIOUS YEARS OF UNPARALLELED EXCELLENCE
AFFILIATED TO CBSE, DELHI | AFFILIATION NO. : 3430121
AN ISO 9001:2000 CERTIFIED ENGLISH MEDIUM CO-ED SENIOR SECONDARY SCHOOL



SCIENCE | COMMERCE | ARTS
NATIONALLY RECOGNISED TEACHING FACULTY
UNMATCHED INFRASTRUCTURE
TOP RANKS IN CBSE X & XII EXAMS EVERY YEAR IN ALL STREAMS
ADMISSION FOR CLASS XI GOING ON
Direct Admission on the basis of Class X Board Result (All Boards) :
PCM/PCB-80% & above | Commerce-75% & above | Arts-70% & above
SCHOLARSHIP OPPORTUNITIES :
≥95% Rs. 15,000; 90%-95% Rs. 10,000; 85% to <90% Rs. 5000
CONGRATULATIONS CHILDREN ON YOUR SUCCESS!
OUR TOPPERS



STD. X: 98% ANSHIKA SHARMA | 97.6% ATUL ANAND | 97.4% SRIJAN RAJ GUPTA | 96.8% SIDDARTH BHARTI
STD. XII ARTS: 97.2% SWARNIMA MALIKA TOPPO | 95.6% SOUMYADIP DAS | 93.8% ANJALI SRIVASTAV | 92.2% MAHI KUMARI
STD. XII COMMERCE: 96.6% TRIDISHA SIKDAR | 96% AKRITI RAJ | 95% PRAGYA KESHRI | 93.6% ASHISH RAJ
STD. XII SCIENCE: 96% DISHA | 96% ANKIT SAHU | 96% ANJALI GAURAV | 95.8% SIMRAN KUMARI
SPECIAL MENTORING CLASSES FOR JEE | NEET | CUET | CA & CIVIL SERVICES
RISE ABOVE THE REST
+91-7485096733 (JUNIOR WING) | +91-7485096731 (SENIOR WING)
WWW.OXFORDPUBLICSCHOOL.NET.IN | OXFORDPSRANCHI@REDIFFMAIL.COM


# ध्वनि से भी तेज गतिवाले जेट को विक्रांत पर सफलतापूर्वक उतारा

## नौसेना की एक और उपलब्धि

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** इंडियन नेवी ने फिर से एक नया मुकाम हासिल किया है। नौसेना ने रात के अंधेरे में अपने फाइटर प्लेन को सफलतापूर्वक एयरक्राफ्ट कैरियर पर लैंड कराया है। यह लैंडिंग आईएनएस विक्रांत पर हुई है। नौसेना ने एक वीडियो पोस्ट किया है। इसमें देखा जा रहा है कि ध्वनि की गति से भी तेज रफ्तार में उड़नेवाला मिग-29के को रात के अंधेरे में आईएनएस विक्रांत पर सफलतापूर्वक लैंडिंग कर रहा है। मिग-29के को ब्लैक पैंथर भी बोला जाता है। भारतीय नौ-सेना की यह बड़ी उपलब्धि है। नौसेना ने अपने बयान में इस कदम के प्रति उत्साह दर्शाया है।



**रक्षा मंत्री ने दी बधाई :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी नौसेना को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। राजनाथ ने कहा कि मिग 29के की लैंडिंग, वह भी रात में, सफलतापूर्व की गयी। इस सफलता के लिए वह देश की ओर से नौसेना को बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि हमारे पायलटों के कौशल दृढ़ता और व्यावसायिकता का प्रमाण है।

### क्या है खासियत

मिग 29 के आईएनएस विक्रांत का ही हिस्सा है। यह एक लड़ाकू फाइटर एक सुपरसोनिक फाइटर जेट है। इसकी गति ध्वनि की गति से दोगुनी है। मिग 29के 65 हजार फीट की ऊंचाई तक जा सकता है। साथ ही यह गुरुत्वाकर्णण बल से आठ गुना अधिक बल से खींचने की क्षमता रखता है। मिग 29के से पहले आईएनएस विक्रांत पर कामोव हेलिकॉप्टर को उतारा गया था। कामोव के बाद तेजस को भी इसी तरह से उतारा जा चुका है। आईएनएस विक्रांत हमारा एयरक्राफ्ट कैरियर है। इसे पूरी तरह से भारत में ही तैयार किया गया है। कोचीन शिपयार्ड ने इसे तैयार किया है। आईएनएस विक्रांत पर कुल 30 फाइटर जेट्स तैनात हो सकते हैं। मिग29के के अलावा कामोव और एमएच 60आर हेलिकॉप्टर इनमें शामिल हैं।

# गरीबों के उत्थान में तकनीक का उपयोग करें विद्यार्थी : राष्ट्रपति

## देश के विकास में नवाचार और अनुसंधान जरूरी, प्राद्योगिकी का उपयोग सामाजिक न्याय के लिए हो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ट्रिपल आइटी रांची के दूसरे दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि अनुसंधान के लिए युवाओं को आगे आने की जरूरत है। ऐसे युवा टेक्नोलॉजी का उपयोग गरीबों के उत्थान में करें। साथ ही वैश्विक चुनौतियों और पर्यावरण में हो रहे बदलाव की दिशा में भी कार्य करें। उन्होंने टॉपरों को उपाधियां समेत गोल्ड और रजत मेडल प्रदान किया।




अपने स्थापना के कुछ वर्ष में ही संस्थान के छात्रों और फैकल्टी ने ज्ञान संरक्षण को स्थापित किया है। ट्रिपल आइटी रांची में स्टेट ऑफ आर्ट प्रयोगशाला है। क्वांटम कंप्यूटिंग की पढ़ाई यहां हो रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर उच्च गुणवत्तावाले शोध पर प्राथमिकता की बातें कही गयी है। स्टार्टअप, इंक्यूबेशन सेंटर के माध्यम से इनोवेशन और नवाचार को बढ़ावा दिया जाये। ट्रिपल आइटी एक बेहतर इंक्यूबेशन सेंटर बनायेगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि देश के विकास में नवाचार और अनुसंधान जरूरी है। इससे नये डिजाइनों और अभिनव को विकसित किया जा सकता है। भारत में उच्च शिक्षण संस्थान अपने शोध को आगे बढ़ायेंगे। नवाचारों के माध्यमों से नागरिकों का कल्याण करेंगे। प्राद्योगिकी का उपयोग सामाजिक न्याय के लिए किया जाना चाहिए। आधुनिक और किफायती तकनीक आने से डिजिटल लिटरेसी में सुधार हो रहा है। भारत की डिजिटल इकोनोमी में कई देशों को मार्ग दिखा रही हैं। क्या हम पहले सोंच सकते हैं कि डिजिटल करेंसी के माध्यम से हम साग-सब्जी खरीद सकते हैं। किसी ने यह नहीं सोचा था कि टेक्नोलाजी के जरिये महिलाएं एक बेहतर उद्यमी बन सकती हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के जीडीपी में टेक्नोलाजी का योगदान दो प्रतिशत से कम था, वह नौ फीसदी हो गया है। इंटरनेट का पेनीट्रेशन बढ़ा है। छोटे शहरों में रहनेवाले युवक डाटा साइंटिस्ट, पर्यावरण वैज्ञानिक और अन्य नये क्षेत्रों में जाना चाहते हैं। एक लाख से अधिक स्टार्ट अप इकोसिस्टम तैयार किया जा चुका है। टेक्स्ट स्टार्टअप इको सिस्टम को और गति दे रहे हैं। आम लोगों तक यह तकनीक पहुंचनी चाहिए, जिससे सभी का समेकित विकास होगा। आपको अपनी सोंच और काम में होलिस्टिक एप्रोच अपनाना होगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि आज हम आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के युग में पहुंच रहे हैं। इसका सर्वोत्तम उपयोग करके इफीशियेंसी बढ़ानी होगी। आप अधिक रचनात्मक और संवेदनशील कार्यों पर काम कर पायेंगे। दिव्यांग, सीनियर सिटिजन तथा अन्य की सहायता के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग करें। आप अपनी प्रतिभा और रूची के साथ आगे बढ़ें। हमेशा कुछ नया सीखें और जो भी करें, उसमें उत्कृष्टता को आगे बढ़ायें। देश की संस्कृति और विरासत को भी जानें। देश को वैश्विक स्तर पर पहचान मिल रही है। क्लाइमेट चेंज भी हो रहा है। कम सुविधा संपन्न लोगों के जीवन में आइटी का उपयोग करें। ऐसे कार्य जरूर करें, जिससे दूसरों का जीवन बेहतर बने। युवाओं में समाज और राष्ट्र को बदलने की व्यापक क्षमता होती है। हम युवाओं को सही दिशा दिखायें। देश और समाज की प्रगति में उन्हें प्रोत्साहित करें।

### गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों में अपनी शिक्षा का करें उपयोग : राज्यपाल

**राज्यपाल** सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि ट्रिपल आइटी के स्टूडेंट्स का पैकेज बेहतर हो रहा है। 20 लाख से बढ़ कर अब 80 लाख तक पहुंच गया है। देश के बहुत सारे विद्यार्थी हैं, जो भारतीय प्रबंधन संस्थान और आइआइटी में प्रवेश नहीं पाते हैं। उन्होंने कहा है कि कई मेधावी छात्रों को आइटीआइ में भी जगह नहीं मिलती है। कैरियर बनाने के लिए एजुकेशन के आदर्शों को स्थापित करें। गरीबी उन्मूलन के कार्यक्रमों में भी शिरकत करें। ट्रिपल आइटी के बच्चों की सलाना आय चार गुना बढ़ गयी है। आप लोग इस संस्थान के राजदूत हैं। सभी अतिथियों का स्वागत ट्रिपल आइटी के निदेशक अरुण जैन ने किया।

# राजधानी में बारिश से पारा गिरा, तपती गर्मी से मिली थोड़ी राहत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी समेत झारखंड के कई जिलों में पिछले तीन दिनों में हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। तपती गर्मी से लोगों को थोड़ी राहत मिली है। गुरुवार को दोपहर 12 बजे के बाद राजधानी समेत आसपास के इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश हुई। कुछ इलाकों में ओले भी गिरे। बुधवार रात भी इन इलाकों में अच्छी बारिश हुई थी। इससे अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट हो सकती है।



पिछले दो दिनों के दौरान रांची के तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 26 मई तक झारखंड में बारिश होगी। साथ ही कुछ इलाकों में हल्के से माध्यम दर्ज की बारिश के साथ साथ वज्रपात और ओलावृष्टि होने की भी संभावनाएं है।

**हवा चली, बिजली हो गयी गुल :** मध्यम आंधी और आधे घंटे हुई बारिश के कारण राजधानी रांची समेत आस पास के इलाको में घंटों बिजली गुल हो गयी। जहां दोपहर तीन बजे के बाद अधिकांश इलाकों में बारिश नहीं हुई। इसके बाद भी बिजली गुल रही। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इन इलाकों में रातु रोड, पंडरा, कांके, बरियातु, होटवार, कचहरी, मोरहाबादी, अशोक नगर, अरगोड़ा, कोकर, नामकुम समेत अन्य इलाके शामिल है। जहां घंटों बिजली गुल रही।

**तापमान में और होगी गिरावट :** विभाग की मानें तो आने वाले तीन दिनों के दौरान राज्य के तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी। जहां तीन दिनों के भीतर तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक तापमान में कमी दर्ज की जायेगी। वहीं, इसके बाद तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं व्यक्त की गयी है। विभाग की मानें तो जिन इलाकों में बारिश नहीं होगी, वहां दिन के समय बादल छाये रह सकते है। वहीं, शाम में ठंडी हवाएं चलने से लोगों को राहत मिल सकती है। लेकिन जिन जिलों में बादल छाये रहेंगे, वहां लोगों को दिन के समय गर्मी का एहसास होगा।

### पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश रांची में हुई

पिछले 24 घंटे में राज्य में कहीं-कहीं पर गर्जन के साथ बहुत हल्की से हल्के दर्जे की वर्षा हुई। एक-दो स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में सबसे अधिक वर्षा 7.2 एमएम रांची में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 42.0 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस रांची (विमानपत्तन) में दर्ज किया गया।

# रांची की उभरती प्लेबैक सिंगर स्वाति का नया गाना रांची के छोरे एक जून को होगा रिलीज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची की उभरती प्लेबैक सिंगर स्वाति प्रसाद का नया गाना रांची के छोरे एक जून को रिलीज हो रहा है। गाना उनके यूट्यूब चैनल स्वाति प्रसाद ऑफिशियल पर जारी होगा। सोशल मीडिया पर गाने को लेकर पोस्टर सामने आया है। गाने में रांची के अलग-अलग जगह, भोजन, संस्कृति, परंपरा, झारखंड संगीत वाद्ययंत्र का प्रयोग किया गया है। स्वाति अपने इस गाने को लेकर काफी उत्साहित है। उन्होंने बताया कि रांची के छोरे गाने के माध्यम से रांची की सुंदरता, शहर के रमणीक स्थल, खान-पान, जीवन-शैली और यहां के लोगों की ऊर्जा को दशार्ने का का प्रयास किया है। गाने में लोगों को फिरायालाल, चर्च कॉम्प्लेक्स, टैगोर हिल, जगन्नाथ मंदिर समेत शहर के विभिन्न रांची के चौक चौराहों की जिंदगी लोगों को देखने को मिलेगा। इसके अलावा ढाबे के तड़का दाल से लेकर मांदर की थाप और स्थानीय वाद्य यंत्रों की सुर ताल सब कुछ एक रंग बिरंगे ताजे गुलदस्ते की तरह देखने को भी मिलेगा। झारखंडी भाषा, पहनावा और बोल चाल एक नए फ्लेवर के साथ रिलीज होने वाला है। स्वाति ने बताया कि इस गाने को संगीत में उन्होंने स्वयं दिया है और गाया भी खुद ही है। रांचीवासियों व झारखंडवासियों को इस गाने को प्यार देने की अपील की है। बताते चलें कि स्वाति ने टीवी के पॉपुलर क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति के टाइटल ट्रैक में अपनी आवाज दी है। इसके अलावा उन्होंने आइजीटी में उपविजेता का ताज भी हासिल किया था। बचपन से ही संगीत का शौक रखने वाली स्वाति छह साल की उम्र से ही प्रयाग संगीत समिति इलाहाबाद से संगीत सीखा है। रांची में रहते हुए छोटे-मोटे शो करती थी। रांची दूरदर्शन की आर्टिस्ट भी रही हैं। वह झारखंड आइडियल भी रह चुकी हैं।



### एक हजार करोड़ खनन घोटाले के गवाह को रिम्स लाया गया

**रांची/साहिबगंज।** साहिबगंज मंडल कारा में बंद एक हजार करोड़ रूपए खनन घोटाले के ईडी के गवाह प्रकाश चंद यादव उर्फ मुंगेरी यादव को बेहतर इलाज के लिए जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग के सलाह पर रांची रिम्स लाया गया। जानकारी के मुताबिक, प्रकाश चंद्र यादव आर्म्स एक्ट में साहिबगंज मंडल कारा में बंद है। वहां उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। तबीयत बिगड़ने के बाद जिला प्रशासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल बोर्ड गठित कर जांच की। मेडिकल बोर्ड ने बहुत अधिक ब्लड शुगर लेवल बढ़े होने के कारण हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### मुंबई से पति से मिलकर आयी रांची, कर ली आत्महत्या

**रांची।** धुर्वा में मधु नाम की एक महिला ने अपने कमरे में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। उसका शव गुरुवार सुबह कमरे में मिला। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक मधु चार दिन पहले ही अपने पति, जो मुंबई में नौकरी करते हैं, से मिलकर रांची लौटी थी। रांची आने के बाद मधु को अपने मायके जाना था, लेकिन उससे पहले ही उसने आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी उस समय मिली जब गुरुवार सुबह मधु के कमरे का दरवाजा नहीं खुला। परिवार के लोगों ने जब दरवाजा खटखटाया तब भी अंदर से बंद दरवाजा नहीं खुला। अनहोनी की आशंका होने पर परिवार के सदस्यों ने जब खिड़की खोल कर कमरे के अंदर झांका तब घटना की जानकारी मिली। डेढ़ साल पहले ही मधु की शादी हुई थी।

# पहले मांगी 20 लाख की रंगदारी, नहीं देने पर बाउंड्री वॉल गिराया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पहले अपराधियों ने जमीन मालिक से 20 लाख की रंगदारी मांगी। फिर, जब उन्हें रंगदारी में पैसे नहीं मिले तो उनलोगों ने बाउंड्री वॉल को ही गिरा दिया। पंडरा ओपी क्षेत्र में गुरुवार को मो शकील की जमीन पर की गयी चहारदीवारी गिराकर भाग रहे पांच आरोपियों को पंडरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए आरोपियों में पंकज कुमार, विक्की यादव, नकुल लोहरा, धनेश्वर और राहुल शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से घातक हथियार, दस मोबाइल, एक मारूति वैन समेत कई अन्य सामान बरामद किया है। घटना को लेकर मो. शकील की जमीन के केयरटेकर द्वारा पंडरा ओपी में शिकायत दर्ज करायी गयी है। इस घटना में शामिल अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।



केयरटेकर द्वारा थाना में दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया है कि वह प्रतिदिन तरह अपने मालिक की भूमि पर मौजूद था। इसी दौरान गुरुवार की सुबह 4 बजे के करीब 50 से 60 की संख्या में लोग हरवे-हथियार से लैस होकर आए। वे लोग इस जमीन पर बनी चहारदीवारी तोड़ने लगे। जब शकील ने इसका विरोध किया तो उसकी हत्या का का प्रयास किया गया। आरोप है कि पॉकेट जबरन 2500 रुपये छीन लिया गया। धमकी दी कि पिछली बार बताया गया था कि इस जमीन पर काम करना चाहते हो, तो 20 लाख रुपये रंगदारी देना होगा। फिर भी तुम और तुम्हारे मालिक लोगों को समझ नहीं आ रहा है। तुम लोग जितनी बार काम करोगे, हमलोग उतनी बार बाउंड्री तोड़ देंगे। सुधर जाओ और 20 लाख रुपये रंगदारी दो, तभी इस जमीन पर काम करने की सोचना।

केयरटेकर ने बताया कि वहां से जान बचाकर भागा और इसकी जानकारी पंडरा ओपी और स्थानीय ग्रामीणों को दी। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पहुंच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों के द्वारा कहा गया है कि रिक्की यादव और शोएब अंसारी के कहने पर घटना को अंजाम देने आए थे। इस घटना को अंजाम देने के लिए 30 हजार रुपये दिये गये थे। बाकी पैसे बाद में देने की बात कही गई थी। केयरटेकर द्वारा दर्ज शिकायत में कहा गया है कि अगर पुलिस सही समय पर नहीं पहुंचती, तो हमारी हत्या कर दी जाती।

> आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। मामला क्या है, इस बाबत छानबीन की जा रही है।
>
> **प्रकाश सोय**
>
> **डीएसपी, कोतवाली।**

# रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन का प्रतिभा सम्मान समारोह 27 को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वावधान में 27 मई को अपराह्न 4:30 बजे से महाराजा अग्रसेन भवन रांची में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है।

रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री ललित कुमार पोद्दार एवं कार्यक्रम संयोजक विनोद कुमार जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि सम्मान समारोह में रांची जिला के अंतर्गत सीबीएसई एवं आईसीएसई 2023 की 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा मे 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 100 से भी अधिक मारवाड़ी समाज के छात्र- छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रोफेशनल डिग्री सीए, सीएफए, इंजीनियरिंग, डॉक्टर एमबीए पाने वाले छात्र-छात्राओं को भी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में अनुपम उपलब्धि प्राप्त करने वाले 5 मारवाड़ी समाज के रत्नों को भी सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि रांची के सांसद संजय सेठ, तथा उद्घाटनकर्ता अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया होंगे। उक्त जानकारी देते हुए रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि सम्मान समारोह को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# नवनियुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों के पदस्थापन में अनियमितता

## विद्यालय में स्वीकृत पद नहीं रहने के बावजूद शिक्षकों का पदस्थापन कर दिया गया

**संजीव मिश्रा**

**रांची।** राजधानी में नवनियुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों के पदस्थापन में अनियमताएं सामने आने लगी हैं। किसी-किसी विद्यालय में उस विषय के स्वीकृत पद नही रहने के बावजूद या स्वीकृत पद से अधिक संख्या में शिक्षकों को पदस्थापित कर दिया गया है। पदस्थापन में विद्यालय में छात्र संख्या को भी ध्यान नही रखा गया।





एक तरफ विभाग द्वारा सरप्लस शिक्षकों की सूची जारी की जाती है और दूसरी तरफ सरप्लस शिक्षक वाले विद्यालय में शिक्षकों की पदस्थापन कर दिया जाता है। जबकि विद्यालयों द्वारा समय हमेशा विभाग को संबधित आंकड़े और पदस्थापन विवरणी उपलब्ध कराया जाता है।

**इन विद्यालयों में मिली अनियमितताएं :** राजकीय उच्च विद्यालय बाजरा में गणित विषय में स्वीकृत पद एक है, जबकि वहां उस विषय मे दो शिक्षकों को पदस्थापित कर दिया गया है। अर्थशास्त्र में स्वीकृत पद नही रहने के बावजूद भी पदस्थापित किया गया है।

किसान +2 उच्च विद्यालय चान्हो में पहले से इतिहास विषय मे शिक्षक रहने के बावजूद दो और शिक्षकों को इतिहास/नागरिकशास्त्र में पदस्थापित कर दिया गया है। उत्क्रमित उच्च विद्यालय असरो बेड़ो में पहले से शारीरिक शिक्षा विषय मे पदस्थापित रहने के बावजूद भी वहां उसी विषय में दुबारा पदस्थापन कर दिया गया है। प्रोजेक्ट बालिका उच्च सिल्ली और राजकीयकृत +2उच्च विद्यालय लांदुपडीह सोनाहातू में इतिहास /नागरिकशास्त्र विषय मे दो दो शिक्षकों का पदस्थापन कर दिया गया है। भवानी शंकर +2उच्च विद्यालय गिंजो ठाकुरगांव जहां पहले से ही इतिहास विषय मे शिक्षक कार्यरत है। पुनः इस बार की नियुक्ति में दो और अतिरिक्त शिक्षकों की इतिहास/नागरिकशास्त्र विषय मे पदस्थापित कर दिया गया है। इस तरह के बहुत सारे विद्यालयों में स्वीकृत पद नही रहने के बावजूद अतरिक्त शिक्षकों को पदस्थापित कर दिया गया है।

**हम जल्द ही रेक्टिफाई करेंगे :** रांची जिला शिक्षा अधिकारी आकाश का कहना है कि हम जल्द ही रेक्टिफाई कर के इसे सुधार कर लिंगे। इसे हम अनियमतां नहीं कह सकते है। इस तरह की सबसे ज्यादा परेशानी इतिहास विषय में आई है। उन्होंने कह कि इतिहास विषय में हमारे पास सरप्लस शिक्षक है। जल्द ही इसे सुधार दिया जायेगा।

**क्या कहना है शिक्षक संघ का :** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष यशवंत विजय ने कहा कि इससे साफ झलकता है कि कार्यालय के कर्मी घोर लापरवाही के शिकार है। या उनके द्वारा जानभुजकर ऐसी पदस्थापना विवरणी बनाई जाती है ताकि उन्हें दुबारा पदस्थापन में सामंजन के नाम पर मोलजोल किया जाए। संघ ने कहा कि विभाग द्वारा इस तरह का अनियमतायें को भविष्य में नही दोहराया जाए।

# 15 लाख का इनामी पीएलएफआइ उग्रवादी मार्टिन केरकेट्टा भूमिगत, तलाश जारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पिछले तीन दशक से झारखंड पुलिस के लिए चुनौती बने उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ का वर्चस्व खत्म करने के लिए झारखंड पुलिस ने कमर कस ली है। सुप्रीमो दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद पीएलएफआइ के कैडरों में हताशा है। सभी को डर सता रहा है कि सुप्रीमो की जुबान खुली तो वे सभी सलाखों के पीछे होंगे। ऐसे में संगठन के छोटे-बड़े उग्रवादी समेत 15 लाख का इनामी मार्टिन केरकेट्टा भी भूमिगत हो गया है। वहीं, दूसरी तरफ झारखंड पुलिस पीएलएफआइ को जड़ से खत्म करने के प्रयास में जुटी हुई है।

30 लाख के इनामी रहे पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद संगठन का सेकेंड मैन 15 लाख का इनामी मार्टिन केरकेट्टा भूमिगत हो गया है। दिनेश गोप का बेहद करीबी मार्टिन संगठन में दिनेश गोप के बाद सबसे ज्यादा शक्तिशाली था। लेकिन जैसे ही एनआइए के द्वारा दिनेश की गिरफ्तारी की सूचना मार्टिन को मिली वह सबसे पहले भूमिगत हो गया। संभावना जताई जा रही थी कि दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद मार्टिन ही संगठन की कमान संभालेगा। लेकिन, सूचना है कि संगठन के कैडरों का मार्टिन से संपर्क नहीं हो पा रहा है। संगठन का एक और चर्चित नाम दुर्गा सिंह भी फिलहाल लापता है। दुर्गा भी दिनेश का बेहद करीबी रहा है। मार्टिन पर झारखंड पुलिस की तरफ से 15 लाख रुपये का इनाम घोषित है। मार्टिन और पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप बचपन में एक ही स्कूल में पढ़ाई किया करते थे। बाद में दोनों एक साथ अपराध की दुनिया में भी शामिल हुए। दिनेश गोप के साथ मिलकर मार्टिन कई जगह उग्रवादी कांडों को अंजाम दिया है। झारखंड पुलिस के लिए मार्टिन का गिरफ्तार होना बेहद जरूरी है। दिनेश गोप ने पूछताछ के दौरान यह खुलासा किया है कि संगठन के अत्याधुनिक हथियार मार्टिन के देखरेख में ही रखे गए हैं। ऐसे में अगर मार्टिन गिरफ्तार होता है तो पीएलएफआइ के हथियारों का जखीरा बरामद करने में पुलिस को बेहद आसानी होगी। एनआइए के रिमांड पर है दिनेश गोप ने अपने संगठन को लेकर कई खुलासे किये हैं। मार्टिन और दुर्गा के बारे में भी कई अहम जानकारियां सुरक्षा एजेंसियों को हासिल हुई है। ऐसे में अब मार्टिन और दुर्गा दोनों ही झारखंड पुलिस और एनआइए के ही रडार पर हैं। झारखंड पुलिस एसआइबी भी वैसे पीएलएफआइ उग्रवादियों पर मैन टू मैन वर्क कर रही है जो किसी न किसी जिले में सक्रिय हैं।

> दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद व उससे पूछताछ के बाद पता चला है कि कुछ उग्रवादी अब भी झारखंड में सक्रिय है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। जल्द ही सभी सलाखों के पीछे होंगे।
>
> **एवी होमकर**
>
> **आइजी ऑपरेशन सह पुलिस प्रवक्ता**
>
> **झारखंड।**

# राष्ट्रपति के सम्मान समारोह में बोले सीएम हेमंत सोरेन, आप हमारे अभिभावक थीं, हमेशा रहेंगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के सम्मान में गुरुवार को राज भवन रांची में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि महामहिम के साथ इतने घंटे बिताने के बाद भी यह एहसास नहीं हुआ कि हम देश की राष्ट्रपति के साथ हैं। बल्कि यह एहसास हुआ कि हम अपने अभिभावक एवं मार्गदर्शक के साथ समय व्यतीत कर रहे हैं। राष्ट्रपति का अचानक गाड़ी से उतर कर महिलाओं के बीच जाना उन्हें तमाम संघर्षों के बीच आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना एक अपनत्व का बोध दिलाता है। निश्चित रूप से द्रौपदी मुर्मू का 6 वर्ष झारखंड के राज्यपाल के रूप में कार्यकाल एक अभिभावक और मार्गदर्शक का रहा है। झारखंड के राज्यपाल के रूप में इनका कार्यकाल राज्य वासियों के लिए सदैव यादगार रहेगा।

हेमन्त सोरेन ने कहा कि हम राष्ट्रपति का धरती आबा भगवान बिरसा की पावन भूमि पर अभिनंदन और जोहार करते हैं। उनका तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड आगमन हुआ है। कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में इनकी उपस्थिति रही। झारखंड के नए उच्च न्यायालय भवन का भी उद्घाटन, बाबा नगरी देवघर से होते हुए खूंटी तक पहुंचीं। इस दौरान हम लोग भी इनके साथ साथ रहे। राष्ट्रपति ने आम जनों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना तथा समझा।

सीएम ने कहा, उनके अभिनंदन में मैं क्या कहूं। उन्होंने तो अभी-अभी खुद कहा कि मैं ओडिसा से हूं लेकिन मेरा झारखंड से गहरा संबंध है। यह हमलोगों के लिए गर्व की बात है कि आप देश के सर्वोच्च पद को सुशोभित कर रही हैं। आप एक मार्गदर्शक के रूप में जो संदेश देते हैं उसका अनुसरण हम सभी लोग करेंगे। हमारी सरकार आपकी सोच के अनुरूप दबे-कुचले लोग जो चुनौतियों का सामना कर रहे हैं उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा, आप हमेशा हमारे बीच एक मार्गदर्शक के रूप में रहेंगी। आपकी सोच के अनुरूप ही राज्य में विकास को हम गति देने का काम करेंगे। हमारा प्रयास है कि विकास की राह में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजना के साथ-साथ सरकार की नजरें भी पहुंचे। राज्य की सवा तीन करोड़ जनता की ओर से मैं आपका हार्दिक अभिनंदन करता हूं।

## स्पीड न्यूज

### मारवाड़ी सम्मेलन का प्रतिभा सम्मान समारोह 27 को

रांची। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वावधान में 27 मई को अपराह्न 4:30 बजे से महाराजा अग्रसेन भवन रांची में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री ललित कुमार पोद्दार एवं विनोद कुमार जैन ने यह जानकारी दी।

### श्री सुखमनी साहिब का सामूहिक पाठ संपन्न

रांची। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा,कृष्णा नगर कॉलोनी में श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी गुरुपर्व के उपलक्ष्य में पिछले चालीस दिनों से स्त्री सत्संग सभा द्वारा पढ़े जा रहे श्री सुखमनी साहिब जी के सामूहिक पाठों का समापन हुआ।

### 27 से अवकाशकालीन बाइबल पाठशाला

रांची। जीईएल चर्च हेडक्वार्टर कांग्रिगेशन रांची यूथ फेलोशिप की ओर से 27 मई से 04 जून तक बेथेसदा उच्च विद्यालय में नौ दिवसीय अवकाशकालीन बाईबल पाठशाला (वेकेशन बाईबल स्कूल) का आयोजन किया जा रहा है। यह पाठशाला प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे से दिन के 10:30 बजे तक चलेगा।

### बिजली-पानी की समस्या से जनता त्रस्त : संजय

रांची। भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय जायसवाल ने कहा है कि रांची सहित पूरे राज्य में बिजली–पानी का अभूतपूर्व संकट छाया है। जैसे–जैसे गर्मी बढ़ी है, बिजली और पानी की समस्या ने विकराल रूप धारण कर लिया है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार इस मुद्दे पर पूरी तरह चुप है। जनता को पर्याप्त पानी और बिजली मिले, इस मामले में सरकार निष्क्रिय हो चुकी है।

### 'ए मिलियन डॉलर स्माइल' का विमोचन

रांची। दीन दयाल गुप्ता, अध्यक्ष एमेरिटस, डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड की जीवनी 'ए मिलियन डॉलर स्माइल' पुस्तक का विमोचन समारोह ओजित कर किया गया। पुस्तक का विमोचन आचार्य देवरात, गुजरात के राज्यपाल, सुरेश चंद्र, अध्यक्ष, सर्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा और स्वामी प्रणवानंद, गुरुकुल, दिल्ली गौतम नगर के डीन की उपस्थिति में किया गया।

# विकास और जलवायु परिवर्तन के बीच सामंजस्य बैठाना होगा : अर्जुन मुंडा

## रांची विवि के आर्यभट्ट सभागार में जलवायु परिवर्तन पर दो दिवसीय संगोष्ठी शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में गुरुवार को जूलॉजी विभाग का दो दिवसीय संगोष्ठी प्रारंभ हुआ। इस संगोष्ठी का विषय जलवायु परिवर्तन चुनौतियां एवं अवसर है। कार्यक्रम के शुभारंभ में पीएफए विभाग के कलाकारों द्वारा राष्ट्रगीत एवं कुलगीत प्रस्तुत किया गया। उसके बाद केंद्रीय आदिवासी कल्याण मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड अर्जुन मुंडा, जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय, कुलपति आरयू प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा संग देश के विभिन्न राज्यों से आये विशेषज्ञ, प्राध्यापकों एवं वक्ताओं ने दीप प्रज्वलन किया। कुलपति ने सबों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। रांची विवि के छात्र नितिश मेहुल ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, विधायक सरयू राय, कुलपति आरयू को कल्पतरु का पौधा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रिसर्च पेपर के संकलनों की एक पुस्तिका साथ ही जूलौजी विभाग के एक न्यूज लेटर का भी विमोचन किया गया।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि दुनिया की 17 प्रतिशत आबादी भारत में हैं। जलवायु परिवर्तन पर हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। सारा विश्व प्रयत्नशील है कि जलवायु परिवर्तन की चुनौती का हम मुकाबला करें। आम व्यक्ति जलवायु परिवर्तन को गंभीरता से नहीं समझता है। आज आमलोगों को इसे समझाने की आवश्यकता है। हमें विकास और जलवायु परिवर्तन के बीच एक सामंजस्य बैठाना होगा। अर्जुन मुंडा ने संगोष्ठी की तारीफ की और कहा कि ऐसे संगोष्ठियों से किसी भी विषय पर नयी जानकारियां मिलती हैं। रांची विश्वविद्यालय का उन्होंने आभार जताया। सरयू राय ने अपने संबोधन में कहा कि जलवायु प्रदर्शन अब कोई नया शब्द नहीं हैं। पहले औद्योगिक क्रांति से चिमनियों से धुआं निकलता था तो उसे विकास का सूचक मानते थे। परंतु उस वक्त भी चेताने वाले थे, पर उनकी बातों को अनसुना कर दिया गया। आज इस धुएं को देख कर चिंता होती है। जब एक डिग्री ही तापमान आज से सौ साल बढ़ा तो इसका प्रभाव देखने को मिला था। आज स्थिति बेकाबू हो रही है। अगर तापमान ऐसे ही बढ़ा तो पृथ्वी के लिये अस्तित्व संकट हो जायेगा। हमारी पृथ्वी अब बीमार है और जब तक सामान्य व्यक्ति के संस्कार में पृथ्वी को को बचाने, जलवायु परिवर्तन को रोकने का आचरण नहीं आयेगा, तब तक हम इस संकट से नहीं निबट सकते। यह सिर्फ वैज्ञानिकों का काम नहीं है। आर्यभट्ट सभागार में सैकड़ो की संख्या में आये छात्रों, शिक्षकों, वक्ताओं तथा प्रेस के लोगों को जूलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया की निदेशक धृति बनर्जी ने पृथ्वी के संरक्षण की शपथ दिलायी। सबों ने शपथ ली कि वह हरियाली की रक्षा करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण का कार्य करेंगे। उसके बाद धृति बनर्जी ने स्लाइड शो के माध्यम से जलवायु परिवर्तन एवं इससे होने वाले नुकसान को विस्तार से बताया। इस संगोष्ठी में इक्फाई युनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आरके झा, मुख्य वक्ताओं में कुलपति आरयू प्रो.डॉ. अजीत कुमार सिन्हा, प्रदीप कुमार सेवानिवृत आइएफस झारखंड, जूलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया की निदेशक धृति बनर्जी, उमाशंकर सिंह सेवानिवृत आइएफएस उत्तर प्रदेश, प्रो. एमके जमुआर, बीएचयू के एस.के.त्रिगुण ने जलवायु परिवर्तन और इससे होने वाले संकट के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि प्रो आरके झा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक संकट है और हमें मिल कर इस संकट से निबटना होगा। अगर हम पृथ्वी की रक्षा नहीं करेंगे, तो पृथ्वी भी हमारी रक्षा नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सूर्य खुद जलते हुये पृथ्वी पर सभी को जीवन देता है, वैसे ही आज हमें जलवायु परिवर्तन के संकट से निबटने के लिये स्वयं प्रयास करना होगा। सेवानिवृत आइएफएस एवं प्रोजेक्ट टाइगर के निदेशक रहे प्रदीप कुमार ने जलवायु परिवर्तन आ रहे खतरनाक बदलावों के बारे में बताया।

### स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन में जितेंद्र सिंह ने कहा

# झारखंड में सतत विकास को उद्योगों में डिकार्बनाइजेशन प्रक्रिया आवश्यक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन टास्क फोर्स, झारखंड सरकार और इसके टेक्निकल पार्टनर सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड) द्वारा संयुक्त रूप से गुरुवार को एक स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन 'ग्रीन स्टील : ट्रांजिशन टू लो कार्बन फ्यूचर इन झारखंड' का आयोजन किया गया। इस कंसल्टेशन का मुख्य उद्देश्य राज्य में सस्टेनेबल एनर्जी ट्रांजिशन और नेट-जीरो परिदृश्य के संदर्भ में न्यूनतम कार्बन उत्सर्जन के लिए स्टील उद्योग-क्षेत्र में डिकार्बनाइजेशन की प्रक्रिया से जुड़े समाधानों पर विचार-विमर्श करना था। ज्ञात हो कि भारत में स्टील के सबसे बड़े उत्पादक राज्यों में से झारखंड एक है। स्टील निर्माण अत्यधिक कार्बन उत्सर्जित करने वाले गतिविधियों में से एक है। लोहा और स्टील उद्योग में ऊर्जा की खपत वर्तमान में किसी अन्य औद्योगिक गतिविधि की तुलना में सबसे अधिक है। तेजी से विस्तार हो रहे स्टील बाजार में अधिकाधिक ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधनों की खपत के संदर्भ में इस उद्योग-क्षेत्र को ऊर्जा दक्षता और न्यूनतम कार्बन उत्सर्जन मानकों के अनुसार अपने संचालन गतिविधियों को कार्यशाला में बदलने पर जोर दिया गया है।

कंसल्टेशन को संबोधित करते हुए उद्योग विभाग झारखंड सरकार के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आधुनिक बुनियादी ढांचे के प्रमुख संसाधनों में स्टील सबसे आवश्यक सामग्री है। राज्य में आयरन-स्टील निर्माण आधारित उद्योगों की व्यापक उपस्थिति है। राज्य के आर्थिक लक्ष्यों और नेट जीरो परिदृश्य को प्राप्त करने के लिए उद्योग जगत को सस्टेनेबिलिटी के सिद्धांतों एवं स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों को अपनाने की जरूरत है। स्टील सेक्टर को भी प्राथमिकता के रूप में डिकार्बनाइजेशन के उपायों को तेजी से अपनाना चाहिए। राज्य में सततशील अर्थव्यवस्था में योगदान देने के लिए उद्योग जगत की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। हम उद्योग जगत को आवश्यक नीतिगत फ्रेमवर्क, सहयोग और दिशानिर्देश प्रदान करने के लिए तत्पर हैं।'

कंसल्टेशन के व्यापक उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए एके रस्तोगी (आईएफएस सेवानिवृत्त), अध्यक्ष, सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन टास्क फोर्स ने कहा कि टास्क फोर्स ने इन प्रमुख उद्योगों के प्रतिनिधियों और अन्य स्टेकहोल्डर्स के लिए कंसल्टेशन की एक श्रृंखला शुरू की है, ताकि ट्रांजिशन से जुड़ी उनकी चिंताओं और आकांक्षाओं पर विचर-विमर्श हो।

# राज्य में आदिवासियों के साथ कंथे से कंधा मिलाकर चल रही कांग्रेस : राजेश ठाकुर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आदिवासी प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में गुरुवार को कांग्रेस भवन रांची में कमिटी के चेयरमेन जोसाई मार्डी की अध्यक्षता में संगठन सशक्तिकरण को लेकर बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 16 जून 2023 को रांची में आदिवासी कांग्रेस द्वारा प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जून महीने के अंत तक सभी जिलों जिला आदिवासी कांग्रेस का गठन कर लिया जाएगा। तत्प्रात सभी जिलों में जिला स्तरीय आदिवासी कांग्रेस का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमुल्य नीरज खलखो, संजय मरांडी, अनूप लकड़ा, विल्सन टोपनो मुख्य रूप से उपस्थिति थे।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राज्य में कांग्रेस पार्टी आदिवासियों के साथ कंथे से कंधा मिलाकर चल रही है। आदिवासियों की जन समस्याओं पर मुखर होकर काम कर रही है। आदिवासी कांग्रेस कमिटी का गठन इसलिए हुआ ताकि आदिवासियों के सम्मान और संस्कृति के लिए साथ मिलकर चला जाय। उन्होंने कहा कि आदिवासी कांग्रेस प्रखंड से लेकर पंचायत तक आदिवासी को संगठन से जोड़ने का कार्य करें। हमें विभिन्न आदिवासी समुदायों से अच्छे नेतृत्व कताओं को चिन्हित कर पार्टी संगठन से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा पूरे देश भर में लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के तहत मुख्यतः आदिवासियों, दलितों, अल्पसंख्यकों एवं पिछड़ा वर्ग समुदाय से अच्छे नेतृत्वकर्ता को संगठन से जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। झारखंड में आदिवासी कांग्रेस संगठन की नियमित बैठक सुनिश्चित करते हुए अविलंब जिला एवं प्रखंड स्तर तक आदिवासी कांग्रेस को सशक्त बनाने का कार्य करें।

# शारदा ग्लोबल स्कूल में 12वीं के छात्रों का हुआ अभिनंदन समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** बुकरू स्थित शारदा ग्लोबल स्कूल में सीबीएसइ 12वीं बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों का अभिनंदन उन्हें सर्टिफिकेट्स, मेडल्स एवं ट्रॉफी प्रदान कर किया गया। विद्यालय की डायरेक्टर (एकेडमिक्स) डॉ. रजना स्वरूप एवं प्राचार्या जसमीत कौर ने छात्रों को इस विशिष्ट उपलब्धि पर हर्ष करते हुए कहा कि सफलता प्राप्ति के लिए अपने लक्ष्य पर सतत ध्यान देना, अनुशासन, परिश्रम एवं विनम्रता एक छात्र के लिए यह मूलमंत्र है, जो उसको सदा प्रेरित करते हुए लक्ष्य की ओर अग्रसित करती है।

विद्यालय के टॉपर्स जिन्हें सम्मानित किया गया, उसमें रिची 96.4%, रोशन कुमार 94.2%, अनमोल 94%, तुषार राज 92.8%, प्रियम प्रकाश 92%, अनमोल 90.6%, उजाला कुमारी 88%, समृति सिंह 88%, उत्कर्ष 87.6% आदि शामिल हैं।

विद्यालय की डायरेक्टर (एकेडमिक्स) डॉ. रंजना स्वरूप एवं प्राचार्या जसमीत कौर ने सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयं पर विश्वास एवं लक्ष्य के प्रति ईमानदारी छात्रों की लक्ष्य को पाने की सबसे बड़ी कुंजी है। आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में सच्ची लगन, धैर्य एवं दृढसंकल्प होना आवश्यक है। शिक्षा अंदर से आती है। आप इसे अथक प्रयास, संघर्ष एवं प्रयत्न से पा सकते हैं। पास आउट छात्रों ने अपनी अभिव्यक्ति एवं अनुभव नम आंखों से व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी इस सफलता में शारदा ग्लोबल परिवार की डायरेक्टर एकेडमिक्स , प्राचार्या एवं शिक्षकों का पूर्ण एवं सतत योगदान रहा है, जिन्होंने हमें अनुशासन एवं गलतियों से पुनः सीख लेने की प्रेरणा दी। उपस्थित अभिभावकों ने भी बच्चों की पढ़ाई एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शारदा ग्लोबल स्कूल के मैनेजमेंट एवं अनवरत एवं विशिष्ट शिक्षण पद्धति की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम स्थल पर विद्यालय मैनेजमेंट, डायरेक्टर एकेडमिक्स, प्राचार्या

## खबर एक नजर में

### उर्दू बालिका उच्च विद्यालय में 10वीं के बेहतर परिणाम

**रांची।** इस्माइलिया मोमिन उर्दू बालिका उच्च विद्यालय, डोरंडा रांची कक्षा 10वीं का परिणाम इस वर्ष भी 100 प्रतिशत यानी शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष विद्यालय से 30 छात्राएं परीक्षा में परीक्षा में शामिल हुए। घोषित परिणाम में विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। जिसमें 24 छात्राओं ने प्रथम स्थान, 5 छात्राओं ने द्वितीय स्थान एंव एक छात्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा माहरूख रहमान ने 89.80 प्रतिशत मार्क्स लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### डालसा का विशेष अभियान मन का मिलन पखवारा 29 से

**रांची।** न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायालय रांची सह कार्यकारी अध्यक्ष झालसा रांची के निर्देश पर झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के तत्वावधान में 29 मई 2023 से 14 जून 2023 तक मध्यस्थता पर आधारित मन का मिलन पखवारा विशेष अभियान का आयोजन किया जायेगा। इसी कड़ी में आज नामकुम ब्लॉक क्षेत्र के महिलोंग में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जहां मध्यस्थता के बारे में जानकारी दी गई।

### एचडीएफसी पेंशन का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट 50,000 करोड़ के पार

**रांची।** नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) के अंतर्गत सबसे तेज बढ़ती लेगसी पेंशन फंड मैनेजर एचडीएफसी पेंशन मैनेजमेंट कंपनी लि. ने 15 मई 2023 को अपने एसेट्स अंडर मैनेजमेंट में रु. 50,000 करोड़ का महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया है। एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. के संपूर्ण स्वामित्व वाली इस सब्सिडियरी कंपनी की शुरुआत वर्ष 2013 में हुई थी और तब से कंपनी ने तेज दर से विकास किया है। कंपनी का एयूएम साइज तैंतीस (33) महीनों में 400 प्रतिशत बढ़ा है। कंपनी ने जुलाई 2020 में रु. 10,000 करोड़ का बेस एयूएम हासिल किया था।

### आजमीने हज को रुखसत करने रेलवे स्टेशन पर रहेंगे मौजूद

**रांची।** मरहबा ह्यूमन सोसायटी की बैठक गुरुवार को सोसायटी के कार्यालय में हुई। हाजी नूर की सदारत में संपन्न इस बैठक में इस साल झारखंड से हज पर जाने वाले आजमीने हज को सोसायटी की ओर से दी जाने वाली खिदमत पर चर्चा की गयी। जिसमें सर्वसम्मति से तय किया गया कि वैसे आजमीने हज, जो हज करने के लिए कोलकाता से मदीना जाने वाले है और झारखंड के आजमीनों की फ्लाइट एक जून से कोलकाता से शुरु होनी है। इनमें से बहुत सारे आजमीने हज रांची से कोलकाता ट्रेन से जाने वाले हैं। उन्हें रुखसत करने तथा उनकी खिदमत करने के लिए मरहबा ह्यूमन सोसायटी के मेंबर्स रांची रेलवे स्टेशन पर मौजूद रहेंगे।

### मरीजों का आर्थिक शोषण बंद हो : निपु सिंह

**रांची।** झारखंड अगेंस्ट करप्शनश के केंद्रीय संगठन मंत्री निपु सिंह ने गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आवास पर मुलाकात कर निजी अस्पताल संचालकों द्वारा मरीजों के आर्थिक शोषण पर रोक लगाने का अनुरोध किया। मौके पर श्री सिंह ने उक्त आशय से संबंधित एक ज्ञापन भी स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा।

### परीक्षा केंद्र गृह प्रखंड में करने की मांग

**रांची।** झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ नें राज्य में आयोजित होने वाली वस्तानिया / फौकानिया परीक्षा 2023 का परीक्षा केंद्र गृह प्रखण्ड में करने की मांग की है। उक्त संदर्भ में झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव अमीन अहमद एवं मदरसा दारूल उलूम के प्राचार्य ज्याउल होदा इस्लाही द्वारा झारखंड अधिविद्ध परिषद के अध्यक्ष डॉ अनील कुमार महतो एवं सचिव महीप कुमार सिंह के समक्ष बात रखते हुए मदरसा बोर्ड परीक्षा का केंद्र गृह प्रखण्ड में करने की मांग की है।

### कृषि मंत्री ने देवघर में बांटे 50 कृषकों के बीच बीज व पंपसेट

**रांची।** जसीडीह के डाबरग्राम चांदपुर स्थित संयुक्त जिला कृषि भवन के सभागार में गुरुवार को समीक्षा बैठक सह उपादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन राज्य के कृषि, पशुपालन व सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख ने किया। मंत्री ने कृषि व संबद्ध विभाग की समीक्षा कर पदाधिकारी को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। बैठक में कृषि संबंधित विभाग के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे। इस दौरान कृषि मंत्री ने सांकेतिक रूप से क्षेत्र के 50 किसानों के बीच बीज व 31 के बीच पंपसेट का वितरण किया।

### रांची झील बचाने के लिये मानव श्रृंखला आयोजित

**रांची।** गुरुवार को रांची झील बचाओ अभियान समिति की ओर से मानव श्रृंखला आयोजित की गयी। इस अवसर पर समिति के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा ने बताया कि झील को बचाने के लिये मुख्य घाट के समीप मानव श्रृंखला बनाकर कर उच्च न्यायालय से तालाब को बचाने का गुहार लगाई गई ।

### गैंगस्टर ने दाखिल की जमानत की अर्जी

रांची। जेल में बंद गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव ने जमानत की गुहार लगाते हुए गुरुवार को अर्जी दाखिल की है। दाखिल अर्जी पर शुक्रवार को एटीएस की विशेष अदालत में सुनवाई होगी। झारखंड एटीएस ने अमन श्रीवास्तव को 16 मई को महाराष्ट्र एटीएस के सहयोग से वासी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था।

# राष्ट्रीय किक-बॉक्सिंग प्रतियोगिता 23 अगस्त से रांची में

## होटवार में होगा आयोजन, 28 राज्य और 8 केंद्र शासित प्रदेश के 1800 खिलाड़ी लेंगे भाग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची के होटवार खेलगांव में 23 अगस्त से 27 अगस्त तक राष्ट्रीय किक-बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है। आयोजन को लेकर विधायक मथुरा प्रसाद महतो के आवास पर गुरूवार को प्रेसवार्ता की गई। जिसमे उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में 28 राज्य और 8 केंद्र-शासित प्रदेश के लगभग 1800 खिलाड़ी और 200 टेक्निकल ऑफिशियल भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों के लिए 7 स्पर्धा आयोजित हैं जिसमें वे भाग लेंगे। खिलाड़ियों के रहने, खेलने, व खाने पीने की व्यवस्था रांची के खेलगांव मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में की जाएगी। मथुरा महतो ने बताया कि झारखंड में यह खेल पहली बार होने जा रहा है। ओपनिंग और क्लोजिंग सेरेमनी में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो, खेल मंत्री और अन्य कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे।

बता दें कि विधायक मथुरा प्रसाद महतो राष्ट्रीय किक-बॉक्सिंग प्रतियोगिता के आयोजक समिति के अध्यक्ष हैं। उन्होंने बताया कि झारखंड में होने जा रहे इस आयोजन को भव्य तरीके से किया जायेगा। 22 अगस्त से टीमें रांची पहुंचेंगी, 23 अगस्त को वेट मेडिकल व फिटनेस की जांच के बाद खिलाड़ियों को खेलने दिया जायेगा।

प्रेस वार्ता के दौरान मौके पर झारखंड किक-बॉक्सिंग के अध्यक्ष बी सी ठाकुर, विपुल मिश्र, कोषाध्यक्ष एमडी इबरार कुरेशी, प्रवीण कुमार, संस्कार तिवारी, ओवेस अरफात, आरती कुमारी, आतिश बनर्जी, कृष्ण सिन्हा, मार्शल टुडू, काजल कुमारी, खुशबू कुमारी, सोनू साहू, इंदर देव ऋषि मौजूद रहे. बता दें कि वाको किकबॉक्सिंग खेल अंतराष्ट्रीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त है और भारत में वाको इंडिया किक-बॉक्सिंग फेडरेशन भारत सरकार से मान्यता प्राप्त खेल है।

### ठेला दुकानदार की बेटी खुशबू ने पाया राज्य में 10वां स्थान



**रांची।** मारवाड़ी कन्या पाठशाला की छात्रा खुशबू कुमारी ने 2023 में जैक दसवीं की परीक्षा में 96.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर न सिर्फ शानदार सफलता हासिल की है बल्कि राज्य की दसवीं और डिस्ट्रिक्ट की पांचवीं टॉपर होकर विद्यालय का ही नहीं बल्कि अपना, अपने माता-पिता व राजधानी रांची के तमाम लोगों का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि खुशबू कुमारी एक गरीब परिवार से है और उनके पिता मारवाड़ी स्कूल के बाहर ठेला लगाकर उसपर इडली दोसा बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

स्पीड न्यूज

## रेनबो ब्लॉजम प्री स्कूल का उद्घाटन



**बुंडू।** बुंडू स्थित ब्राह्मण टोली में रेनबो ब्लॉजम प्ले स्कूल का उद्घाटन राधा रानी मंदिर के अध्यक्ष महेश शर्माए शिक्षिका पुष्पलता देवीए कांग्रेस जिला महासचिव रौशन महतो के द्वारा सम्मलित रूप से किया गया। इस अवसर पर शीतल दास गौस्वामीए पवन दास गौस्वामी सोनेट क्रिकेट क्लब के निदेशक जीतू कुमारए योग शिक्षक डॉण संजय सरोज कुमार पाण्डेय शीत चन्दन पाण्डेय पवन महतो दिलीप साहू ए पवन जायसवाल ऋषिकेश चटर्जी पुरेंदर कोइरी आदि उपस्थित थे।

## बाइक दुर्घटना में युवक घायल

**सिकिदिरी।** गेतलसूद-हुण्डरू फॉल मार्ग में सिकिदिरी थाना क्षेत्र के खभावन पतरा के पास गुरुवार की दोपहर में हुई बाइक दुर्घटना में बाइक सवार राजेश बेदिया घायल हो गया। उसके चेहरे और हाथ में चोट लगी है। बाइक सवार सुरसू के कुतुरलोवा का रहनेवाला है। वह अपने एक परिचित के घर खभावन आ रहा था। इसी दौरान खभावन पतरा के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा। हेलमेट नहीं पहनने के कारण राजेश के चेहरे में चोट लगी। तत्काल उस 108 एम्बुलेंस से गोंदलीपोखर स्थित सीएचसी लाया गया। फिलहाल राजेश की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## लबगा गांव में आम चुनने गयी किशोरी की वज्रपात से मौत

**बुंडू।** दशम फॉल थाना क्षेत्र के लबगा गांव में गत रात तेज हवा व वर्षा के दौरान अन्य लोगों के साथ आम चुनने गए 13 वर्षीय किशोर शिबू मुंडा पिता लादुरा मुंडा की बज्रपात से घटना स्थल पर ही मौत हो गई । ग्रामीणों ने बताया कि गत रात लगभग 10 बजे तेज हवा व छिटपुट वर्षा के बीच गांव के लोग आम चुनने के लिए पेड़ के नीचे जमा थे। इसी क्रम में वज्रपात हुआ और 13 वर्षीय किशोर इसकी चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गयी और घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी के बाद दशम फॉल थाना पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रांची भेज दी है।

## पिठोरिया में भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन

**पिठोरिया।** पिठोरिया चौक स्थित मुहर पहाड़ के परिसर में भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद संजय सेठ उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मौके पर सांसद संजय सेठ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ईमानदार एवं कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ता के कारण भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर निकल पड़ी है। उन्होंने कहा कि आम जनता की छोटी सी छोटी समस्या को भी संबंधित विभाग तक पहुंचा कर समाधान करें।

# जैविक उद्यान में आया नन्हा दरियाई घोड़ा

### हिप्पो लिली ने चौथी बार दिया बच्चे को जन्म

### ● बिरसा जैविक उद्यान के कुदरती माहौल के कारण बेहतर है प्रजनन संख्या



जैविक उद्यान में अपनी मां लिली के साथ नन्हा हिप्पो।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** बिरसा जैविक उद्यान की हिप्पो लिली ने चौथी बार दरियाई घोड़ा को जन्म दिया है। एक सप्ताह पूर्व जन्म दिए मां लिली को 2013 में उड़िसा के नंदकानन-जू से लाया गया था। वहीं नर हिप्पो लालू को मैसूर-जू से लाया गया था। इसके अलावा एक और मादा हिप्पो नैना को गजरात-जू से लाया गया है। सबसे पहले जैविक उद्यान में 2014 में हिप्पो विजय का जन्म हुआ था। वहीं 2017 में अजय का जन्म हुआ। यह दोनो हिप्पो अब काफी बड़े हो गए हैं। इसके अलावा कोरोना काल के दौरान 2020 में और इस बार जन्म लिए दोनो हिप्पों का नामकरण नहीं हुआ है। नन्हे मेहमान के आने के बाद अब जैविक उद्यान में हिप्पों की संख्या सात हो गई है। उद्यान के निदेशक जबर सिंह के अनुसार बिरसा जैविक उद्यान कुदरती चिड़ियां घर की तरह है। यहां रहने वाले पशु पक्षियों की भी विशेष देख-भाल व सुविधा दी जाती है। जिसके कारण जैविक उद्यान में प्रजनन की संख्या भी बेहतर है।

### नन्हे हिप्पो को दिया जा रहा है दूध, जच्चा-बच्चा स्वस्थ

उद्यान के पशु चिकित्सक डॉ ओमप्रकाश साहू ने बताया कि लिली व नन्हा हिप्पो दोनो स्वस्थ्य हैं। बच्चे को भोजन में फिलहाल दूध दिया जा रहा है। वहीं लिली को हरा भोजन के साथ मौसमी फल भी दिए जा रहे हैं। एक सप्ताह पूर्व जन्म लिए नन्हा हिप्पो फिलहाल अपनी मां लिली के साथ केज में बने पानी के टब में ही रहता है। भोजन के लिए जब मां पानी से बाहर आती है तो पीछे-पीछे नन्हा हिप्पो भी चला आता है। तभी नन्हा हिप्पो के देखा जा सकता है। अभी ज्यादतर समय हिप्पो पानी में ही रहते हैं। जिसके कारण सैलानी नन्हे हिप्पो को देख नहीं पाते हैं। कुछ समय बाद थोड़ा बड़ा होने के बाद सैलानी नन्हे हिप्पो को भी आसानी से देख पाएंगे। नन्हे मेहमान के आने से जैविक उद्यान पदाधिकारी व कर्मी द्वारा खुशी जतायी गयी है।

एक नजर में

## मादा भालू अपने बच्चे के साथ कुआं में गिरी



**राहे।** प्रखंड के गोमदा गांव के पास झाड़ियों के बीच बना एक कुंआ में मादा भालू अपने बच्चे के साथ गिर गया था। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार 4 बजे के आसपास भालू कुआं में गिरा था। सुबह 6 बजे भालू के आवाज से ग्रामीणों की जानकारी हुई। वन विभाग को सूचना दिया गया। ग्रामीणों के सहायता से विभाग ने कुआं में दो बड़े बांस की बल्ली गिराया गया। बांस की बल्ली से भालू अपने बच्चे को लेकर ऊपर आया और जंगल की ओर भाग गया। दो घंटे के मेहनत के बाद भालू को निकलने में सफलता मिली। इधर कुआं में भालू होने की सूचना में लोग काफी संख्या में जमा कर देखने के लिये उत्सुक रहे। ज्ञात हो कि राहे में भालू के हमले से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ था।

## पारंपरिक आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के संरक्षण को लेकर कमेटी का गठन

**राहे।** प्रखंड के नावाडीह पंचायत सचिवालय में पारंपरिक आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को जीवंत रखने के लिए पारंपरिक आयुर्वेद चिकित्सकों की बैठक आयोजित किया गया। इस दौरान जनजातीय वैद्य संघ का गठन किया गया। जिसका नाम आयुर्वेद जीवन दर्पण राहे रखा गया। बैठक में अंगद लोहरा को सर्वसम्मति से संघ का अध्यक्ष बनाया गया। बिरसा टूटी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस दौरान पिरामल स्वास्थ्य जिला समन्वयक संगीता कुमारी ने कहा कि जड़ी बूटी उपचार हमारी प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है। इस पद्धति को सुदृढ़ करने के लिए जड़ी-बूटी संरक्षण के साथ-साथ प्राचीन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति का विस्तार शामिल है।

# न्यास समिति की मनमानी बर्दास्त नहीं

### ठाकुर एनिनाथ शाहदेव ने जमीन किया था दान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** एचईसी विस्थापित जन कल्याण समिति ने छोटानागपुर की हृदयस्थली और ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर (बड़कागढ़) की जमीन पर की जा रही छेड़छाड़ का कड़ा विरोध किया है। सचिव मोख्तार अंसारी ने कहा कि न्यास समिति की मनमानी बर्दास्त नहीं की जायेगी। वह गुरुवार को खबर मंत्र से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जगन्नाथपुर मेला परिसर में प्राचीन काल से बिना रोक-टोक सुव्यवस्थित एवं सहभागीदारी से पारंपरिक एकता और सौहार्दपूर्ण वातावरण में रथ पूजा होती आ रही है। इसके लिये संस्थापक ठाकुर एनिनाथ शाहदेव की ओर से जमीन दान की गयी है। मौजा जगन्नाथपुर, आनी व भूसुर की इस भूखंड में रथ मेले का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे में इस जमीन से किसी भी प्रकार का छेड़छाड़ नहीं किया जा सकता है।

### जानें क्या है मामला



मोख्तार अंसारी।

श्री अंसारी ने जानकारी दी कि न्यास समिति की ओर से क्षेत्र की जनता और जन प्रतिनिधियों की बगैर सहमति से तानाशाही रवैये के तहत एकतरफा फैसला लेते हुये मेला परिसर को 41 एकड़ बता अपने चहेते लोगों को देने के लिये निविदा की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इसका चौतरफा विरोध हो रहा है। विस्थापित जन कल्याण समिति आरपार की लड़ाई को तैयार है। बैठकों का सिलसिला जारी है। इसमें आंदोलन की रणनीति बनायी जा रही है।

# इटकी में आंधी-तूफान में उड़ गये घरों के छप्पर, गिरे कई पेड़



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी क्षेत्र में गुरुवार को आयी तेज आंधी व बारिश के साथ ओले गिरने से गर्मी से जहां राहत मिली। वहीं आंधी से कई घरों के एस्बेस्टस शीट उड़ गए और कई वृक्ष गिरे। जानकारी के मुताबिक आंधी से बारीडीह गांव में ताहिर अंसारी का घर के छप्पर में लगे एस्बेस्टस शीट उड़ गया, जबकि बेलचान टोली के पीयूष लकड़ा, दौलेन कुजूर व रानी कुजूर टूरगुरु के नरगिस परवीन व रानीखटंगा के सगीर अंसारी के मकानों का एस्बेस्टस शीट उड़ गया। वहीं आंधी से इटकी सेनेटोरियम के कई पेड़ धराशायी हो गये और डालियां टूट कर 11 हजार वाल्ट लाइन तार पर गिर गयी।

सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LIMITED
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
गोन्दवाना प्लेस, कांके रोड, रांची-834031, झारखण्ड, इंडिया

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है"।

# विस्थापित प्रभावित एकता मंच अब एकता मंच में तब्दील



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** एकता मंच का कार्यकारिणी की बैठक जेहली टांड़ चौक स्थित एकता मंच का कार्यालय में किया गया। बैठक में बताया कि जिसमें विगत 13 मई को कार्यालय में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया था। जिसमें 99 दिनों का धरना प्रदर्शन में विस्थापित प्रभावित एकता मंच के नाम से चल रहा था। जिसे बदलकर एकता मंच कर दिया गया है। एकता मंच का निबंधन सोसाइटी एक्ट के तहत वेलफेयर ट्रस्ट के रूप से हुआ है। साथ ही एकता मंच के सदस्यों ने कहा कि मंचए अबसे एकता मंच के नाम से जाना जायेगाए और इसकी सारी कार्यवाही एकता मंच के द्वारा ही होगी। मौके पर देवलाल गंझू, फागू गंझू, रामप्रीत यादव, लुरका गंझू, मंगलाल गंझू, महावीर गंझू, चैता गंझू, शिवूमहली, ललन सिंह, नसीम अख्तर, वीरेंद्र सिंह, जॉन खलको, हरि प्रजापति, विनोद सिंह, संतोष रजक, योगेश्वर राम, हसन अंसारी मौजूद थे।

# नगड़ी में सरकारी-गैर सरकारी स्कूलों का रिजल्ट शत-प्रतिशत






खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखंड के सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में जैक बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट शत प्रतिशत और शानदार रहा जैक बोर्ड का परीक्षा मिलने और पास होने की खबर से विद्यार्थियों में खुशी की लहर छा गई। नगड़ी हाई स्कूल में इस वर्ष कुल 270 छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा दिया जिसमें बरसा कुमारी 89.4 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर रही। वही अखिलेश कुमार 87.20 प्रतिशत, दीपिका कुमारी, 85.40 प्रतिशत, मोहित कुमार 83.29 प्रतिशत, रोजी परवीन 81.80 प्रतिशत, सादिया परवीन 82.20 प्रतिशत, सुभाष केरकेट्टा 80.40 प्रतिशत, नरगिस परवीन 79.80 प्रतिशत, रीमा खलखो 78.80 प्रतिशत, नीलोफर शाहजादी 78.80 प्रतिशत। मौके प्रधानाध्यापक नंद कुमार ने कहा कि इस वर्ष कुल 270 विद्धार्थियों ने परीक्षा दिया। जिसमें प्रथम स्थान में 199, दूसरे स्थान में 70 और तीसरे स्थान में 01 विद्यार्थी सफल रहे। इन्होंने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हैं वहीं नगड़ी स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल का मैट्रिक का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा।

कार्यालय: जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार
द्वितीय तल्ला, समाहरणालय परिसर, लातेहार
ई मेल –latehar.mdm@gmail.com/mdmltr@yahoo.in

अतिअल्पकालीन निविदा संख्या–एम0डी0एम0–01 / 2023
(जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन कोषांग, लातेहार)
:– आवश्यक सूचना :–

लातेहार जिला अन्तर्गत स्कूल स्टेप डिलीवरी योजना के तहत प्रखण्ड स्तरीय राज्य खाद्य निगम गोदाम से विद्यालयों तक खाद्यान्न (चावल, दाल एवं अन्य सामग्री) पहुँचाने हेतु प्रखण्डवार परिवहन–सह–हथालन अभिकर्त्ता नियुक्ति हेतु दिनांक 12.06.2023 के अपराह्न 03:00 बजे तक जिला के सभी प्रखण्डों के लिये निहित शर्तों के अनुसार निविदा प्राप्त की जायेगी एवं दिनांक 13.06.2023 के अपराह्न 04:00 बजेअपर समाहर्त्ता, लातेहार के कार्यालय प्रकोष्ठ में निविदा खोली जायेगी। निविदा के नियम एवं शर्तें लातेहार जिला के अधिकृत Website :- www.latehar.nic.inएवं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचनापट्ट में देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
लातेहार

PR 298280 Human Resource Developement(23-24).D

झारखण्ड सरकार
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

विषयः– राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देखरेख परिषद् (State Allied and Healthcare Council) के गठन के संबंध में।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वास्थ्य एवं सहयोगी सेवाओं के नियंत्रण, संबंधित संस्थानों के प्रबंधन एवं शिक्षा में गुणवत्ता प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देखरेख वृत्ति आयोग अधिनियम, 2021 (National Commission for Allied and Healthcare Professions Act, 2021) का गठन किया गया है। उक्त अधिनियम की प्रति मंत्रालय के वेबसाईट–https://main.mohfw.gov.in/acts-rules-and-standards-health-sector/acts पर उपलब्ध है।

उक्त अधिनियम की धारा–22 के तहत सभी राज्यों में सहबद्ध और स्वास्थ्य देखरेख परिषद् (State Allied and Healthcare Council) का गठन किया जाना है, जिसमें उक्त अधिनियम में वर्णित श्रेणियों के पेशेवरों को अध्यक्ष एवं सदस्य नामित किया जाना है। इस संबंध में आवश्यक सूचना विभागीय वेबसाईट https://www.jharkhand.gov.in/health पर अपलोड किया गया है।

अतः अनुरोध है कि अध्यक्ष एवं सदस्य नामित किये जाने हेतु अपना आवेदन, बायोडाटा, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं सेवा की उपलब्धियाँ आदि से संबंधित अभिलेख दिनांक 30.05.2023 तक विभागीय कार्यालय अथवा ई–मेल– hlthdept.fdi@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

(सीमा कुमारी उदयपुरी)
सरकार के संयुक्त सचिव

PR298301 (Health Med Edu and Family Welfare)23-24*D

# नामकुम: सीएचसी निर्माण का शिलान्यास

### सांसद-विधायक ने किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** गुरुवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप और सांसद संजय सेठ ने लालखंटगा पंचायत के खरसीदाग में स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर नेताद्वय ने कहा कि खरसीदाग क्षेत्र में 55 लाख रुपए की लागत से एक सौ बेड के स्वास्थ्य उपकेन्द्र के बन जाने से रामपुर,नामकुम और तुपुदाना तक के लोगों को स्वास्थ्य सेवा मिल सकेगी। साथ ही साथ रिंग रोड पर चलने वाले लोग भी लाभान्वित होंगें। कार्यक्रम के बाद विधायक राजेश कच्छप ने कुटियातु पंचायत तथा कोचबोंग गांव में ईसाई कब्रिस्तान की पक्की घेराबंदी निर्माण कार्य की आधारशीला रखी। मौके पर विधायक श्री कच्छप ने कहा कि लोग आगे आएं और योजनाओं को सही तरीके से निर्माण कराएं ताकि उसके निर्माण का लाभ मिल सकें।



### कार्यक्रम में थे मौजूद

मौके पर प्रमुख आशा कच्छप, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, विधायक प्रतिनिधि सतीस पंडा, माधो कच्छप, पूर्व मुखिया रितेश उरांव, अशोक मुंडा, अनिरूद्ध पांडेय, दिनेश प्रमाणिक, पड़हा अध्यक्ष प्रदीप तिर्की, रोजलीन तिर्की, सुशीला भुंटकुंवर, हेमंत होरो, राजेश टोप्पो, गोपाल चौधरी, दिलीप साहु सहित अन्य लोग मौजूद थे।

शपथ पत्र

समक्ष नोटरी पब्लिक
मेदिनीनगर पलामू ।

मैं अजीतेश पांडेय पिता स्व बीरेंद्र कुमार पांडेय उम्र 33 वर्ष लगभग निवास स्थान थाना रोड डाल्टनगंज पोस्ट एवं थाना डाल्टनगंज जिला पलामू राज्य झारखंड शपथ पूर्वक व्यान करता हूं की ....
1. यह की में उपरोक्त नाम व पते का मूल निवासी हूं। 2. यह की दिनक 20 .05.2023 को कचहरी परिसर डाल्टनगंज पलामू में BBA ( BACHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION ) ka मूल सर्टिफिकेट एवं आधार कार्ड कहीं गिरकर खो गया है। जो मेरे बहुत खोजने के बाद भी नही मिला। 3. यह की इस शपथ पत्र पर मेरा ही हस्ताक्षर है । 4. यह की यह शपथ पत्र मैं ( BBA) Bachelor of business administration ka मूल सर्टिफिकेट एवं आधार कार्ड की दूसरी प्रति प्राप्त करने हेतु निष्पादित कर रहा हूं। 5. यह की यह शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है।

JAPIT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology & e-Governance, Govt of Jharkhand)
Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401044, 2401047 email: japit_doit@rediffmail.com

CORRIGENDUM-VII
Selection of System Integrator for Upgradation, Operation and Maintenance of Jharkhand State Data Centre 2.0 (JHSDC 2.0)
Tender Ref No. JAPIT/JH-SDC2.0/01/2023

With reference to the above tender, the Bid submission date has been extended as under:

| SN | Basic requirement | Specific Requirements |
|---|---|---|
| 1 | Last Date of submission of Bids online | 14.06.2023 up to 6:00 PM |
| 2 | Last Date of submission of Tender Fee and EMD off line | 16.06.2023 at 3:00 PM |
| 3 | Date of Opening of Technical Bid | 16.06.2023 at 3:30 PM |
| 4 | Date of Commercial Bid Opening | To be informed later |

Further, it is hereby also informed that the Corrigendum VII can be downloaded from the Jharkhand e-Procurement Portal (https://jharkhandtenders.gov.in)
Note : Other terms and conditions of the RFP will remain same.
PR Ref No. 289890
PR.NO.298267 Information Technology(23-24):D
Sd/- CEO, JAP-IT

# भंडारे के साथ राय बस्ती में रूद्र महायज्ञ संपन्न

### राय बस्ती में शिव मंदिर प्राणप्रतिष्ठा को लेकर हुआ यज्ञ



खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** राय बस्ती में नवनिर्मित शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ का गुरुवार को समापन हो किया गया। पांचवें दिन प्रातः काल से ही देवों के देव महादेव के पारंपरिक पूजन के पश्चात पंचांग पूजनण्मंडप पूजाण सज्जा दानण्गोदानण्स्वर्ण दानण भूमि दान सहित हवन पूजन के साथ यज्ञ की पूणार्हुति की गई। यज्ञ के समापन के उपरांत यजमानो द्वारा यज्ञ के संचालन पुजा पाठ एवं अन्य कार्यों में गुरुकुल बनारस से आए आचार्य एवं ब्राह्मण को विदाई दी गई। यज्ञ पूणार्हुति के पश्चात दोपहर 3 बजे से विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस भंडारे में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। रूद्र महायज्ञ में कांके विधायक समरीलाल हुए शामिल

राय बस्ती स्थित शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय रूद्र महायज्ञ में कांके विधानसभा के विधायक समरी लाल ने यज्ञ स्थल पर पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अतिथियों का यज्ञ स्थल में अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया इस मौके पर यज्ञ आयोजन समिति के द्वारा कांके विधानसभा के विधायक समरी लाल खलारी प्रखंड विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर खलारी प्रखंड भाजपा अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, भाजपा ओबीसी मोर्चा के गणेश यादव प्रदीप ठाकुर रितेश केशरी, इस पांच दिवसीय रूद्र महायज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ आयोजन समिति के समाजसेवी नागेश्वर महतो, गणेश महतो शत्रुधन नायक शंकर सिंह दुर्गा प्रसाद महतो नागेश्वर उर्फ बैगी राजू गुप्ता जगदीश सोनी उदय प्रताप सिंह आदि मौजूद थे।

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

ई-एनआईटी संख्या: एसटी-आरएनसी-एस04-एमआरडीसी-हॉटस्टैंड, दिनांक: 24.05.2023। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का नाम: (1) अनुमोदित सिग्नलिंग इंटरलॉकिंग प्लान (एसआईपी) के अनुसार रांची मंडल में एमयूआरआई तथा जीएजी स्टेशनों पर डुअल वीडीयू सहित ईआई का वार्म स्टैंडबाई से हॉट स्टैंडबाई कॉन्फिगरेशन में क्रमोन्नयन के सम्बन्ध में एस एंड टी कार्य का संपादन। (2) अनुमोदित सिग्नलिंग इंटरलॉकिंग प्लान (एसआईपी) के अनुसार गति बढ़ाने के लिए मूरी यार्ड में दो डायमंड पॉइंट्स एवं क्रॉसिंग को हटाने के सम्बन्ध में एस एंड टी कार्य का संपादन। इसमें शामिल है अनुमोदित सिग्नलिंग इंटरलॉकिंग प्लान (एसआईपी) के अनुसार मूरी स्टेशन की वर्तमान इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम में परिवर्तन/रूपांतरण सहित सभी बाहरी कार्य तथा अंदरूनी कार्य। विज्ञापित मूल्य: ₹ 6,77,69,788.91। जमा बयाना राशि: ₹ 4,88,900। निविदा दस्तावेज की कीमत: शून्य। ई-निविदा बंद होने की तारीख और समय: 19.06.2023 को सुबह 11:00 बजे। बोली शुरू होने की तारीख: 05.06.2023। कार्य निविदा के लिए वेबसाइट का विवरण: www.ireps.gov.in। (PR-204)

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, चतरा

अत्यावश्यक सूचना

एतद द्वारा इस सूचना के माध्यम से संवेदक अग्रिमा इन्फ्रा इंजिनियरिंग प्रा. लि., ग्राम–सिरिया, पो.–पहरिया, पालोजोरी, जिला– देवघर को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा इस प्रमण्डल अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत RCPLWEA (Road) (Batch-I, 2019-20) के पैकेज सं.–JH-02-RCPL-I-CHA-05 के "Construction & Maintenance of Road Dhangadda to Padampur Road, Length- 5.050 KM (Working Length 3.03 KM), Block- Simariya" निर्माण कार्य हेतु एकरानामा किया गया था। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि–31.12.2020 एवं समाप्ति की तिथि–30.06.2021 को थी। परन्तु आपके द्वारा अभी तक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। कार्य पूर्ण करने हेतु आपको लगातार मौखिक एवं लिखित रूप से निर्देश दिया जाता रहा है। इस कार्यालय के पत्रांक– 521, दिनांक– 31.05.2022 एवं प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पत्रांक– 524, दिनांक– 31.05.2022, प्रेस विज्ञप्ति का पत्रांक– 874, दिनांक– 02.09.2022 के द्वारा भी अपूर्ण कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया था। इसके आलोक में आपके द्वारा दिनांक– 14.09.2022 को शपथ–पत्र (Affidavit) अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित किया गया, जिसमें दिनांक– 31.10.2022 तक कार्य पूर्ण करने का आवश्वासन दिया गया था। परन्तु खेद के साथ कहना है कि **सात माह बीत जाने के पश्चात् भी अभी तक कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है।** कार्य के प्रभारी कनीय अभियन्ता श्री सुरेश प्रसाद गुप्ता द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि संवेदक को बार–बार आदेशित किये जाने के बावजूद भी कार्य में कोई रूचि नहीं ली जा रही है।

**आपके कार्य प्रणाली से यह ज्ञात होता है कि कार्यालय को आपके द्वारा गुमराह एवं टाल–मटोल किया जा रहा है तथा उक्त् कार्य को पूर्ण करने की मंशा नहीं है।**

अतः दिनांक– 11.05.2023 को विभागीय समीक्षात्मक बैठक में दिये गये निर्देश के आलोक में दिनांक–31.05.2023 को कनीय अभियंता, श्री सुरेश प्रसाद गुप्ता एवं श्री वीर बहादुर वेंकट सिंह, सहायक अभियंता (PMGSY) की उपस्थिति में आपके द्वारा किये गये कार्य की अंतिम मापी आपके अथवा आपके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के उपस्थिति में ली जायेगी। उपस्थित नहीं होने पर भी अन्तिम मापी ले ली जायेगी, जो आपको मान्य होगा। तदोपरान्त् एकरारनामा की शर्त्तो के अनुसार जमानत की राशि जब्त करते हुए आपको काली सूचि में डालने की कार्रवाई की जाएगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 298347 Rural Work Department(23-24).D

खबर मन्त्र

अभिव्यक्ति

रांची.शुक्रवार.26 मई 2023

epaper.khabarmantra.net

# सेंगोल की स्थापना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को संसद का नवनिर्मित भवन राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस नई संचरना को रिकॉर्ड समय में बनाने के लिए करीब 60,000 श्रमयोगियों ने अपना योगदान दिया है। इस अवसर पर पीएम सभी श्रमयोगियों का सम्मान भी करेंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने जानकारी दी कि इस अवसर पर एक ऐतिहासिक परंपरा पुनर्जीवित होगी. इसके पीछे युगों से जुड़ी हुई एक परंपरा है। इसे तमिल में सेंगोल कहा जाता है और इसका अर्थ संपदा से संपन्न और ऐतिहासिक है. 14 अगस्त 1947 को एक अनोखी घटना हुई थी. इसके 75 साल बाद आज देश के अधिकांश नागरिकों को इसकी जानकारी नहीं है। सेंगोल ने हमारे इतिहास में एक अहम भूमिका निभाई थी. यह सेंगोल सत्ता के हस्तांतरण का प्रतीक बना था। इसकी जानकारी पीएम मोदी को मिली तो गहन जांच करवाई गई। फिर निर्णय लिया गया कि इसे देश के सामने रखना चाहिए. इसके लिए नए संसद भवन के लोकार्पण के दिन को चुना गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को संसद के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करेंगे। लोकसभा तथा राज्यसभा ने पांच अगस्त, 2019 को सरकार से संसद के नए भवन के निर्माण के लिए आग्रह किया था। इसके बाद 10 दिसंबर 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संसद के नए भवन का शिलान्यास किया गया था। नए संसद भवन के लोकसभा कक्ष में 888 सदस्यों के बैठने की व्यवस्था होगी और राज्यसभा में 384 सदस्य बैठ सकेंगे। संयुक्त सत्र के दौरान 1272 सदस्यों के बैठने की व्यवस्था होगी। देश के लिये यह गौरव का क्षण होगा और इस कार्यक्रम का विपक्षी दलों द्वारा बहिष्कार की योजना निंदाजनक है। देश के गौरव को बढ़ाने वाली अपनी संसद का अपना भवन हर भारतीय के लिये गर्व का विषय है।

# संस्कृति बोध

नरेन्द्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने अपनी विदेश नीति में भारतीय संस्कृति का भी समावेश किया है। इसमें सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना है। विश्व शांति का सपना केवल भारतीय चिंतन के माध्यम से ही साकार हो सकता है। नरेन्द्र मोदी ने इसी चिंतन का उद्घोष जी-20 में भी किया है। अन्य देशों की सभ्यताओं के लिए यह विचार दुर्लभ है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के प्रति वैश्विक दृष्टि में परिवर्तन आ चुका है । आज भारत विश्व का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। जलवायु परिवर्तन, युद्ध, आतंकवाद और वैश्विक निर्धनता के विभिन्न पक्षों पर मोदी के सुझाव समाधान करने वाले हैं। सर्वे भवन्तु सुखिनः, ह्यवसुधैव कुटुम्बकम भारतीय दर्शन एवं भारतीय जीवन दृष्टि का प्राण तत्व है । भारतीय दृष्टि धरित्री को भूगोल मानने तक सीमित नहीं है। अपितु यह इसे मां के सदृश मानती है। इसी दृष्टि से भारत की जी-20 की अध्यक्षता को लिया गया। पूर्व में आर्थिक रूप से संपन्न रहे भारत की तस्वीर को वापस लाना होगा। आज मानवता के कल्याण के लिए भारत के पास एक सशक्त नेतृत्व है जिसने नवीकरणीय उर्जा के क्षेत्र से लेकर आर्थिक विकास एवं सामरिक हितों को सशक्त किया है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत न केवल राष्ट्रीय स्तर पर अपना विकास कर रहा, अपितु वसुधैव कुटुंबकम की भावना के अनुरूप संपूर्ण विश्व को एक परिवार मानते हुए सबके साथ सहयोग-भाव लेकर भी चल रहा है। भारत के पास पांच हजार साल की वैभवशाली संस्कृति है जो दुनिया के किसी देश के पास नहीं है। इस संस्कृति की पुर्नस्थापना से ही देश का कल्याण सुनिश्चित हो सकता है। हम दूसरे देशों की नकल न कर अपनी संस्कृति की पुर्नस्थापना कर लें तो हम विश्व शक्ति बन सकते हैं। यह बात पीएम मोदी ने स्थापित करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है।

# पीएम मोदी की ताकत है उनकी कर्मठता





-मुरलीधर

**नरेंद्र** मोदी को प्रधानमंत्री पद की शपथ लिए नौ वर्ष पूरे हो जाएंगे। इस पूरी अवधि के बारे में काफी कुछ कहा जा सकता है लेकिन कुछ बात है जो मोदी को अन्य लोगों से विशेषकर राहुल गांधी से बहुत आगे करती है। पहली, युद्ध। सन 1962-71 के बीच के तीन युद्धों के बाद कोई बड़ा युद्ध नहीं हुआ है। उन तीनों युद्धों की कीमत मुद्रास्फीति, मुद्रा संकट और मंदी के रूप में चुकानी पड़ी थी। मोदी के कार्यकाल में चीन के साथ हुए टकराव ने अर्थव्यवस्था पर असर नहीं डाला। सरकार हालात को लेकर आश्वस्त थी और उसने जीडीपी की तुलना में रक्षा आवंटन कम होने दिया।

दूसरा जोखिम है सूखा, जो मोदी सरकार के शुरूआती दो वर्षों में पड़ा। कृषि क्षेत्र में मूल्यवर्द्धन के बावजूद 2014-16 में कमोबेश कोई वृद्धि नहीं हुई। बाद के वर्षों में से अधिकांश वर्षों में प्रायः 4 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर दर्ज की गई। हालांकि यह वृद्धि ज्यादातर पशुपालन और मत्स्यपालन की बदौलत हासिल हुई, न कि फसली खेती से। तथ्य तो यह है कि कृषि और संबद्ध गतिविधियों में खेती की हिस्सेदारी और जीडीपी में भी कृषि की हिस्सेदारी कम हुई है। ऐसे में आर्थिक गतिविधियों पर सूखे का असर भी पहले जैसा नहीं रहा। सूखे वाले दो वर्षों में औसतन 7.5 फीसदी की आर्थिक वृद्धि दर्ज की गई जो मोदी के कार्यकाल के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में से है।

अतीत में अर्थव्यवस्था को बेपटरी करने वाला तीसरा कारक था तेल। तेल की बढ़ती कीमतों के कारण सन 1981 और 1991 में दो बार (इससे पहले 1966 में युद्ध के बाद) देश को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से आपातकालीन ऋण लेना पड़ा। तेल कीमतों के कारण ही सन 2013 में देश को उन पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल किया गया था जो अपने विकास के लिए विदेशी पूंजी पर कुछ ज्यादा ही निर्भर थे। मोदी पर तकदीर मेहरबान रही क्योंकि उनके पद संभालते ही तेल कीमतों में भारी कमी आई। उनके पद संभालने के पहले के दो वर्षों में यह दर जहां 110 डॉलर प्रति बैरल थी, वहीं तब से यह दर 60-70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास है। इससे कारोबारी संतुलन सुधरा, मुद्रास्फीति में कमी आई और सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों पर कर बढ़ाकर काफी नकदी बटोरी।

मोदी की ताकत क्या है? यह है उनकी ईमानदार छवि। कर्मठता। अब तक विपक्ष कोई भी भ्रष्टाचार मोदी या उनके मंत्रियों के उपर सिद्ध नहीं कर सका है। दूसरा खतरनाक मानसिकता भारतीय जनमानस का है जो ज्यादा इंतजार नहीं करता साथ ही विकास पर राजनीति सिर्फ कहने की बात है हर दल आज भी धर्म और जाति संप्रदाय की राजनीति ही कर रहा है ऐसे में मोदी का एजेंडा आज भी उतना ही मजबूत है।

क्या मोदी इससे उबर सकते हैं? हां, अगर वे यह दिखाते हैं कि वे केबिन में छिपकर मशविरा देने के बजाय जहाज को तूफान से निकाल सकते हैं। निर्णय तेज लेने के साथ एक राजनीतिक चतुराई दिखानी होगी जिसमें सभी को साथ लेकर चलने की स्थिति दिखनी चाहिए। सत्ता को ऐन-केन प्रकारेन हासिल करने का उनका सपना पश्चिम बंगाल की चुनाव में टूट चुका है और इसके पहले भी जहां हमारे क्षेत्रप मजबूत हैं वहां मोदी को शिकस्त ही मिली है। उनके पास मजबूत क्षेत्रिय नेताओं का अभाव है। इसका यह अर्थ नहीं की लोकसभा चुनाव में मोदी कमजोर पड़ रहें हैं।

2024 के लोकसभा के चुनाव में मुद्दा बेरोजगारी और महंगाई ही होगा लेकिन दस साल की सरकार से उम्मीद और नाउम्मीदगी के बीच यह चुनाव भारतीय जनमानस की होशियारी और एकजुटता की परीक्षा भी होगी।

ऐसा नहीं है कि मोदी की लोकप्रियता बनी ही रहेगी लेकिन जिन उम्मीदों को लेकर वे पीएम बने उसे पूरा करने का प्रयास ही उनके जीवन राजनीतिक सार्थकता की बेहतरीन पारी होगी। वैसे भारतीय राजनीति में मोदीकीक लोकप्रियता कम होने वाली नहीं है इसे आप चुनावी जीत-हार से नहीं जोड़ सकते हैं। ठीक एक वर्ष बाद 2024 के मई में फिर से एक सरकार बनेगी भारतीय लोकतंत्र मजबूत होगा। तय है कर्नाटक के हार का इस चुनाव पर कोई असर नहीं होगा। लोकप्रियता और विश्वसनीयता दो बात है और दोनों में पीएम मोदी अपनी पूरी टीम के साथ मेरे कहने का आशय केन्द्रीय मंत्रीमडंल से है पूरी तरह फिट हैं। कुछ बिंदुओं पर हम चर्चा कर सकते हैं कि जिन 225 लोकसभा सीटों पर भाजपा और कांग्रेस में सीधी टक्कर होगी वहां क्या होगा?

नीतीश कुमार जैसे क्षेत्रप जो अपने राज्य में दस लोकसभा की सीट नहीं जीत सकते उनपर आम लोग राष्ट्रीय स्तर पर कितना भरोसा करेंगे?

छोटे क्षेत्रिय दलों के गठबंधन का मुखिया कांग्रेस होगी जिसका कई राज्यों में क्षेत्रिय दलों से टक्कर है ऐसे में कांग्रेस अपने को सिमटाने का जोखिम ले सकती है? बिहार, यूपी, बंगाल, तमिलनाडु, राजस्थान सहित एक भी राज्य ऐसा नहीं है जहां कांग्रेस लोकसभा में बहुत बेहतर कर सकती है? यह आज की स्थिति के अनुसारआकलन है।

आम लोगों की सोच और कैडर के वोट के अतिरिक्त स्विंग वोट से ही भारतीय लोकतंत्र में चुनाव में परिवर्तन होता है जैसा कर्नाटक में हुआ। जेडीएस की पांच फीसदी वोट से ही कांग्रेस का बेड़ा पार हो गया। क्या ऐसी संभावना लोकसभा के चुनाव में बनते दिख रहा है।

आज भी शहरी मध्य वर्ग और युवा मोदी और भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में हैं। केन्द्र सरकार महंगाई और सुरक्षा के मोर्चे पर बेतहर काम कर रही है। विगत एक दशक में जो परिवर्तन आया है उसमें लोक सभा चुनाव में आम लोग राष्ट्रीय विषयों, राष्ट्रवाद, अल्पसंख्यक सुरक्षा, रोजगार सहित गंभीर विषयों पर चिंतन करने लगे हैं। अगर भारतीय जन मानस क्षेत्रपों की खिचड़ी से उबे जिसकी संभावना अधिक है तो 2024 में आम जनता की राय केन्द्र की मजबूत, टिकाउ और भ्रष्टाचार मुक्त सरकार के पक्ष में ही जायेगी। भारतीय लोकतंत्र में चन्द्र बाबू नायडू, नीतीश कुमार, केजरीवाल, शरद पवार सहित क्षेत्रपों को अवसर देने का जोखिम शायद भारतीय जनमानस न उठाये जो बहुत मुखर होकर सोचती है और वोट करती है।

> मोदी की ताकत क्या है? यह है उनकी ईमानदार छवि। कर्मठता। अब तक विपक्ष कोई भी भ्रष्टाचार मोदी या उनके मंत्रियों के उपर सिद्ध नहीं कर सका है। दूसरा खतरनाक मानसिकता भारतीय जनमानस का है जो ज्यादा इंतजार नहीं करती साथ ही विकास पर राजनीति सिर्फ कहने की बात है हर दल आज भी धर्म और जाति संप्रदाय की राजनीति ही कर रहा है ऐसे में मोदी का एजेंडा आज भी उतना ही मजबूत है।

## खास बात

### सुभ्रांसु खास है क्यों?

**सीए रंजीत सिंह**

**सामान्य** तौर पर माध्यमिक परीक्षा में उच्च अंक लाने वाले छात्र इंजीनियर, मेडिकल और सिविल सर्विस में जाने की इच्छा रखते हैं लेकिन वैन चालक के बेटे हैं उच्च माध्यमिक में टॉप करने वाले सुभ्रांशु, बनना चाहते हैं अर्थशास्त्री। पश्चिम बंगाल उच्च माध्यमिक परीक्षा में 498 नंबर हासिल कर टॉप करने वाले नरेंद्रपुर रामकृष्ण मिशन के छात्र शुभ्रांशु सरदार के पिता पिकअप वाहन चलाते हैं। तीन चक्का वाहन के चालक के बेटे ने परिणाम घोषित होने के बाद मीडियाकर्मियों को बताया कि वह दिन में महज चार घंटे पढ़ाई करते थे। सुभ्रांशु की भविष्य में अर्थशास्त्री बनने की इच्छा है। दक्षिण 24 परगना के बजबज के रहने वाले सुभ्रांशु ने यह भी बताया कि उन्हें किताबें पढ़ना और गीत गाना भी बेहद पसंद है। मिशन के दोस्तों के साथ उनका "जोनाकी" नाम का बैंड भी है। वह एक बार मुख्य गायक थे। परिणाम प्रकाशित होने के बाद उन्होंने "बंधु तोमे ए सोंग शोनाब बिकेलबेलया" गाया।

शुभ्रांशु का मानना है कि प्रतिस्पर्धा के बिना अच्छे परिणाम प्राप्त नहीं किए जा सकते। शुभ्रांशु का पसंदीदा स्थान स्कूल का पुस्तकालय था, जहां वे अपना अधिकांश समय व्यतीत करते थे। हायर सेकेंडरी में प्रथम आए शुभ्रांशु सरदार का मानना है कि छह विषयों के लिए चार घंटे काफी हैं। शुभ्रांशु के पापा श्री व्हीलर पिकअप वैन चलाते हैं। मां गृहिणी हैं। शुभ्रांशु के माता-पिता को पहले ही उम्मीद थी कि उनके बेटे का रिजल्ट अच्छा आएगा। शुभ्रांशु की मां ने कहा कि वह पूजा में कपड़ों की जगह किताबों को उपहार के तौर पर तरजीह देती हैं।

आखिर एक अर्थशास्त्री बनने की बात खास क्यों है? आज की तारीख में देश ही नहीं पूरी दुनिया में अर्थशास्त्री की भारी कमी है। चाहे किसी भी देश की बात हो अर्थशास्त्र से ही देश चलता है। 1991 में भारतीय मंदी से देश को एक अर्थशास्त्री वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने निकाला जो बाद में देश का प्रधानमंत्री भी बने। आज दुनिया में अर्थशास्त्र के जानकारों की सबसे अधिक मांग है विशेषकर विश्व बैंक, डब्लूटीओ जैसे संस्थानों में अतंरराष्ट्रीय संस्थानों में है।

# असाधारण कार्य

## विचार-प्रवाह

**-ललित गर्ग -**

**भले** ही गणिजी आज सफल शख्सियतों में शुमार किये जाते हों, लेकिन आदिवासी जीवन ने उन्हें कई थपेड़े दिये, कई बदरंग जीवन की तस्वीरों से बार-बार रू-ब-रू कराया और इन थपेड़े एवं भौंथरी तस्वीरों ने उन्हें झकझोरा भी - जीवन को हिला भी दिया।

गणि राजेन्द्र विजय एक ऐसा व्यक्तित्व है जिसने एक बार फिर साबित किया है कि जो खराब हालात में धैर्य, लगन, आत्मविश्वास, दृढ़ संकल्प के साथ खुद को बुलन्द रखता है, उसके रास्ते से बाधाएं हटती ही है और संभावनाओं का उजाला होता ही है। चुनौतीभरे रास्तों में आदिवासी उत्थान के प्रतीक बनने वाले गणिजी का व्यक्तित्व आध्यात्मिक विकास और नैतिक उत्थान के प्रयत्न में तपकर और अधिक निखरा है। वे आदिवासी जनजीवन के उत्थान और उन्नयन के लिये लम्बे समय से प्रयासरत हैं और विशेषतः आदिवासी जनजीवन में शिक्षा की योजनाओं को लेकर जागरूक हैं, इसके लिये सर्वसुविधयुक्त एकलव्य आवासीय मॉडल विद्यालय का निर्माण उनके प्रयत्नों से हुआ है, वहीं कन्या शिक्षा के लिये वे ब्राह्मी सुन्दरी कन्या छात्रावास का कुशलतापूर्वक संचालन कर रहे हैं। इसी आदिवासी अंचल में जहां जीवदया की दृष्टि से गौशाला का संचालित है तो चिकित्सा और सेवा के लिये चलयमान चिकित्सालय भी अपनी उल्लेखनीय सेवाएं दे रहा है। आदिवासी किसानों को समृद्ध बनाने एवं उनके जीवन स्तर को उन्नत बनाने के लिये उन्होंने आदिवासी क्षेत्र में सुखी परिवार ग्रामोद्योग को स्थापित किया है। वे आदिवासी अधिकारों के लिये व्यापक संघर्ष कर रहे हैं।

## आपके ट्वीट

**बेहद** खुशी और गर्व की बात है कि यूपीएससी की परीक्षा में टॉप 4 रैंक लड़कियों की है। सेना हो या सिविल सर्विस, आईटी हो या एकेडेमिक्स, हमारी बहनें हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। टॉपर इशिता किशोर, गरिमा लोहिया, उमा हरति एन और स्मृति मिश्रा समेत परीक्षा पास करने वाले सभी को बधाई।

**-प्रियंका गांधी बडेरा, कांग्रेस**

**झारखण्ड** के लिए ऐतिहासिक पल! आज माननीय राष्ट्रपति आदरणीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी के कर कमलों द्वारा माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय के नव निर्मित भवन का उद्घाटन हो रहा है।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**सिडनी** आस्ट्रेलिया में भारत माता की जय जयकार न भूतो न भविष्यति, प्रेम स्नेह और अपार ऊर्जा से समाहित ये स्वागत, भारतीय समुदाय के साथ संबोधन कार्यक्रम में आस्ट्रेलियाई पीएम के साथ श्री मोदी जी

**-सुधांशु द्विवेदी भाजपा**

# ताबूत बने मिग 21 लड़ाकू विमान !

## रक्षा

**रमेश सर्राफ धमोरा**

भारतीय वायुसेना ने अपने लड़ाकू विमान मिग-21 के पूरे बेड़े की उड़ान पर अस्थाई तौर पर रोक लगा दी है। लगातार हो रहे हादसों को देखते हुए ऐसा फैसला लिया गया है। राजस्थान में सूरतगढ़ के पास आठ मई को एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान एक मिग-21 एयरक्राफ्ट क्रैश होकर आबादी क्षेत्र के मकानों पर गिर गया था। उस हादसे में तीन महिलाओं की जान चली गई थी। वायुसेना ने इनकी उड़ान को तब तक के लिए रोक दिया है जब तक कि इस हादसे की जांच पूरी नहीं हो जाती ।

अब तो लोग इन्हें मौत के उड़ते ताबूत तक कहने लगे हैं। कुछ लोग इनको फ्लाइंग कॉफिन और विडो मेकर पुकारने लगे हैं। इनको स्थायी रूप से सेना से बाहर करने की मांग होती रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इंडियन एयरफोर्स के 400 से ज्यादा मिग-21 विमान पिछले 60 साल में दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। इनमें 200 से अधिक पायलटों और 63 नागरिकों की जान जा चुकी है। अभी वायुसेना के पास मिग-21 बाइसन की तीन स्क्वाड्रन हैं। इन्हे 2025 की शुरूआत में चरणबद्ध तरीके से वायुसेना से हटाया जाएगा।

मिग-21 को 1960 के दशक में भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया था। एक जमाने में ये दुनिया के सबसे ताकतवर फाइटर प्लेन में शामिल था। इसकी तेज रफ्तार और मारक क्षमता के आगे अमेरिका जैसे देश भी डरते थे। ये इकलौता ऐसा फाइटर प्लेन है जिसे दुनियाभर के 60 से ज्यादा देशों में इस्तेमाल किया गया है। अब तक इस लड़ाकू विमान की 11 हजार 496 यूनिट का निर्माण किया जा चुका है। मिग-21 विमानन इतिहास का पहला सुपरसोनिक जेट विमान है। सत्तर के दशक में यह दुनिया में सबसे ज्यादा बिकने वाला फाइटर प्लेन था।

मिग-21 वही फाइटर प्लेन है जिससे भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन ने पाकिस्तान के लड़ाकू विमान एफ-16 को मार गिराया था। हालांकि उनका मिग 21 क्रैश हो गया था। इसके अलावा पाकिस्तान के साथ हुए 1971 और 1999 के कारगिल युद्ध में भी मिग-21 ने अहम भूमिका निभाई है। मिग-21 बाइसन फाइटर जेट अब केवल इंटरसेप्टर के रूप में उपयोग किए जा रहे हैं। इनका उपयोग लड़ाकू जेट के रूप में सीमित भूमिका के साथ ज्यादातर प्रशिक्षण अभ्यास के लिए किया जाता है। ये विमान एयरक्राफ्ट शॉर्ट रेंज और मीडियम रेंज एयरक्राफ्ट मिसाइलों से हमला करने में सक्षम है। इस लड़ाकू विमान की स्पीड 2229 किलोमीटर प्रति घंटा की है।

मिग 21 लडाकू विमान को बनाने वाली सोवियत वायुसेना ने इसे 1985 में ही अपनी वायुसेना से हटा दिया था। 1985 के बाद बांग्लादेश और अफगानिस्तान ने भी इसे सेवा से हटा दिया था। भारत में भी 1990 के दशक के मध्य में इनकी सेवानिवृत्ति की अवधि पूरी हो गई थी। इसके बावजूद इनका उन्नयन किया जाता रहा है। अक्टूबर 2014 में तत्कालीन वायुसेना प्रमुख ने कहा था कि पुराने विमानों को सेवा से हटाने में देरी से भारत की सुरक्षा को खतरा है, क्योंकि वायुसेना बेड़े के कुछ विमान बहुत पुराने हो गए हैं।

नए लड़ाकू विमानों को शामिल करने में देरी के कारण भारतीय वायुसेना को मिग 21 विमानों को लंबे समय तक सेवा में रखना पड़ा। देरी का मुख्य कारण वायुसेना को भारत के आसमान की रक्षा के लिए एक निश्चित संख्या में स्क्वाड्रन ताकत बनाए रखने की कमी का सामना करना पड़ रहा है। स्वदेशी तेजस कार्यक्रम में देरी, राफेल सौदे को लेकर राजनीतिक विवाद और धीमी गति वाली खरीद प्रक्रिया के कारण ही मिग 21 को सामान्य से अधिक समय तक सेवा में रखना पड़ रहा है।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### बेरोजगारी की चुनौती

**एक** रिपोर्ट के मुताबिक रोजगार गंवाने वालों में 60 फीसदी लोग ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े हैं। भारतीय कामगारों की काम करने की अधिकतम अवधि 7 से 8 घंटे की होती है लेकिन घर से काम करने को अवधि की कोई तय सीमा सुनिश्चित नहीं है। इससे मानसिक तनाव में बढ़ोतरी और बीमारियों के शिकार होने का खतरा बने रहने का डर है।

**-संदीप वत्स, चंडीगढ़**

### कारगर भी हो

**आयुष्मान** भारत योजना चलाकर काफी सराहनीय काम किया था। योजना को शुरू करने से पहले सरकार को देश में सरकारी अस्पतालों की गिनती बढ़ाने, आधुनिक सुविधाओं से लैस करने और डॉक्टरों की गिनती बढ़ाने के उपाय करने चाहिए। हाल ही में विजिलेंस ब्यूरो ने पंजाब में कुछ जगहों पर इस योजना से संबंधित कुछ चेहरों बेनकाब किया है। सरकार को पारदर्शी कदम भी उठाने होंगे। **- राजेश, रांची**

# उस योद्धा का एहसान कैसे भूलेगा देश

## संस्मरण

**आर के सिन्हा**

**अंधकार** और अवसाद के इस दौर में देश ने अपने कई महत्वपूर्ण नायकों-योद्धाओं को कोरोना संक्रमण के कारण खोया है। उनमें जेके दत्त भी शामिल हैं। जब भी मुंबई में साल 2008 में हुए भीषण आतंकी हमलों की चर्चा होगी तो दत्त साहब का नाम तो जरूर याद आएगा। उन्हीं की देखरेख में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) ने पाकिस्तान से आए आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा था। वे तब एनएसजी के महानिदेशक थे।

दरअसल 26 नवंबर 2008 को पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों ने समुद्री मार्ग से मुंबई में प्रवेश किया और मुंबई में कई स्थानों पर अचानक हमला कर दिया। 28 नवंबर तक ताज होटल को छोड़कर सभी हमले किये गए स्थलों को सुरक्षा बलों ने अपने कब्जे में ले लिया था। अगले दिन, एनएसजी कमांडो ने होटल में प्रवेश किया और आतंकवादियों को मार गिराया। यह सब दत्त साहब की कुशल निगरानी में ही हो रहा था। वे खुद सारे आपरेशन को पल पल देख रहे थे। वे बेहद निर्भीक और बहादुर पुलिस अफसर होने के साथ-साथ एक कुशल रणनीतिकार भी थे।

1971 बैच के बंगाल कैडर के आईपीएस अधिकारी, जेके दत्त ने 2006 से 2009 तक एनएसजी के प्रमुख के रूप में कार्य किया था। वह केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के संयुक्त निदेशक भी रहे थे। वे जिस पद पर भी रहे वहां उन्होंने बेहतरीन तरीके से अपने कार्यभार को अंजाम दिया। उनका लंबा करियर बेदाग रहा। दत्त साहब एयर कंडीशन कमरों में बैठकर रणनीति बनाने वाले पुलिस अफसरों में से नहीं थे। वे तो मौकों पर खुद भी जाते थे। वे आतंकियों- अपराधियों से बेवजह सस्ती लोकप्रियता हेतु खुद दो-दो हाथ करने वाले अफसरों में नहीं थे। इसलिए उनके मताहत काम करने वाले अफसर और दूसरे कर्मी उन्हें सम्मान की नजरों से देखते थे। दत्त साहब ने अपने करियर के दौरान कभी किसी को भाई बंदी करके गलत तरीके से फेवर नहीं किया। उनका सारा जीवन ईमानदारी और पारदर्शिता की शानदार मिसाल रहा। वे उन अफसरो में भी नहीं थे जो मीडिया की सुर्खिया बटोरने की फिराक में रहते हैं। वे सरकारी सेवा से रिटायर होने के बाद भी मीडिया को इंटरव्यू आदि देने से बचते रहे।

दरअसल होता यह है कि पुलिस और अर्ध सैनिक बलों के अफसरों और जवानों को उनकी अनुकरणीय सेवाओं के लिए याद नहीं किया जाता। यह मानसिकता तो सही नहीं है। हालांकि उन पर कोई भी अधकचरे आरोप लगा देता है। पंजाब में 80 और 90 के दशकों में जब सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई चालू की तो कथित मानवाधिकारवादियों ने हल्ला करना शुरू कर दिया था। वे यह कहने लगे कि पंजाब में मासूमों का कत्ल हो रहा है। सुरक्षा बल यदि किसी मुठभेड़ में किसी आतंकी को मार गिराएं तो उन मानवाधिकारियों के हिसाब से तुरंत मानवाधिकार का उल्लंघन हो जाता है। लेकिन, जब मुठभेड़ में जब कोई सुरक्षाकर्मी शहीद हो जाए तो ये चुप लगाये रहते हैं। गोया मानवाधिकार सिर्फ दहशहतगर्दों का ही होता है। मानवाधिकारों के हनन को लेकर कश्मीर में तैनात सुरक्षा बल तथाकथित मानवाधिकार संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं के निशाने पर रहे हैं।

पर आज तक दुनिया के किसी मानवाधिकारवादी संगठन ने यह नहीं कहा कि सुरक्षाकर्मी भी मानव हैं। उनके भी मानवाधिकार हैं। क्या पुलिस कर्मी /सैनिकों के कोई मानवाधिकार नहीं हैं?

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### नगर परिषद और कोर्ट मिनी वाटर एटीएम का डीसी ने किया उद्घाटन



रामगढ़। नगर परिषद, रामगढ़ द्वारा व्यवहार न्यायालय परिसर, रामगढ़ में लगाए गए मिनी वाटर एटीएम का गुरुवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने उद्घाटन किया। इस दौरान उपायुक्त ने मिनी वाटर एटीएम की विशेषताओं की जानकारी लेने के उपरांत वाटर एटीएम का सफल संचालन कर जिलेवासियों को इससे लाभान्वित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गौरतलब है कि व्यवहार न्यायालय परिसर में मिनी वाटर एटीएम लगाए जाने के उपरांत आम जनों को 3 रूपए में 500 मिलीलीटर, 5 रूपए में 1 लीटर तथा 7 रूपए में 2 लीटर की दर से पेयजल उपलब्ध होगा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन, नगर प्रबंधक नगर परिषद, रामगढ़ प्रीतम कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### सतीश सिन्हा ने अस्पताल का किया निरीक्षण

भुरकुंडा (रामगढ़)। अखिल झारखंड कोयला श्रर्मिक संघ के महासचिव सह सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य सतीश सिन्हा ने गुरूवार को सीसीएल आदर्श क्षेत्रिय अस्पताल भुरकुंडा का दौरा किया। इस दौरान सतीश सिन्हा ने अस्पताल में बने एसी कैंटिन सहित बिजली, पानी आदि दिये जाने वाले अन्य सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। जिसमें कई खामियां पाई गई। इतनी गर्मी में भी एक्सरे रूम में पंखा का काम न करना व पानी की भी समुचित व्यवस्था न होना आदि कमियां पाई गई। मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि आने वाले समय में यह केंटीन मजदूरों को कई सुविधा प्रदान करेगी। किसी भी हाल में अस्पताल में कमियां बर्दाशत नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि मरीजों का हित सर्वोपरि है, इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता। मौके पर बरका-सयाल क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी ड.एचके सिंह, ड.नदीम, क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा, क्षेत्रीय सह सचिव सनी कुमार सिंह, शेखर सरकार, राजेंद्र उरांव, गणेश राम, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

### सात स्थायी समिति का हुआ गठन

भुरकुंडा (रामगढ़)। बुधबाजार दोतल्ली पंचायत सचिवालय में कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से सामान्य प्रशासन समिति, विकास समिति, महिला, शिशु एवं सामाजिक कल्याण समिति, स्वास्थ्य शिक्षा एवं पर्यावरण समिति, ग्राम रक्षा समिति, सार्वजनिक संपदा समिति एवं अधोसंरचना समिति का गठन किया गया। मौके पर मुखिया सत्यवंती देवी ने बताया कि उक्त समितियों का गठन झारखंड पंचायत राज अधिनियम 2001 की धारा 71 में ग्राम पंचायत के अस्थाई समिति का गठन करने का प्रावधान है। इन समितियों के गठन से ग्राम पंचायत के वार्ड सदस्यों की जिम्मेवारी तथा जवाबदेही बढ़ जाएगी। यह अपने कर्तव्यों का निर्वहन शत-प्रतिशत कर सकेंगे। जिससे ग्राम पंचायत का सर्वांगीण विकास में काफी सहयोग मिलेगा। उन्होंने बताया कि सभी 7 समितियों में अध्यक्ष मुखिया एवं उपाध्यक्ष उप मुखिया तथा सदस्य के रूप में 3-3 वार्ड सदस्य सभी समितियों में चुने गए हैं। मुखिया ने कहा कि सात स्थाई समितियों के गठन से विकास कार्य को गति मिलेगी। मौके पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, पंचायत सचिव नरेश हजाम, उप मुखिया प्रशांत कुमार, वार्ड सदस्य वीणा देवी, रेणुका देवी, शकुंतला देवी, अनीता देवी, पुष्पा सिन्हा, नीतू सिन्हा, दयामुनी मुर्मू, सहजाद हुसैन एवं प्रज्ञा केंद्र संचालक विनय कुमार, शेरोफिना एक्का, इम्तियाज अहमद, संजीदा खातून, मनीष बक्सी आदि मौजूद थे।

### जेएसपी फांउडेशन ने लगाया नेत्र कैंप



भुरकुंडा (रामगढ़)। जेएसपी फांउडेशन पतरातु एवं साईट सेवर्स अंतराष्ट्रीय एनजीओ के सयुक्त तत्वाधान में गुरूवार को जेएसपी कैम्पस स्थित ट्रेनिंग सेंटर में नेत्र स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आसपास के पन्द्रह गांव की आंगनवाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया, स्वयं सहायता समूह की 45 महिलाओ ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन जेएसपी फांउडेशन पतरातु के रवि निवास ने किया। साईट सेवर्स रामगढ़ के प्रतिनिधि अभिजित कुमार ने सभी प्रतिभागियों को नेत्र से संबंधित सभी बीमारियों तथा उपचार की जानकारी दी। इस दौरान भारत सरकार के स्वास्थ मंत्रालय द्वारा मोतियाबिंद निःशुल्क ऑपरेशन की जानकारी भी दी गई। बताया गया कि जेएसपी फांउडेशन पतरातु द्वारा चलाए जा रहे इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ सेंटर के मध्यम से नेत्र स्वास्थ्य संबंधित जानकारी ली जा सकती है।

### अवैध खनन को लेकर डीसी ने की बैठक

रामगढ़। अवैध खनन के विरुद्ध हो रहे कार्यों को लेकर गुरूवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनक टास्क फोर्स की बैठक हुई।बैठक के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने वैसी एजेंसिया जिनके द्वारा नियमित रूप से खनन संबंधित प्रतिवेदन नहीं उपलब्ध कराया जा रहा है उनके महाप्रबंधकों सहित अन्य अधिकारियों को ससमय प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अवैध मुहानों से हो रहे खनन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न एजेंसियों के महाप्रबंधकों एवं जिला खनन पदाधिकारी को इस पर विशेष ध्यान देते हुए मुहानों को बंद करने का कार्य सही तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया । उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर आवश्यक जांच अभियान चलाने एवं अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु की गई कार्रवाई एवं प्राथमिकी दर्ज संबंधित प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।। पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने सभी थाना प्रभारियों को उनके उनके क्षेत्रों में सजग रहकर साइकिल से हो रहे कोयले के अवैध परिवहन पर विशेष ध्यान देने एवं नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।वैसे स्थान जहाँ अवैध रूप से कोयला को एकत्रित किया जा रहा है उसे चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# सुखाड़ राहत योजना की राशि का जल्द करें भुगतान

## डीसी ने कृषि,पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की समीक्षा, दिया निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। कृषि, पशुपालन, बागवानी, आत्मा आदि विभागों की समीक्षा बैठक उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में किसानों, पशुपालकों सहित अन्य कृषि आधारित गतिविधियों के माध्यम से संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने कृषि व संलग्न क्षेत्र के माध्यम से किसानों को विभाग से जोड़ कर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने सुखाड़ राहत योजना की राशि भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया।

पशुपालन अधिकारी को पशुओं के सप्लायर को जिला में सही गुणवत्ता और तय मानक वाला पशु उपलब्ध कराने के लिए पहल करने का निर्देश दिया। बागवानी विभाग को मानसून से पूर्व समाहरणालय, परिसदन, सरकारी आवास आदि सरकारी भवन परिसर में अर्बन फार्मिंग योजना के तहत फलदार, औषधीय पौधा का रोपण कराने को कहा। उपायुक्त ने आत्मा को गोबरधन योजना के तहत अपशिष्ट प्रबंधन के लिए गोबर व बायो गैस योजना के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए वर्कशॉप आदि कराने का निर्देश दिया। मोऐ अनाज की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों का चयन कर उत्तम किस्म ऐ बीज वितरण के लिए पूर्व से तैयारी कर लेने का निर्देश दिया। साथ ही डीएमएफटी मद से दी गई योजना की निरंतर मॉनिटरिंग कर योजना की सफलता सुनिश्चित करने को कहा।

# बड़काकाना में एक करोड़ का नशीला पदार्थ बरामद

## एटीएस ने दो महिला समेत को तीन तस्करों को दबोचा




खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़, रांची। आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) रांची की टीम ने गुरूवार को एक करोड़ रुपए मूल्य का ब्राउन शूगर जब्त किया है। एटीएस ने यह कार्रवाई रामगढ़ जिले के बड़काकाना में की है। एटीएस की टीम ने ब्राउन शूगर के साथ दो महिला को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बिहार के बक्सर जिले के लालबाबू चौबे, पश्चिम बंगाल की मीरा चौधरी और पार्वती देवी शामिल है। एटीएस ने जीआरपी के माध्यम से लगभग 1140 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद किया है।

एटीएस की टीम ने गिरफ्तार हुए लोगों के पास से एम्फैटेमिन पाउडर 750 ग्राम, ब्राउन शुगर 45 ग्राम लगभग, हेरोइन मिक्स क्रिस्टल को स्थानीय रूप से क्रिस्टल कहा जाता है। कट लगभग 350 ग्राम शामिल है। बरामद हुए नशीला पदार्थ की कीमत करीब एक करोड़ बताई जा रही है। इसके अलावा इन लोगों के पास से चार मोबाइल फोन, दस हजार रुपया और यात्रा टिकट बरामद किया गया। एम्फैटेमिन पाउडर इससे पहली बार तमिलनाडु की पुलिस ने बरामद किया था। इसके बाद झारखंड एटीएस ने इसे बरामद किया है।

**55 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार :** इधर पश्चिमी सिंहभूम जिले में पुलिस ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सुपलसाई गांव में 55 पुड़िया ब्राउन शूगर के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। सदर एसडीपीओ दिलीप खालखो ने बताया कि अपराधियों के पास से नशे के सामान के साथ-साथ हथियार इनके पास से 55 पुड़िया ब्राउन शुगर, दो मोबाइल फोन, एक स्कूटी, एक देसी कप्ता, एक जिंदा



### भुरकुंडा में वैश्य मोर्चा का सम्मेलन 7 जून को

भुरकुंडा (रामगढ़)। झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के केंद्रीय पदाधिकारियों, सदस्यों, जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, प्रकोष्ठ संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आगामी 7 जून को भुरकुंडा में एक दिवसीय सम्मेलन आहुत की गई है। उक्त जानकारी देते हुए वैश्य मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मुकेशलाल सिंदूरिया, उपाध्यक्ष अशोक साव एवं महासचिव भुनेश्वर साव ने बताया कि यह सम्मेलन केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु की देख-रेख एवं नेतृत्व में आयोजित की जायेगी। सम्मेलन में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, छोटे व्यवसायियों-दुकानदारों की 10 लाख रूपये तक की ऋण माफी, वैश्य समाज के ऊपर हो रहे हमलों, 6 जुलाई को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले महाधरना की तैयारी सहित जिला संगठन विस्तार पर चर्चा की जायेगी। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया जायेगा। बताया गया कि सम्मेलन की तैयारी को लेकर 26 मई को सुबह साढ़े दस बजे भुरकुंडा के जवाहर नगर स्थित केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु के आवास में प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक होगी।

### गैराज से 30 हजार के समान की चोरी



भुरकुंडा (रामगढ़)। ओपी क्षेत्र के भुरकुंडा पेट्रोप पंप समीप जीसू हीरो होंडा गैराज से बीती रात्रि चोरो ने एस्बेस्ट्स सीट तोड़ लगभग 30 हजार रुपए लागत के पार्टस की चोरी कर ली है। इसमें कलच प्लेट, चैन स्पोकेट, केवल, पिस्टन, मोबील आदि समान शामिल है। जानकारी के अनुसार गैराज के मालिक जीसू सिंह ने गुरूवार की सुबह दुकान खोला तो देखा कि एस्बेस्ट्स सीट तोड़कर चोरो ने कई समानो की चोरी कर ली है। चोरी की सूचना जीसू सिंह ने भुरकुंडा ओपी में दी है।

## 27 को होगा शहीद संदीप पाल के स्मारक लोकार्पण



हजारीबाग। 27 मई 2022 को लद्दाख के तुरतुक सेक्टर में हुए सड़क दुर्घटना में 7 जवानों की जान चली गई थी। इसमें हजारीबाग खेल गांव निवासी 32 वर्षीय संदीप कुमार पाल भी दुर्घटना के शिकार हो गए थे। जिसके बाद से ही संदीप कुमार पाल के नाम स्मारक बनाने की मांग हजारीबाग के जनता द्वारा की जा रही थी। परंतु सरकार एवं प्रशासन के ढीले रवैए से जनता के बीच काफी रोष था। नव झारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने हजारीबाग के बेटे की स्मारक बनाने की पहल करते हुए आह्वान किया कि हजारीबाग के बेटे स्मृति में हमेशा हमेशा के लिए बसाया जाए, ताकि इस देश के युवा अमर शहीद संदीप पाल प्रेरणा लेकर देश सेवा को समर्पित हो जाएं, जिसके लिए कुणाल नर्सिंग होम के निकट स्थित इमली कोठी चौक में अमर शहीद संदीप पाल शहीद स्मारक बनाकर उन्हें सच्ची श्रृद्धांजलि समर्पित करने का काम किया गया। आदमकद प्रतिमा का लोकार्पण मुख्य अतिथि आजाद हिन्द फौज के रिक्रूटमेंट अफसर लेफ्टिनेंट श्री रंगास्वामी माधवन पिल्लई के शुभ हाथों से 27 मई संध्या 4 बजे होगा। संदीप कुमार पाल के पिता जय नंदन कुमार पाल ने अपने बेटे को याद करते हुए कहा कि मेरे बहादुर बेटे ने भारत मां की गोद को ही हमेशा से अपना घर माना, और जीवन के अंतिम समय में भी उसी गोद में समा गया।

### दरिया में 27 को जोली और 29 को विखरेगा कुमकुम का जलवा

इचाक। दरिया में दरिया जगड़ा और जोगिडीह तीन गांवो के सौजन्य से आयोजित शतचंडी एवं नवाह परायण महायज्ञ में प्रत्येक दिन विद्वान- विद्वान कथावाचकों का कथा वाचन हो रहा है। इसी कड़ी में 27 मई को जोली छावड़ा का भक्ति जागरण का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। जबकि 29 मई को चर्चित सिंगर कुमकुम बिहारी का जलवा विखरेगा। महायज्ञ समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार मेहता और सचिव लखन कुमार मेहता ने बताया कि श्रद्धालुओं के मांग के अनुसार यज्ञ समिति द्वारा कथा वाचकों को आमंत्रित किया गया है। वहीं भक्ति जागरण जोली छावड़ा और भक्ति सिंगर कुमकुम बिहारी की भी खूब मांग थी। जिसके कारण उन्हें आमंत्रित किया गया है।

### दिव्यांगों के लिए लगे हर माह कैंप

बिष्णुगढ़ । प्रखंड में दिव्यांगों के लिए आजसू के प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल ने हजारीबाग उपायुक्त को खत लिख कर प्रखंड स्तरीय मासिक कैंप लगाने की मांग की है। श्री मंडल ने कहा है कि बिष्णुगढ़ क्षेत्र के सुदूरवर्ती गावों में रह रहे दिव्यांग को हजारीबाग मुख्यालय जाकर दिव्यांग जांच करवाने व प्रमाण पत्र बनवाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। दिव्यांगों के लिए कई योजना के द्वारा लाभ दी जाती है परंतु गरीब और लाचार दिव्यांग परिवार को प्रमाण पत्र के अभाव में सरकारी लाभ मुमकिन नहीं हो रहा है ।

# कटकमसांडी के लखनू में शुरू हुआ रूद्र महायज्ञ



खबर मन्त्र संवाददाता

कटकमसांडी। गुरुवार सुबह कटकमसांडी प्रखंड के लखनू गांव में आयोजित पांच दिवसीय श्री श्री 1008 श्री देवी प्राण प्रतिष्ठा रूद्र महायज्ञ का भव्य आगाज विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ। लखनू मंदिर प्रांगण से निकले कलश यात्रा में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल शामिल हुए और कलश यात्रियों के साथ कदमताल करते हुए उनका हौसला बढ़ाया।

कुल 1100 कलश यात्रियों का कारवां जब कतारबद्ध होकर बड़े ही अनुशासित तरीके से ढोल- तासे और गाजे-बाजे के साथ लखनू मंदिर से निकलकर मध्य विद्यालय चौक होते हुए कटकमसांडी चट्टी से पावर सबस्टेशन और पावर सब स्टेशन से बेला टिकुर नदी पहुंचा तो इसकी अगुवाई खुद विधायक मनीष जायसवाल अग्रिम पंक्ति पर चलते हुए कर रहे थे। बेला टिकुर नदी से जल भरकर पुनः कलश यात्री यज्ञ स्थल पंहुचे। कलश यात्रियों ने इस दौरान भीषण गर्मी में करीब 4 किलोमीटर का सफर तय किया और अपने आस्था का परिचय दिया। स्थानीय लोगों ने विधायक मनीष जायसवाल को अपने बीच पाकर बेहद खुशी का इजहार

**कलश यात्रियों को सदर विधायक जायसवाल ने बढ़ाया हौसला**

किया और विधायक मनीष जायसवाल का फूल माला पहनाकर और चुनरी ओढ़ाकर अभूतपूर्व स्वागत किया। यहां विशेषरूप से कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, उपप्रमुख ममता देवी, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव, सतीश सिंह, पंचायत समिति सदस्य शंभू पासवान, स्थानीय भाजपा मंडल महामंत्री अरविंद यादव, पूर्व जिप सदस्य कुलदीप सिंह भोक्ता, मनोज पांडेय , बिपिन पांडेय, अमित सिंह, चिंतन शर्मा, सुरेंद्र पासवान, महेश यादव, अनुराग मित्तल, सदर विधायक के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## एक नजर में

### इचाक : एसजेड संघर्षशील समिति का गठन



इचाक । इको सेंसेटिव जोन संघर्ष शील समिति की पंचायत स्तरीय कमिटी गठन को लेकर बरकाकाना पंचायत सचिवालय में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया सिकंदर कुमार राम ने किया। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष भगवत प्रसाद मेहता,चंद्रदेव प्रसाद मेहता तथा इंद्रदेव प्रसाद मेहता उपस्थित हुए। उपस्थित लोगों को इको सेंसेटिव जोन के बारे में विस्तार से बताया था उससे उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से संतोष प्रसाद मेहता को अध्यक्ष, मदन मेहता और धीरज कुमार रजक उपाध्यक्ष, सुनील कुमार तलवार को सचिव, सुरेंद्र प्रसाद मेहता को सह सचिव, राजेंद्र प्रसाद मेहता को कोषाध्यक्ष, जबकि अनिल कुमार राणा को मीडिया प्रभारी बनाया गया। इसके अलावा 33 लोगों को कार्यकारिणी के सदस्य बनाया गया है। जिसमें तपेश्वर प्रसाद मेहता, मेघनाथ प्रसाद कुशवाहा, अजय प्रसाद कुशवाहा, सुनील प्रसाद कुशवाहा, संतोष प्रसाद कुशवाहा, रामशरण प्रसाद कुशवाहा, मनोज कुमार दास, कुलदीप प्रसाद, उपेंद्र कुमार दास, सरोज उरांव, मंगल उरांव, बबलू उरांव, कमल कच्छप, अरविंद कुमार, जगन्नाथ उरांव, राधाबल्लभ मींज, अजीत प्रसाद मेहता, रामेश्वर प्रसाद मेहता, अरविंद प्रसाद मेहता, सिकंदर प्रसाद मेहता, इंद्रदेव प्रसाद कुशवाहा, जागेश्वर प्रसाद कुशवाहा, मोहन प्रसाद कुशवाहा, कामेश्वर प्रसाद कुशवाहा बबलू प्रसाद कुशवाहा, देवदत्त कुमार, राजू रजवार, लालजी रजवार, कालेश्वर रजवार, महेंद्र कुमार राम, अर्जुन प्रसाद मेहता, लक्ष्मण यादव और रोहित यादव शामिल है।

### 10वीं में उच्च विद्यालय हरली के सभी छात्र सफल



बड़कागांव।10वीं परीक्षा 2023 के प्राप्त रिजल्ट के अनुसार बड़कागांव प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय हरली के छात्र शुभम कुमार 460 अंक 92 प्रतिशत के साथ विद्यालय का रिजल्ट शतप्रतिशत रहा। प्लस टू उच्च विद्यालय हरली से कुल 191 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे जिसमें प्रथम श्रेणी से 121 एवं द्वितीय श्रेणी से 68 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जबकि 2 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय में टॉपर शुभम कुमार 460 अंक 92 प्रतिशत हासिल किया। वहीं स्कूल द्वितीय टॉपर सूरज कुमार 453 अंक 90 .60प्रतिशत, तृतीय टॉपर अभिषेक कुमार राणा एवं अश्वनी कुमार 443-443 अंक 88 .60 प्रतिशत, रंजीत कुमार 433 अंक 86 .60प्रतिशत, रंजन कुमार 427 अंक 85 .40 प्रतिशत दीपक कुमार एवं विशाल कुमार 407-407 अंक 81 .40प्रतिशत फैसल खान 406 अंक 81 .20प्रतिशत सनी कुमार 401 अंक 80 .20 प्रतिशत, निर्मला कुमारी 399 अंक 79 .80 प्रतिशत, नितेश कुमार 398अंक 79 .60 प्रतिशत, निशा कुमारी 392 अंक 78 .40प्रतिशत तथा तनु कुमारी एवं रंजीत कुमार 390-390 अंक 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप 10 में रहे।

### लंबित पीएम आवास जल्द करें पूरा : बीडीओ



बरही। झारखंड सरकार के आदेशानुसार प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत में प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित आवास के लाभुकों के साथ मानव दिवस के रूप में मनाया।उन्होंने अधीनस्थ कर्मचारियों को लंबित आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड समन्वयक केके भारती, पंचायत सचिव, मुखिया इंदिरा देवी, प्रतिनिधि अर्जुन रविदास एवं ग्रामीण उपस्थित हुए। बीडीओ ने 30 जून 2023 तक वित्तीय वर्ष 2019 से 2023 तक के लंबित आवास तक के कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही पीएम आवास निर्माण कार्य में हो रही विलंब को लेकर 15 लाभुकों को नोटिस भी किया गया। उन्होने कहा कि सभी लाभुक अपने आवास कार्य का निर्माण 30 जून 2023 तक अनिवार्य रूप से पूरा करें। वहीं उन्होंने स्थानीय मुखिया, पंचायत सचिव और वार्ड सदस्यों को भी लाभुकों को आवास पूर्ण कराने हेतु प्रेरित करने का अपील की।

### स्पोर्टिंग यूनियन ने बीएसए को 9 विकेट से हराया




बरही। प्रखण्ड मैदान में अर्जुन प्रसाद केसरी मेमोरियल अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट में बीएसए बरही व स्पोर्टिंग यूनियन तिलैया के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। जहां टॉस जीतकर बीएसए बरही के कप्तान ने बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 30 ओवर में 10 विकेट खोकर 160 रनों का लक्ष्य दिया। वही जवाबी पारी खेलने उतरी स्पोर्टिंग यूनियन की टीम ने 19 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य की प्राप्ति कर ली। स्पोर्टिंग यूनियन 9 विकेट से मैच जीत लिया।मैच में 4 विकेट लेने वाले सिद्धार्थ कुमार मैन ऑफ द मैच बने। निर्णायक की भूमिका सुधीर कुमार, नीतीश कुमार ने अपना योगदान दिया। स्कोरर के रूप में समी अख्तर ने महत्ती भूमिका निभाई। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में मो नौशाद शामिल हुए। मैच को सफल बनाने में सहयोग करने वालों में बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, धर्मपाल केशरी सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद थे।

### दारू : सड़क दुर्घटना में एक की मौत

दारू : मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मेरु दुर्गा मंडप के पास गुरुवार की दोपहर ढाई बजे में पिकअप वाहन संख्या जेएच 02 ए एन 5538 टेंट का समान लेकर हजारीबाग से दारू की ओर जा रहा था तभी मेरु के पास गाड़ी अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे में मारते हुए कई मोटरसाइकिल सहित कुछ लोगों को अपने चपेट में लिया । इस दुर्घटना में मेरु निवासी मनोहर कुशवाहा पिता स्वर्गीय सरजू कुशवाहा (55 वर्ष) सिलवार की तरफ जा रहे थे तभी वो गाड़ी की चपेट में आ गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई साथ ही इस घटना में गाड़ी चालक सहित चार अन्य लोग भी घायल हो गए जिनका इलाज सदर अस्पताल हजारीबाग में चल रहा है। मृतक सेटरिंग का कार्य कर अपने दो बच्चे और पत्नी का पालन पोषण करता था। इस दुर्घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने आधे घंटे के लिए सड़क जाम कर दिया।घटना की सूचना पाकर मौके पर मुफस्सिल थाना प्रभारी बजरंग महतो दल बल के साथ पहुंचे और काफी मशक्कत एवं ग्रामीण को समझाने के बाद जाम को हटाया। ग्रामीणों को उन्होंने उचित मुआबजा मुआवजा देने का आश्वाशन दिया।

### योजनाओं को ले पंचायत कार्यकारणी की बैठक

चरही। बहेरा पंचायत भवन में कार्यकारणी की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया देवकी महतो ने किया।बैठक में विकास और जनसमस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया।तथा पंचायत के वार्ड सदस्यों के द्वारा टाइड अनटाइड योजनाओं का चयन किया गया। सड़क, नाली,गार्डवाल,डोभा और सोखा तथा अन्य योजनाओं पर चर्चा की गई।मौके पर उप मुखिया शिवचन्द मुर्मू,वार्ड सदस्य नुसरत जहां,अजरूद्दीन अंसारी, बिरजू राम, मंजू देवी, अनिता देवी,तालो देवी,गीता देवी,आशामुनि मुर्मू उपस्थित थे।

### चरही थाना के नए प्रभारी किया स्वागत

चरही। तापिन साउथ परियोजना के रैयत विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष रामकिशोर मुर्मू,सचिव मन्नू टुडू और सक्रिय सदस्यों ने बुधवार को चरही थाना के नए थाना प्रभारी विक्रम कुमार से मुलाकात कर पुष्प गुच्छा भेंटकर स्वागत किया।मौके पर गणेश मांझी, जगदीश मांझी,जिबलाल मुर्मु,मो. आशिक,राजेन्द्र कुमार महतो,राजेश कुमार हंसदा,धनेश्वर हंसदा,रूस्तम अंसारी,अशराफुल अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# झोला छाप डॉक्टरों पर कसेगा नकेल, सभी योग्य लाभुकों का बनेगा आयुष्मान कार्ड

## डीसी विजया जाधव ने स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिये निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



स्वास्थ्य समिति की बैठक करती डीसी विजया जाधव।

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नेहा संजना खलखो, स्वास्थ्य विभागीय जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी, एमओआईसी, सीडीपीओ, डीपीसी, डीपीएम, डीडीएम, बीपीएम तथा कार्यपालक दण्डाधिकारी जयप्रकाश करमाली, संतोष महतो, निशा कुमारी, सुमित प्रकाश, ज्योति कुमारी व अन्य बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित अभियानों सहित नियमित स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के संबंध में चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि उपलब्ध संसाधनों का बेहतर तरीके से उपयोग कर स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता में सुधार व विस्तार का लाभ अधिक से अधिक लोगों को दिया जा सके इसके लिए सभी पदाधिकारी व स्वास्थ्य कर्मियों को जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता के साथ प्रयास करना होगा। जिले में कुपोषित बच्चों को चिन्हित करने हेतु 26-30 मई तक सघन अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। अभियान में एसएएम कोई बच्चा पाया जाता है तो तत्काल एमटीसी में भर्ती कराने तथा एमएएम मिलने पर कम्यूनिटी इलाज शुरू करने का निदेश दिया गया। सभी एमटीसी में बेड ऑक्यूपेंसी बढ़ाने का निदेश देते हुए ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को आयुष्मान योजना से आच्छादित करने का निदेश दिया गया। साथ ही 15 जून तक अनिवार्य रूप से जिले के शत प्रतिशत योग्य लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाने की बात कही गई। स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों की लिस्ट मांगी गई तथा संवेदकों से यह सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया कि 75 फीसदी स्थानीय का नियोजन हो।

### आम जनता का फोन रिसिव नहीं करने वाले ममता वाहन संचालक हटाये जाएंगे

उपायुक्त द्वारा सदर अस्पताल या अन्य सरकारी अस्पतालों के कचड़ा निस्तारीकरण की भी समीक्षा की गई। सिविल सर्जन ने जानकारी दी कि स्वास्थ्य विभाग का एमओयू एक संस्था से है जो सदर अस्पताल से रोजाना तथा सीएचसी से एक दिन छोड़कर पूरे प्रोटोकॉल फॉलो करते हुए मेडिकल कचरा का उठाव कर निस्तारण करती है। सीएचसी डुमरिया के जर्जर भवन को कंडम घोषित करते हुए भवन निर्माण विभाग को एक सप्ताह के भीतर भवन ढहाने का निर्देश दिया गया। सीएचसी धालभूमगढ़ एवं सीएचसी पोटका के मरम्मतीकरण हेतु प्रस्ताव बढ़ाने की बात कही गई। ममता वाहन संचालकों की शिकायत सीडीपीओ डुमरिया द्वारा की गई, उपायुक्त ने मौके पर डुमरिया के बीपीएम से ममता वाहन संचालकों को फोन कराया, फोन कॉल रिसिव नहीं किए जाने पर उपायुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए ममता वाहन संचालकों की समीक्षा कर वैसे संचालक जो तत्काल आम जनता का फोन का जवाब नहीं देते उन्हें हटाकर नए संचालकों को रखने का निर्देश दिया। डुमरिया और घाटशिला प्रखंड में संस्थागत प्रसव में अपेक्षाकृत कम उपलब्धि पर एमओआईसी से कारण पूछा गया तथा शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का संस्थागत प्रसव ही हो इसे सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। गर्भवती माताओं को सरकारी अस्पताल में संस्थागत प्रसव कराने पर प्रत्येक सहिया को 300 रुपए दिया जाता है।

### सप्ताह में एक दिन लखाईडीह में एएनएम भेजने के दिए निर्देश

डुमरिया प्रखंड के सुदूर दुर्गम क्षेत्र में पहाड़ियों के बीच बसे लखाईडीह के ग्रामीणों के लिए अच्छी खबर है। उपायुक्त विजया जाधव द्वारा दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने की पहल की जा रही है। इसी कड़ी में उन्होने सिविल सर्जन एवं एमओआईसी डुमरिया को सप्ताह में एक दिन एएनएम भेजकर लखाईडीह के ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच तथा आवश्यक दवाओं को वितरण का निर्देश दिया है। प्रत्येक सप्ताह के बुधवार को सुबह 10 बजे से 3 बजे तक एएनएम गांव में ही कैम्प करेंगी। बीडीओ तथा सीडीपीओ को उक्त निर्णय के अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया है। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि बाल विकास परियोजना की महिला पर्यवेक्षिका, आंगनबाड़ी सहायिका व सेविका भी मौके पर मौजूद रहकर एएनएम को आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगी। साथ ही लखाईडीह के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

### लिंग जांच कर कन्या भ्रूण की हत्या नहीं करायें

जिले में पीसीपीएनडीटी एक्ट का सख्ती से अनुपालन हो तथा लिंग जांच कर किसी भी कन्या भ्रूण की हत्या नहीं होने पाये इसके लिए उपायुक्त ने कार्यपालक दण्डाधिकारियों को अल्ट्रासाउंड सेंटर के नियमित जांच का निर्देश दिया । जिले में वर्तमान में 84 अल्ट्रासाउंड सेंटर कार्यरत हैं, कुछ नए सेंटर के नवीनीकरण पर भी चर्चा हुई। दूसरे राज्यों में पीसीपीएनडीटी एक्ट का अनुपालन कैसे बेहतर तरीके से किया जा रहा इसका भी स्टडी करने का निदेश दिया गया । जिले में झोलाछाप डॉक्टर प्रैक्टिस नहीं करने पायें इसके लिए सभी अंचलाधिकारी को औचक जांच करने का निदेश दिया गया तथा एक्ट के सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की बात कही गई।

## स्पीड न्यूज

### मानगो नगर निगम पर कांग्रेस नेता जितेंद्र सिंह ने किया प्रदर्शन



**जमशेदपुर।** मानगो जल संकट एवं मानगो नगर निगम द्वारा मोटर जब्ती से उत्पन्न स्थिति से अवगत कराने के लिए कांग्रेस नेता जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मानगो के लोगों ने उपायुक्त कार्यालय में प्रदर्शन कर मांग पत्र सौंपा गया। मानगो वासियों को जलापूर्ति निर्बाध रूप से करने की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने की मांग की गई। जिसमें मुख्य रूप से नीलम तिवारी, प्रवीण कुमार, विक्की, शान्ति देवी, अर्चना देवी, मिथिला देवी, मोना कौर, गुरमीत कौर,राजबिंदर कौर, कामिनी सिंह, सरोज देवी, मामचंद अग्रवाल, सुनील रजक, मो आमीन, मो उस्मान, मो सुलेमान एवं अन्य भारी संख्या में शामिल हुए।

### मारवाड़ी सम्मेलन ने 2000 राहगीरों को पिलाया शर्बत



**जमशेदपुर।** शहर मे पड़ रही भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप को देखते हुए पूर्वी सिंहभूम मारवाड़ी सम्मेलन–आदित्यपुर शाखा ने अनिल अग्रवाल के सौजन्य से गुरुवार को सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए, आरआइटी मोड़, आदित्यपुर के पास करीब 2000 राहगीरों के बीच चना, शीतल पेय जल एवं शर्बत का वितरण किया। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मुकेश मित्तल, विवेक चौधरी, संतोष खेतान, कोषाध्यक्ष मोहित शाह, सचिव विमल अग्रवाल, सचिव दीपक अग्रवाल, आदित्यपुर शाखा सचिव संतुलाल खंडेलवाल, बिस्टुपुर शाखा सचिव मनोज अग्रवाल, रामोतार अग्रवाल, मनीष पारिख, अजय अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, संदीप अग्रवाल सहित समाज के कई लोगों ने हस्ताक्षर बोर्ड पर हस्ताक्षर किया।

### करीम सिटी कॉलेज में मदर्स डे पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**जमशेदपुर।** गुरुवार को 'मदर्स डे' के अवसर पर करीम सिटी कॉलेज के वीमेन सेल द्वारा डिजिटल पोस्टर व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डिजिटल पोस्टर प्रतियोगिता का विषय 'मां' व भाषण प्रतियोगिता का विषय सोशल मीडिया में मातृत्व की तस्वीरें थी। डिजिटल पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रघुबीर टुडू को तथा द्वितीय पुरस्कार ऋषभ राज को मिला। भाषण प्रतियोगिता में आरज़ू नाज को अंग्रेजी वर्ग में सर्वश्रेष्ठ वक्ता और सौरभ सिन्हा को हिंदी वर्ग में सर्वश्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार मिला। सभी विजेताओं को ट्रॉफी और सर्टिफिकेट प्रिंसिपल डॉ. मोहम्मद रियाज के हाथों दिया गया। यह कार्यक्रम इतिहास के एचओडी डॉ. इंद्रसेन सिंह, कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मोहम्मद रियाज की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# टाटा स्टील ने कैंसर मरीजों के लिए दान किये 1 करोड़ रुपये

## केपीओ सीआरएम के पहले बैच के कॉइल की निलामी से मिली थी राशि

### कंपनी ने टाटा मेडिकल सेंटर, कोलकाता प्रबंधन को सौंपी राशि

### टाटा स्टील की तरह उसके चैनल पार्टनर भी हैं संवेदनशील

**विशेष संवाददाता**





**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने गुरुवार को भारत के भीतर और बाहर कैंसर मरीजों की जरूरतों को पूरा करने के अपने निरंतर प्रयासों के समर्थन और प्रशंसा के प्रतीक के रूप में कोलकाता में टाटा मेडिकल सेंटर (टीएमसी) को 1,00,73,480 रुपये अनुदान में दिए।

कलिंगानगर, ओडिशा में टाटा स्टील की नई अत्याधुनिक कोल्ड रोलिंग मिल कॉम्प्लेक्स यूनिट में उत्पादित कोल्ड रोल्ड स्टील के पहले 4 कॉइल्स (62 एमटी) की नीलामी के माध्यम से यह योगदान संभव हुआ। कोल्ड रोलिंग मिल को 15 फरवरी, 2023 को चालू किया गया था, जो टाटा स्टील के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, यह उत्कृष्टता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता और उद्योग पर इसके स्थायी प्रभाव को प्रदर्शित करता है।

इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए, टाटा स्टीलियम वितरकों के बीच 4 मई, 2023 को एक नीलामी आयोजित की गई, जिसके परिणामस्वरूप 1 करोड़ रुपये से अधिक की उल्लेखनीय राशि प्राप्त हुई। 25 मई, 2023 को 1,00,73,480 रुपये का चेक टाटा स्टीलियम चैनल पार्टनर्स - मुंबई से नरेश स्टील, बैंगलोर से जी के इस्पात, और चेन्नई से श्री बालाजी -नीलामी में सबसे अधिक बोली लगाने वाले की उपस्थिति में टाटा मेडिकल सेंटर, कोलकाता को अनुदान में दिया गया। इस कार्यक्रम में टाटा मेडिकल सेंटर के निदेशक डॉ. पट्टाथेइल अरुण के साथ-साथ प्रभात कुमार, वाइस प्रेसिडेंट, मार्केटिंग एंड सेल्स (फ्लैट प्रोडक्ट्स), टाटा स्टील और प्रवीण श्रीवास्तव, चीफ ऑफ मार्केटिंग एंड सेल्स (ब्रांडेड प्रोडक्ट एंड रिटेल), टाटा स्टील, टीएमसी और टाटा स्टील के अन्य सदस्यों के साथ शामिल हुए।

डॉ. पट्टाथेइल अरुण ने अपनी ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा, टाटा मेडिकल सेंटर, कोलकाता, टाटा स्टीलियम चैनल पार्टनर्स द्वारा प्रदर्शित उदारता और सेवा भावना के प्रति बहुत प्रसन्न और आभारी है। ये प्रयास हमें समुदाय का समर्थन, रोगियों को कैंसर के खिलाफ लंबी और महंगी लड़ाई में होने वाली कठिनाइयों को कम करने की दिशा में कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। टाटा स्टील का प्रतिनिधित्व कर रहे प्रभात कुमार ने ईमानदारी से सहयोग के माध्यम से एक सशक्त समुदाय के निर्माण के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक व्यावसायिक इकाई के रूप में, हम एक बेहतर समाज बनाने में अपने विचारों और प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए गहराई से समर्पित हैं। हम मानते हैं कि टाटा मेडिकल सेंटर, कोलकाता में हमारी ओर से किया गया यह छोटा सा योगदान कुछ लोगों के दर्द को कम करने और चेहरे पर मुस्कान लाने में मदद करेगा, जिन लोगों की वे अटूट समर्पण के साथ सेवा करते हैं। टाटा स्टील का यह योगदान और इसके चैनल पार्टनर्स के सामूहिक प्रयास महत्वपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल पहलों का समर्थन करने और एक मजबूत, अधिक लचीला समुदाय को बढ़ावा देने में सहयोग की भावना को दर्शाते हैं।

## घाटशिला में बीज विक्रय केंद्र का विधायक रामदास ने किया उद्घाटन



**जमशेदपुर।** गुरुवार को घाटशिला लैंपस में बीज विक्रय केन्द्र का उद्घाटन घाटशिला विधायक रामदास सोरेन ने किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि किसानों को समय पर बीज मिल रहा है। जरूरतमंद किसानों को ससमय बीज मिले इसके लिए लैम्पस एवं कृषि विभाग के पदाधिकारी और कर्मचारी किसानों के संपर्क में रहें। विस्तृत जानकारी देते हुए आत्मा के प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक कौशल झा ने कहा कि कृषि विभाग अन्तर्गत इस वर्ष खरीफ में बीज विनिमय एवं वितरण की योजना के तहत एमटीयू 7029 प्रजाति का धान बीज घाटशिला लैम्पस में उपलब्ध है। विधायक के हाथों अमईनगर गांव के किसान योगन्द्र किस्कु एवं शरत दुडू को 50 किलोग्राम धान बीज देकर शुभारंभ किया।

## आर्का जैन विवि ने बीटेक व पॉलिटेक्निक विद्यार्थियों को दी विदाई

- बी. टेक के अनिश मिस्टर फेयरवेल और हंसा कुमारी को मिस फेयरवेल का खिताब
- पॉलीटेक्निक के प्रेम कुमार मिस्टर फेयरवेल और ईशा को मिस फेयरवेल का खिताब

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** आर्का जैन विश्वविद्यालय ने अपने प्रिय बीटेक तथा पॉलिटेक्निक छात्रों के लिए एक अत्यंत संयोगभूत और भावनात्मक समारोह रुख़्सत का आयोजन किया था। विवि को खुशी हैं की यह समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। इस दिन, विशेष मेहमान के रूप में अभियांत्रिकी और आईटी के सहायक डीन, डॉ. अश्विनी कुमार उपस्थित थे और उनकी उपस्थिति ने इस समारोह को और भी विशेष बना दिया। फेरवेल हमेशा से एक खास लम्हा होता है छात्रों के पढ़ाई दौर में, हमने इसे और खास बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ी। समारोह में, बीटेक से मिस्टर फेयरवेल आनीश कुमार और मिस फेयरवेल हंशा कुमारी हुई, तथा पॉलिटेक्निक से मिस्टर फेरवेल प्रेम कुमार और मिस फेयरवेल ईशा कुमारी थी' फेयरवेल पार्टी में जमकर झूमे छात्र, चेहरे पर खुशी आंखों में दिखा विदाई का दर्द। हमें अपने सारे बच्चों पे गर्व रहेगा, अंत में हमने सभी प्यारे छात्रों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। आगामी दिनों में, हमें गर्व होगा जब हम देखेंगे कि हमारे आर्का जैन विश्वविद्यालय के छात्र अपने सपनों को पूरा करने के लिए उच्चतम गुणवत्ता और प्रगति के मार्ग पर हैं।

हम सभी अपने प्रिय छात्रों के भविष्य के लिए सर्वश्रेष्ठ कामनाएं देते हैं और उनके सभी आगामी परियोजनाओं में सफलता की कामना करते हैं।

## राज्य के बड़े नेता लेंगे आजसू की सदस्यता : सहिस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** गुरुवार को आजसू पार्टी जिला समिति की एक बैठक निर्मल गेस्ट हाउस में हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने पार्टी के द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों के आलावे राज्य के कमजोर नेतृत्व और लाचर और बेपरवाह सिस्टम व्यवस्था के साथ साथ राज्य की बिजली की दयनीय स्थिति पर चर्चा करते हुए आजसू पार्टी को राज्य में मुख्य विपक्षी भूमिका निभाने और जन विषयो के साथ जन आंदोलन की तैयारी हेतु सभी को आगाह करते हुए आंदोलन का वर्ष घोषित किया गया है। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने बताया कि राज्य में आजसू के रुझान बढ़ा है और वर्तमान में जिन विषयो को लेकर आजसू संघर्षरत है इससे साफ झलकता है की राज्य की जरूरतों को यहां के जनभावनाओं को सिर्फ आजसू समझ सकता है। लेकिन आजसू अब चुप नही बैठने वाली बल्कि हर गलत नीतियों के खिलाफ डटकर मुकाबला करेगी। इसलिए पूर्वी सिंहभूम में बहुत जल्द ही राज्य के बड़े नेता आजसू की लेंगे सदस्यता, औपचारिकताएं पूरी हो चुकी है। बैठक में आजसू जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह के अलावे जिला प्रभारी प्रो रवि शंकर मौर्या, चंद्रगुप्त सिंह, दीपक अग्रवाल, फनिभूषण महतो, कृतिवास मंडल, अशोक मंडल, मृत्युंजय सिंह, देवाशीष चौधरी, धनेश कर्मकार, वीरेन स्वर्णकार, ललन झा, सुधीर सिंह, प्रवीन प्रसाद, संतोष सिंह, समेत अन्य मौजूद रहे।

## नाले में तब्दील हुई खरकाई, स्वर्णरेखा नदी





खरकाई नदी का अवलोकन कर लौटते विधायक सरयू राय।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय गुरुवार को बिष्टुपुर बोधनवाला घाट से सोनारी दोमुहानी तक विभिन्न घाटों का दौरा किया। दौरा के दौरान यह देखा गया की खरकाई नदी नाला का रूप ले लिया है और शहर का गंदा पानी नाले के द्वारा जो नदी में मिल रहा है इसके कारण नदी का पानी काला और बदबूदार हो गया है। साथ ही जलकुंभी पूरे नदी में फैल गया है। जलकुंभी के कारण खरकई और स्वर्णरेखा नदी का यह हालत देखकर विधायक ने प्रदूषण एवं गंदगी से मुक्ति दिलाने के लिए आम नागरिकों, विभिन्न सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं एवं शहर के जागरूक एवं बुद्धिजीवी लोगों के साथ आज बिष्टुपुर स्थित परमहंस लक्ष्मी नाथ गोस्वामी मंदिर में बैठक करेंगे। इस बैठक में 1 साल के अंदर खरकई और स्वर्णरेखा नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने की पहल करने के लिए विचार विमर्श किया जाएगा। विधायक के साथ मुकुल मिश्रा, सुरंजन राय, राकेश सिंह, तिलेश्वर प्रजापति, शेषनाथ पाठक, चुन्नू भूमिज, अतुल सिंह, उत्तम दास सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल कॉलेज के छात्रों ने किया एनएमएल का परिभ्रमण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



एनएमएल लैब देखते छात्र-छात्राएं।

**जमशेदपुर।** लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल कॉलेज के छात्रों के लिए 25 मई 2023 को सीएसआईआर-एकीकृत कौशल पहल परियोजना के तहत कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों के लिए परिभ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों के साथ संबंध स्थापित करना और विज्ञान सीखने को रोचक बनाना है। कॉलेज के 54 छात्रों ने सीएसआईआर-एनएमएल का दौरा किया। उनके साथ उसी कॉलेज के 4 शिक्षक- डॉ अरबिंद प्रसाद पंडित, डॉ अनिमेष कुमार बख्शी, डॉ पूजा कुमारी दत्ता और डॉ लुशी रानी मिश्रा भी थे। इस यात्रा के आयोजन का उद्देश्य सूचनाओं का आदान-प्रदान करना और नवीन वैज्ञानिक अवधारणाओं को विकसित करने में छात्रों की भागीदारी को प्रोत्साहित करना था। डॉ पी एन मिश्रा, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक और ग्रुप लीडर, केआरआईटी डिवीजन ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने संक्षेप में सीएसआईआर-एनएमएल को भारत में अग्रणी अनुसंधान संगठनों में से एक बताया, जिसमें पांच कोर आर एंड डी डिवीजन और अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाओं वाले तीन आर एंड डी सपोर्ट डिवीजन हैं। उन्होंने छात्रों को विज्ञान विषय में आगे बढ़ने और सीएसआईआर प्रयोगशाला के साथ हाथ मिलाने के लिए भी प्रेरित किया। सीएसआईआर-इंटीग्रेटेड स्किल इनिशिएटिव प्रोजेक्ट के वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रोजेक्ट लीडर डॉ अनिमेष जाना ने कॉलेज के छात्रों के लिए विभिन्न प्रकार के कौशल पहल कार्यक्रमों के बारे में बात की। उन्होंने सीएसआईआर-एनएमएल की अनुसंधान और विकास गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ. अरविंद प्रसाद पंडित ने सीएसआईआर-एनएमएल का आभार व्यक्त किया और छात्रों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अपने मन को लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। दिन भर के कार्यक्रम में शहरी अयस्क पुनर्चक्रण कैंटर, इंजीनियरिंग कार्यशालाओं, 3डी प्रिंटिंग, महिला प्रौद्योगिकी पार्क परियोजना क्षेत्र, एनएमएल संग्रहालय और पुस्तकालय का दौरा शामिल था। डॉ मनीष कुमार झा, मुख्य वैज्ञानिक, एमईआर डिवीजन, और डॉ झुमकी हैत, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक, एमईआर डिवीजन, सीएसआईआर-एनएमएल ने एनएमएल के शहरी अयस्क पुनर्चक्रण केंद्र की शुरूआत की। डॉ झा ने छात्रों और शिक्षकों को ई-कचरा रीसाइक्लिंग कैंटर का प्रदर्शन किया और आगामी शोध और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए ई-कचरा रीसाइक्लिंग के महत्व के बारे में बात की। इसके अलावा, छात्रों और शिक्षकों ने उदय भास्कर राव, प्रधान वैज्ञानिक और प्रमुख, इंजीनियरिंग डिवीजन द्वारा 'औद्योगिक स्केल प्लांट के लिए प्रोसेस एनर्जी ऑडिटिंग- एक संक्षिप्त परिचय' पर दिए गए व्याख्यान में भी भाग लिया। उन्होंने उद्योग और व्यापार पर ऊर्जा लेखापरीक्षा के प्रभाव के बारे में बात की। छात्रों और संकायों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और उपयोगी ज्ञान प्राप्त किया। लैब विजिट के दौरान प्राप्त समग्र अनुभव से प्रतिभागी बहुत खुश थे। यह कार्यक्रम पूरी तरह छात्रों के साथ संवाद करने में सफल रहा।

## खबर एक नजर में

### 12 करोड़ की लागत वाले आवासीय विद्यालय का विधायक ने किया शिलान्यास



छात्रावास का शिलान्यास करती विधायक।

**चांडिल।** कुंकडु प्रखंड क्षेत्र के शीशी डाटम में गुरुवार को 480 अल्पसंख्यक छात्रों के लिए आवासीय विद्यालय का शिलान्यास विधायक सविता महतो व जिप अध्यक्ष सोनाराम बोदरा ने संयुक्त रुप से शिलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक ने कहा ईंचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आवासीय विद्यालय का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा करीब 12 करोड़ कि लागत से अल्पसंख्यक छात्रों के लिए आवासीय विद्यालय का निर्माण कराया जा रहा है। आवासीय विद्यालय का निर्माण होने से क्षेत्र के छात्र–छात्राओं को पठन–पाठन के लिए बाहर नहीं जाकर हमारे विधानसभा क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल पाएगी। मेरे पति स्व सुधीर महतो के अधुरे सपनों को लगातार पुरा करने में लगी हूं। इस मौके पर चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत लोहरा, बीडीओ राकेश कुमार गोप, तिरुलडीह थाना प्रभारी रितेश कुमार, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु माहतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

### वीमेंस यूनिवर्सिटी के संगीत विभाग की चार छात्राएं हाई स्कूल में शिक्षिका बनीं

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी यूनिवर्सिटी की एमए म्यूजिक की संध्या कुमारी, उपासना नंदन, सुनीता तिग्गा और वर्षा रानी ने संगीत शिक्षिका बनने का सपना साकार कर लिया है। कुलपति प्रो.(डॉ.) अंजिला गुप्ता ने सभी छात्राओं को बधाई दी है। कुलपति के अनुसार यूनिवर्सिटी का संगीत विभाग सभी विभागों की तरह सक्रिय तो रहता ही है, साथ ही साथ, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रमों में भी हमेशा योगदान देता रहता है। विभाग की छात्राएं इन कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं। यही कारण है कि झारखंड सरकार के उच्च विद्यालयों में जब चार छात्राओं का चयन हुआ तो मुझे आश्चर्य नहीं हुआ, बल्कि यह लगा कि उनकी मेहनत रंग लाई। मैं इन सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं। विशेष रूप से, पूरे संगीत विभाग एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सनातन दीप को बेहतर मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद भी देती हूं। ज्ञात हो कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद पूर्व में सफल अभ्यर्थियों को झारखंड सरकार अलग अलग विद्यालयों में पदस्थापित कर रही है। इसी निर्णय के आलोक में इन चयनित छात्राओं को भी स्नातक स्तरीय संगीत शिक्षिका बनने का अवसर मिला है।

### ईडब्ल्यूएस और ओबीसी ए आर्थिक पात्रता की जांच करे सरकार : कुलबिंदर



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिख ईडब्ल्यूएस (इकोनामिक वीकर सेक्शन) और ओबीसी ए की आर्थिक पात्रता की जांच का मेकैनिज्म विकसित करने की गुहार लगाई है। अधिवक्ता कुलविंदर सिंह के अनुसार मात्र आठ लाख ? वार्षिक आय से कम वाले सामान्य जाति एवं अन्य पिछड़ा जाति परिवार के सदस्य ही ईडब्ल्यूएस और ओबीसी ए की पात्रता रखने के वैधानिक हकदार होते हैं। शहरी क्षेत्रों में तथा नगरपालिका क्षेत्र में ग्राम सा 1000 वर्ग फीट तथा 900 वर्ग फीट फ्लैट के मालिक परिवार के सदस्य इस की पात्रता अधिकृत वैधानिक रूप से रखते हैं। यहां अधिवक्ता ने सवाल उठाया है कि कितने लोग ईमानदारी एवं सत्य निष्ठा से राजस्व विभाग को परिवार की आय की जानकारी देते हैं। समाज के कुछ स्वार्थी तत्व राजस्व विभाग को गलत तरीके से अथवा प्रभावित कर पात्रता प्रमाण पत्र ले लेते हैं। गलत पात्रता रखने वाले यदि केंद्रीय लोकसेवा आयोग अथवा राज्य लोक सेवा आयोग अथवा अन्य भर्ती बोर्ड एवं केंद्रीय तथा राज्य के संस्थान में नामांकन प्रक्रिया में अवसर एवं लाभ ले लेते हैं तो वह सीधी तरह से देश के संविधान कानून का मजाक है। अधिवक्ता ने इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया है कि उनके आवेदन को जनहित याचिका के तौर पर स्वीकार कर लिया जाए और एमिकस क्यूरी की नियुक्ति की जाए तथा केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों को प्रतिवादी बनाया जाए। जिससे एक मेकैनिज्म सिस्टम विकसित हो और पात्रता रखने वाले परिवार के सदस्य हैं भर्ती अथवा नामांकन प्रक्रिया में शामिल हो सके। मेकैनिज्म विकसित होने तक ईडब्ल्यूएस एवं ओबीसी ए के सफल प्रतियोगियों का परिणाम रोका जाए और जांच उपरांत सही पाए जाने पर ही लाभ मिल सके। अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने इसकी प्रति राष्ट्रपति प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय लोकसेवा आयोग के चेयरमैन को भी भेज कर न्याय संबंधी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### बिरसानगर में बच्चों ने सीखी सरस्वतीं मां की स्केच बनाने की आर्ट



बच्चों को पेंटिंग सिखाती नीतू दूबे।

**जमशेदपुर।** कमजोर एवं अभिवंचित वर्ग के बच्चों को नि:शुल्क पेंटिंग सिखाने के लिए ह्यू विंग्स आर्ट सेंटर की संचालिका ने कदम बढ़ाया है। ग्रीष्म अवकाश को उपयोगी बनाने के लिए शहर के अलग अलग जगहों पर पेंटिंग की प्रशिक्षण मुहैया कराई जायेगी। बिरसानगर के जोन नंबर 8 स्थित मोची बस्ती में ह्यू विंग्स आर्ट सेंटर की नीतू दूबे ने बच्चों को आसान तरीके में सरास्वती माँ की स्केच बनाने का हुनर सिखाया। महिला विकास समिति द्वारा संचालित चित्रकला कक्षा में उक्त शिविर का आयोजन हुआ। एक घंटे के प्रशिक्षण में ही बच्चों ने स्केच की आसान ट्रिक को सिखा। नीतू दूबे अपनी पेंटिंग के लिए प्रख्यात हैं। सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक भी हैं। नीतू दूबे ने बताया की उन्हें महसूस हुआ की अपने शहर में ही काफी बच्चे पेंटिंग कला में रुचि तो रखते हैं लेकिन धन या समय अभाव के कारण प्रशिक्षण नहीं ले पातें। इसी समस्या को देखते हुए निर्णय किया की इस ग्रीष्म अवकाश को वैसे बच्चों के लिए उपयोगी बनाई जाये। पेंटिंग सीखने के लिए बहुत से बच्चों ने संपर्क किया है। उन्हें सुविधा अनुसार अलग अलग स्थान पर प्रशिक्षण देने की दिशा में प्रयास की जायेगी। फिलहाल संसाधन सीमित है, इसलिए सभी तक पहुंचना मुमकिन नहीं है। आगामी दिनों में बेहतर कार्य योजना बनाकर मेगा आर्ट कैंप आयोजित की जायेगी। बिरसानगर के मोची बस्ती में करीब 20 बच्चों को सरस्वती मां की स्केच सिखाई गई।

### सड़क किनारे ठेला लगाने वालों से वसूला जुर्माना



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र अंतर्गत सड़क सुरक्षा बैठक में उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम के आदेशानुसार सड़क के किनारे होने वाले अतिक्रमण को हटाने के साथ साथ जुर्माना अधिरोपित करने हेतु विशेष पदाधिकारी के निर्देशानुसार विभिन्न क्षेत्रों में उड़न दस्ता दल के द्वारा कार्रवाई की गयी। जिसमे साकची, कदमा क्षेत्र एवं स्ट्रेट माइल रोड में अतिक्रमण हटाने का कार्य करते हुए प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग, बिना अनुमति प्रचार वाहन के संचालन के लिए कुल 21 लोगों से 28300 रुपये जुर्माना वसूल किया गया। नगर प्रबंधक रवि भारती, अनय राज के नेतृत्व में उड़न दस्ता दल में प्रभारी कर दारोगा एम के एल दास, क्षेत्रीय राजस्व कर्मी प्रकाश भगत, बिनोद तिवारी, कृष्णा राम, गणेश राम शामिल रहे।

# जोश और जज्बा के साथ सेना में अवसर



सुधांशु कुमार

सेना में कमीशन ऑफिसर की भर्ती के लिए साल में दो बार एग्जाम होते हैं। 12वीं पास साइंस स्टूडेंट्स एनडीए के लिए आवेदन कर सकते हैं, वहीं ग्रेजुएट स्टूडेंट्स सीडीएस के लिए आवेदन कर सकते हैं। दोनों ही एग्जाम यूपीएससी द्वारा आयोजित कराए जाते हैं। लिखित परीक्षा पास करने वाले प्रतिभागियों को एसएसबी इंटरव्यू के लिए कॉल किया जाता है

>> सेना में भर्ती मुख्यतः दो तरह से होती हैं। कमीशन ऑफिसर और नॉन कमीशन ऑफिसर। दोनों ही कैटगरी में भर्ती प्रक्रिया भी अलग-अलग होती है। किसी भी देश के सेना की क्षमता उसके तीनों विंग आर्मी, नेवी और एयरफोर्स को मिलाकर होती है। तीनों विंग का अपना अलग-अलग काम होता है। लेकिन इनमें मजबूत और अहम कड़ी है थल सेना। इसके विभिन्न विभागों के विभिन्न पदों पर आज युवाओं को आने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जरूरत है इन्हें जानने और उसकी तैयारी करके थल सेना में जगह बनाने की। एक बार मौका हासिल करके एक बेहतर मुकाम हासिल किया सकता है। समाज और देश में इसके जरिए सम्मान भी पाया जा सकता है। साथ इसके जरिए जीवन में अनुशासन भी लाने का अवसर मिलता है। सैन्य सेवाओं में कमीशन अधिकारी के रूप में भर्ती मुख्य तौर पर संघ लोक सेवा आयोग के तहत होती है। इसके अलावा तकनीकी शाखा, महिलाओं के लिए विशेष भर्ती और एनसीसी के जरिए होने वाली भर्ती और सैन्य निदेशालय के अंतर्गत होने वाली भर्तियां शामिल हैं। बारहवीं स्तर पर परमानेंट कमीशन के तहत बारहवीं पास छात्र जिन्होंने गणित और भौतिकी की पढाई की है वे एनडीए की परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। यूपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा को पास करने के बाद प्रतिभागियों को एनडीए का फाइनल इंटरव्यू क्लीयर करना होता है। यह परीक्षा साल में दो बार आयोजित कराई जाती है। बारहवीं पास युवा जिनकी उम्र 16 से 19 के बीच होती है, वे इसमें शामिल हो सकते हैं। इसके तहत चयनित उम्मीदवारों को लेफ्टिनेंट के रूप में शुरुआत करनी पड़ती है।

एनडीए में चयनित छात्रों को थलसेना की ट्रेनिंग के लिए देहरादून स्थित इंडियन मिलिट्री एकेडमी में भेजा जाता है। स्नातक स्तर पर यूपीएससी की ओर से अखिल भारतीय स्तर पर संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षा (सीडीएस) आयोजित की जाती है। साल में दो बार होने वाली यह लिखित परीक्षा स्नातक या उसके समकक्ष युवाओं के लिए है। लिखित परीक्षा में सफल होने वाले अर्भ्यिथयों को इंटरव्यू के लिए कॉल किया जाता है। इंटरव्यू क्लीयर करने वाले अभ्यर्थी जो थल सेना में जाने के इच्छुक हैं, उन्हें इंडियन मिलिट्री एकेडमी में ट्रेनिंग के लिए भेजा जाता है। इसमें गैर तकनीकी कैटेगरी में सीधी भर्ती इंडियन मिलिट्री सेवा में होती है। इंजीनियरिंग ग्रेजुएट को तकनीकी सेवा के तहत भर्ती के लिए सर्विस सलेक्शन बोर्ड की ओर से आयोजित साक्षात्कार से गुजरना होता है। उम्र 20 से 27 वर्ष होनी चाहिए। विश्वविद्यालय स्तर की स्कीम या कॉलेज स्तर पर इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के छात्र भी इसमें आवेदन करके इस सेवा में काम के अवसर तलाश सकते हैं। वे तकनीकी शाखा में बतौर कमीशन अधिकारी भर्ती हो सकते हैं।

>> साक्षात्कार

यहां चयन आमतौर पर साक्षात्कार के आधार पर सर्विस सलेक्शन बोर्ड के द्वारा होता है। अन्य विकल्पों के रूपों में बारहवीं में जिन्होंने गणित, भौतिकी और रसायनशास्त्र पढी है वे भी तकनीकी शाखा में भर्ती हो सकते हैं। उनका चयन सीधे इंडियन मिलिट्री सेवा के लिए किया जाता है। उनके लिए हर साल जनवरी और जुलाई में कोर्स शुरू कराया जाता है। अन्य विकल्प में सरकार ने विशेष समर्थन के लिए विशेष कमीशन अधिकारी का भी प्रावधान किया है। इसके तहत आने वाले पद जूनियर कमीशन अधिकारी के रूप में भरे जाते हैं। अर्मी की मेडिकल विंग में जाने वाले अर्भ्यिथयों को बारहवीं के बाद ऑल इंडिया स्तर पर हो ने वाली मेडिकल परीक्षा पास करनी होती है। सफल होने पर उन्हें आर्म्स फोर्सेज मेडिकल कॉलेज में दाखिला मिलता है। चार साल का कोर्स करने पर उन्हें सैन्य सेवा में डॉक्टर के रूप में काम करने का मौका मिलता है। महिलाओं के लिए विशेष भर्ती स्कीम महिलाओं को भी सेना में बतौर डॉक्टर, नर्स या अन्य पदों पर तकनीकी और गैर तकनीकी शाखा में काम कर सकती हैं। अविवाहित, विधवा या तलाकशुदा महिलाओं को एक तय उम्र के अंदर आवेदन करना होता है।

महिला अधिकारियों को ट्रेनिंग के लिए ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी चेन्नई भेजा जाता है। एनसीसी कैडेट्स के लिए विशेष एंट्री एनसीसी कैडेट्स भी सेना में बतौर कमीशन ऑफिसर के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिन अर्भ्यिथयों के पास एनसीसी का बी या सी सर्टिफिकेट है वे शार्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) के तहत आवेदन कर सकते हैं। यह परीक्षा भी सीडीएसई के अंतर्गत यूपीएससी आयोजित कराता है। शुरुआत में वेतनमान 45 हजार से 50 हजार के बीच होता है। यही नहीं कमीशन अधिकारियों का रेग्युलर प्रमोशन भी किया जाता है। स्पेशलिस्ट की भर्ती सैन्य सेवा में लॉ अधिकारी या शिक्षा अधिकारी के रूप में विशेषज्ञो का भर्ती अभियान भी समय समय पर चलाया जाता है। लॉ ग्रेजुएट को यहां लॉ अधिकारी के रूप में काम करने का अवसर मुहैया कराया जाता है। इसी तरह धार्मिक शिक्षकों की भी भर्ती जूनियर कमीशंड अधिकारी के रूप में की जाती है। इसके लिए लिखित प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार आदि आयोजित किए जाते हैं।

स्थायी कमीशन में अधिकारी स्तर पर भर्ती और नौकरी रिटायरमेंट तक होती है। शार्ट कमीशन में 5 साल के लिए काम करने का मौका मिलता है। इसमें आगे चलकर पांच साल और सेवा का विस्तार होता है। अधिकतम 14 वर्ष तक काम कर सकते हैं। शार्ट सर्विस कमीशन को परमानेंट कमीशन में भी बदलने का रास्ता है। स्किल्स इस सेवा में आने के लिए शारीरिक तौर पर फिटनेस और शैक्षिक योग्यता के अलावा सकारात्मक सोच का होना जरूरी है।

युवाओं में विपरीत परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता, जोखिम उठाने का साहस और पहल करने की क्षमता का होना जरूरी है। साहस और जोखिम जैसी चीजें ही इसमें युवाओं को बहादुर अधिकारी के रूप में पहचान दिलाता है। अनुशासन का भी होना एक अनिवार्य गुण है।



## यूपीएससी में सफल

**रविरंजन**

**संघ** लोक सेवा आयोग ( ने सिविल सेवा परीक्षा 2022 का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है. इस परीक्षा में इशिता किशोर ने पहला स्थान हासिल किया है. जबकि गरिमा लोहिया को दूसरा, उमा हरीती एन को तीसरा, मयूर हजारिका को चौथा और गहना नव्या जेम्स को पांचवां स्थान मिला है। इस साल भी सर्विल सर्विस परीक्षा में लड़कियों ने बाजी मारी है। टॉप 4 पर लड़कियां काबिज हैं।

**180 कैंडिडेट्स का आइएएस के लिए हुए शॉर्टलिस्ट**



सिविल सेवा परीक्षा में 933 अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है। इनमें से 345 कैंडिडेट्स अनारक्षित, 99 ईडब्लूएस, 263 ओबीसी, 154 एससी और 72 एसटी कैटेगरी से हैं. आएएस पदों पर चयन के लिए 180 कैंडिडेट्स शॉर्टलिस्ट हुए हैं। 178 कैंडिडेट्स की रिजर्व लिस्ट भी तैयार की गयी है. जो छात्र



इंटरव्यू में उपस्थित हुए थे, वे अपना रिजल्ट वढरउ की आधिकारिक वेबसाइट पर चेक कर सकते हैं।

लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2022 में सफलता प्राप्त करने वाले चतरा जिला के हंटरगंज के ग्राम गोदोवार निवासी श्री मनोज सिंह के पुत्र श्री अभिनव प्रकाश सफल हुए है।

**279 रैंक**

चंदन प्रसाद( 671वां रैंक वढरउ). तोरपा (खूंटी) निवासी देवनारायण महतो( सेवानिवृत्त शिक्षक ) व सुशीला देवी के



पुत्र हैं.

सरिया के श्री सुभाष मोदी के पुत्र गगन कुमार जी ने यूपीएससी में 556 वां रैंक लाकर अपने परिवार एवं पूरे समाज को गौरवान्वित किया है बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं

गोड्डा के लाल आलोक कुमार ने यूपीएससी 2023 परीक्षा में लहराया परचम ।

गोड्डा लोहिया नगर निवासी श्री राजकिशोर पंजियारा के बड़े सुपुत्र आलोक कुमार ने



यूपीएससी 2023 परीक्षा में 549 वा स्थान प्राप्त कर पूरे जिले को गौरवान्वित किया है....

मर्चेंट नेवी में 7 साल अच्छे वेतनमान वाली नौकरी को छोड़कर अपने कढर बनने के सपने को पूरा करने में आलोक ने दिन रात एक कर दिया ....पूर्व में यूपीएससी में दो बार लगातार चयनित होने के बाद भी आलोक ने आइएएस के लिए अपनी कोशिशों को जारी रखा....और सफल हो कर मिशाल कायम कर दिया ।

## मोटिवेशन अपनी बढ़ाई क्यों?

मैं एक सज्जन को जानता हूं जो बहुत ही ईमानदार हैं साथ ही विद्वान भी हैं। वे अपने कार्य को बड़ी ही दक्षता से निष्पादित करते हैं। लोग उनकी जानकारी व ज्ञान के भी कायल है। लेकिन जब भी कोई व्यक्ति उनसे बात करने लगता है तब वे इस प्रकार से बात करते हैं जिसके कारण बात करने वाला व्यक्ति थोड़ी ही देर में बोर हो जाता है और सिखक लेना चाहता है।

जानते हैं इसका कारण क्या है? वे आत्मप्रशंसा की आदत से ग्रसित हैं। वे अपनी बात-चीत के क्रम में अपने द्वारा किये गये और न किये गये दोनो प्रकार के कार्य का उल्लेख करने के क्रम में किसी दूसरे की कोई बात करना पंसद नहीं करते हैं। उनकी आदत बन गयी कि किसी दूसरे के बेहतर कार्य को कभी-कभी अपना कार्य बताकर उसका भी श्रेय लेने का प्रयास करते हैं। यह स्वभाव ऐसा है कि आंरभिक कुछ दिनों तक लोग उसे सामान्य तौर पर लेते हैं लेकिन कुछ माह के बाद लोग उनसे कतराने लगते हैं।

मैंने पहले ही कहा है कि वे बुद्धिमान और कार्य में दक्ष हैं इसलिए लोग विशेष कर अधिकारी उनसे राय-सलाह लेने जाते हैं। इस क्रम में भी वे उन अधिकारियों के पूरे कार्य का श्रेय खुद ले लेते हैं। अपने गुणगान और महिमा वाले ये अधिकारी की चर्चा अब उनके गुण के कारण कम और उनकी आत्मप्रशंसा के लिए ज्यादा होने लगी है। उनका उपनाम महिमा पुराण रख दिया गया है।

सवाल यह है कि क्या हमें अपने आप की प्रशंसा खुद करना चाहिए। विशेषकर युवा अगर इस प्रकार के गुण से घिर जाता है तो उसके बेहतर दोस्त उससे अलग हो जाते हैं। यही नहीं उसकी सफलता पर भी प्रश्न



एडी बाधवा

चिन्ह खड़ा हो जाता है। अकेलापन और उदासी ही उनके मित्र रह जाते हैं। कभी-कभी हम दो चार दिन तक इस प्रकार की आदत से घिर जाते हैं। अपनी प्रसंशा कभी भी सही दिशा में नहीं ले जाती है। किसी भी व्यक्ति की सफलता में उसके मेहनत और गुणों का समावेश होता है। इसलिए अपनी प्रसंशा को बहुत बड़ा अवगुण माना गया है। हम सबको आत्मचिंतन करना चाहिए कि कहीं हम आत्मप्रशंसा का शिकार तो नहीं हो रहे हैं। अपने गुण का बखान करना सबसे बड़ा अवगुण माना गया है।

ध्यान दें कि लोग आपको देखकर कहीं खिसकने की तैयारी तो नहीं कर रहे हैं। अगर ऐसा है तो आत्मप्रशंसा से बचें। आप अपना काम करते रहें दुनिया आपके कार्य को स्वीकार्य करेगा। ब्रिटेन की प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर ने कहा था कि सुदंर स्त्रियों को बताना नहीं पड़ा कि वे सुदंर हैं। अपने भी बचे और वैसे लोगों को भी सलाह दें कि वे अपनी बढ़ाई खुद न करें।

**लेखक मोटिवेटर सह सीएमए हैं।**

## झारखंड एसएससी एग्जाम

### प्रतियोगिता परीक्षा मॉडन प्रश्न

**अनल कुमार**

■ मुहम्मद गोरी किसको भारत के विजित प्रदेशों का शासन भार सौंपकर गजनी लौट गया था।
**कुतुबुददीन ऐबक**

■ भारत में मुसिलम साम्राज्य की स्थापना किसने की थी।
**मुहम्मद गौरी**

■ कुतुबुद्दीन ऐबक ने हिन्दू मंदिरों को तोड़कर उनकी सामग्री से किन-किन माछजदों का निर्माण करवाया था। **दिल्ली में कुबत उल-इस्लाम' तथा अजमेर में ढाई दिन का झोपड़ा**

■ 'लाख बख्श' के नाम से कौन प्रसिद्ध हैं। **कुतुबुददीन ऐबक**

■ कुतुबमीनार को किसने पूरा करवाया था । **इल्तुतमिश ने**

■ 'इक्ता प्रणाली' को किसने चलाई थी । **इल्तुतमिश**

■ दिल्ली सल्तनत की प्रथम महिला सुल्तान कौन थी
। **रजिया बेगम**

■ 'तुर्कान-ए-चुहालगानी' ( चालीस तुर्की गुलामों का संगठन ) की स्थापना किसने की थी।
**इल्तुतमिश**

■ 'दिवान-ए-रियासत' की स्थापना किसने की थी।
**अलाउददीन खिलजी**

■ कौन सुल्तान उलेमा की इच्छाओं का पालन नहीं करता था।
**अलाउददीन खिलजी**

■ सांकेतिक मुद्रा को किसने जारी किया था।
**मुहम्मद बिन तुगलक ने**

■ किसे 'पागल बादशाह' कहा जाता है।
**मुहम्मद-बिन-तुगलक को**



■ किसने नहरों का निर्माण करवाया था।
**फिरोजशाह तुगलक ने**

■ चौसा का युद्ध कब और किसके बीच हुआ था।
**शेर खाँ और हुँमायूँ के बीच**

■ 'हुमायुँनामा' पुस्तक की रचना किसने की थी।
**गुलबदन बेगम**

■ धार्मिक वाद-विवाद एवं सत्य की खोज हेतु अकबर ने किसकी स्थापना की थी।
**फतेहपुर सीकरी में इबादत खाना की**

■ 1581 में अकबर ने किस धर्म का प्रतिपादन किया था।
**दीन-ए-इलाही**

■ अकबर के दरबार में नवरत्न कौन-कौन से थे
मुल्ला दो प्याजा- हकीम हुमाम,अब्दुलर्रहिम खानखाना, अब्बुल फजल, तानसेन, राजा मानसिह] राजा टोडरमल] फैजी और बीरबल

■ जहाँगीर का न्याय से सम्बनिधत क्या विख्यात है।
**न्याय की जंजीर**

■ नूरजहां ळ मेहरूनिनसा ० से किसने शादी की थी
**जहांगीर ने**

■ गुलाब के इत्र का आविष्कार किसने किया था
**नूरजहां बेगम ने**

■ जहाँगीर के शासनकाल में कौन-कौन से ब्रिट्रिश व्यापारी मुगल दरबार में आये थें
**कप्तान हाकिन्स पाल केनिंग सर टामस रो**

■ शालीमार बाग ळ कश्मीर वकिसने लगवाया था।
**जहांगीर ने**

■ सिख धर्म के किस गुरू को जहाँगीर ने हत्या करवा दी थी।
**गुरू अर्जुनदेव को**

■ किस मुगल शासनकाल में चित्रकला अपनी चरमसीमा पर पहुँच गयी थी& जहाँगीर

**डायरेक्टर, करियर प्लस संस्थान,रातू रोड रांची**

## एडमिशन एलर्ट



■ अगर आप कर्नाटक से बीटेक करना चाहते हैं, तो हम आपको यहां के टॉप-10 कॉलेज के बारे में बता रहे हैं। जहां एडमिशन लेकर आप अपना करियर संवार सकते हैं। इन कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों का आसानी से लाखों रुपए का प्लेसमेंट हो जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं टॉप-10 इंजीनियरिंग कॉलेज के बारे में...

■ जैन यूनिवर्सिटी- जैन यूनिवर्सिटी बेंगलुरु में स्थित है। हालांकि, यह एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी है। यहां पर बीटेक के विभिन्न ट्रेड में एडमिशन दिया जाता है। इसकी ठकफत्त्न रैंक 115 है। ऐसे में जेईई की परीक्षा में पास अभ्यर्थियों के लिए ये बढ़िया विकल्प हो सकता है।

■ पीईएस यूनिवर्सिटी- पीईएस यूनिवर्सिटी की एआइआर रैंक 100 है। यह भी एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी है। यहां पर बीटेक के विभिन्न कोर्स संचालित किए जाते हैं। अधिक जानकारी अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर चेक कर सकते हैं।■ एसआईटी तुमकुर- यह तुमकुर में स्थित है। इसकी एआइआर रैंक 97 है। ऐसे में छात्र यहां से भी बीटेक की पढ़ाई कर सकते हैं। छात्रों को बढ़िया प्लेसमेंट भी मिलता है। अधिक जानकारी ऑफिशियल वेबसाइट से चेक किया जा सकता है।■ आरवीसीई बेंगलुरु-आरवीसीई बेंगलुरु की अकफ 89 रैंक है। यहां पर अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट के विभिन्न कोर्स संचालित किए जाते हैं। अधिक जानकारी ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर चेक कर सकते हैं।

■ बीएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग- इस कॉलेज की रैंक 83 है। यह कॉलेज बेंगलुरु में स्थित है। यहां पर ग्रेजुएशन और पोस्टग्रेजुएशन के विभिन्न कोर्स संचालित किए जाते हैं। अधिक जानकारी ऑफिशियल वेबसाइट पर चेक किया जा सकता है।■ आईआईआईटी बेंगलुरु-आईआईआईटी बेंगलुरु की अकफ 81वीं रैंक है। यहां पर इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के अलावा विभिन्न ट्रेड में बीटेक के कोर्स संचालित किए जाते हैं।■ एमआइटी मणिपाल- छात्र एमआइटी मणिपाल से बीटेक कर सकते हैं। इस कॉलेज की रैंक 55 वीं हैं। यहां पर बीटेक विभिन्न ट्रेड में कराया जाता है। अधिक जानकारी अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर चेक कर सकते हैं।

■ वीटी यूनिवर्सिटी वीटी यूनिवर्सिटी की एनआईआरएफ रैंक 49 है। यह कॉलेज बेलगाम में स्थित है। इसके पूरे भारत में 200 संबंद्ध कॉलेज भी हैं।■ एनआइटी सूरतकाल- छात्र बीटेक की पढ़ाई एनआइटी सूरत काल से भी कर सकते हैं।एआइआर रैंकिंग 10 है। यहां पर विभिन्न ट्रेड में बीटेक कराए जाते हैं। अधिक जानकारी अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर चेक कर सकते हैं।



## विवेक मन्त्र

**मानव** मन ब्रंम्ह को जानने का उत्कट प्रयास में इन दो विद्या और अविद्या नामक पृथक साघनों का वरण करने में अनिचिय की स्थिति में पड़ा जाता है। ये दोनों साधन एक दूसरे के विपरीत फल दिया करते हैं। भोग प्रधान साधन अविद्या है और जिनकी आसिक्ति भोगों में है वह कल्याण साधन विद्या के क्षेत्र में अग्रसर नहीं हो सकता है। इसी प्रकार जिसके लिए कल्याण का साधन विद्या ही प्रधान है। उसकी आसक्ति विद्या में नहीं होगी। ऐसे सज्जनों के मन को भोग के साधन अपनी ओर आकृष्ट नहीं कर पाते हैं।

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



## एडमिशन एलर्ट

**सवाल:** एसएससी की परीक्षा में सफल होना चाहता हूं मार्गदर्शन करें। अविनाश रांची, प्रकाश कुड़ू, **निशा चंदवा,**

**जवाब:** गणित, रीजनिंग,जीएस और अंग्रेजी के 50-50 अंक के सवाल पूछे जाते हैं। सातवीं से लेकर दसवीं तक के एनसीइआरटी की पुस्तकों का गहन अध्ययन करें। आरएस अग्रवाल का गणित, आरबी सिन्हा का अंग्रेजी और अजय चौहान का रीजनिंग उपयोगी है। प्रतिदिन एक सेट का प्रैक्टिस से आपको काफी लाभ होगा। क्विज में हिस्सा लेना से समसामयिक विषयों की तैयारी होती है।

**सवाल:** वाकेशनल कोर्स का चुनाव किस प्रकार करें?
**रांची से प्रदीप,** सुनीता, लोहरदगा से सुनील

**जवाब:** किसी खास तरह के जॉब और प्रोफेसन के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। अपनी रूचि और दिलचस्पी के हिसाब से कोर्स लेना चाहिए। दसवीं के बाद ही संभावना और क्षमता के अनुसार कोर्स लें। बीबीए, बीसीए सहित कई कंप्यूटर से संबंधित कोर्स है। करियर को उंचाईयों तक ले जाया जा सकता है।

समाज **सवाल:** सीएमए में किस प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं?

**जवाब:** सीएमए में शार्ट टाईप सवाल पूछे जाते हैं। इसकी तैयारी के लिए एकाउंट और एकांउटेंट स्टेनर्डड विषय की तैयारी करें अवश्य सफल होंगे। सामान्य तौर पर इस परीक्षा में सफलता का प्रतिशत कम होता है।



## करियर जोन

**सवाल:** वन एवं पर्यावरण विभाग की नौकरी के लिप्र कौन सा कोर्स करना आवश्यक है? **कमल पेटरवार**

**जवाब:** वन एवं पर्यावरणविभाग में नौकरी के लिए विशेषकर राजपत्रित वर्ग के लिए जीव विज्ञान सहित स्नातक होना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त कई पद के लिए माध्यमिक परीक्षा उतीर्ण होना पर्याप्त है। वर्ग एक के पद के लिए यूपीएससी अलग से परीक्षा आयोजित करता है जिसमें सफल होकर डीएफओ बन सकते हैं।

**सवाल:** मैंने नालंदा ऑपेन यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया है क्या में विविध प्रतियोगिता जैसे एसएससी, रेलवे और बैंक में आवेदन करें। **अंशु गुमला**

**जवाब:** यह मान्यता प्राप्त ऑपेन यूनिवर्सिटी है। बिहार सरकार कीइस यूनिवर्सिटी की मान्यता किसी भी परीक्षा में है। आप परेशान न हों ऐसे अफवाह से बचें। देश में यूजीसी के वेबसाइट पर मान्यता प्राप्त ऑपेन यूनिवर्सिटी की सूची उपलब्ध है आप उसे देख सकते हैं। इग्नू सहित एक दर्जन से ज्यादा यूनिवर्सिटी निजी और सरकार क्षेत्र में है। आप आगे नियमित कोर्स से पोस्ट ग्रेजुएट भी कर सकते हैं।

**सवाल:** सिविल सर्विस की तैयारी का सही समय क्या है? **अनिकेत लोहरदगा**

**जवाब :** यह आपकी शैक्षणिक स्थिति पर निर्भर करता है कि आप कब तैयारी आंरभ करें।

**ई-मेल**

career.kmantra@gmail.com पर अपना सवाल भेज सकते हैं सवाल का जवाब हम प्रकाशित करेंगे।

स्पीड न्यूज

## शिविर में हुई 6.30 लाख राजस्व की हुई वसूली

**रामगढ़।** बासुकीनाथ विद्युत आपूर्ति विभाग द्वारा रामगढ़ प्रखंड के कड़बिंधा बाजार, ढाडीहाट बाजार एवं महुबना बाजार में गुरुवार को बिजली बिल बकाया वसूली शिविर आयोजित हुई। जिसमें उपभोक्ताओं ने बकाया बिजली बिल की राशि जमा किया। विभाग ने कुल छह लाख तीस हजार रुपया राजस्व की वसूली की। जिसमें कड़बिंधा बाजार में 2.78 लाख ढाडीहाट बाजार में 90 हजार एवं महुबना बाजार में 2.62 लाख की राजस्व की जमा हुए। कनीय अभियंता नितेश कुमार ने वेसे बिजली उपभोक्ताओं से अपील करते कहा कि जिन बिजली उपभोक्ताओं का 4 हजार से अधिक बिजली बिल है। वह जल्द से जल्द अपना बिजली बिल जमा कर दें, अन्यथा विभाग उनके घरों से बिजली कनेक्शन डिस्कनेक्ट कर देगी। उन्होंने लोगों सरकार द्वारा बिजली बिल बकाया में सूद माफी योजना का लाभ उठाने का अपील किया है। मौके पर कनीय अभियंता नितेश कुमार, बिजली कर्मियों में परमेश्वर प्रसाद, कुन्दन कुमार, संतोष कुमार, विकास पाल, रिंकु कुमार, सुनील कुमार, धर्मदेव आदि मौजूद थे।

## पांच दिवसीय समर केम्प का आयोजन हुआ

**दुमका।** प्रखंड स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुमिरदहा में 5 दिवसीय समर कैंप स्कील फेस्ट का सुभारम्भ गुरुवार को हुआ है। केम्प का उद्घटान प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ऐसथैर मुर्मू एवं करुणा रानीमंडल ने संयुक्त रूप से फिता काट कर किया। कार्यक्रम में बीपीओ मोहन ठाकुर ने केम्प की महत्ता पर प्रकाश डाला है। स्कूली छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। आज कक्षा 3 से 5 तक के बच्चों के लिए हिंदी रीडिंग स्पीड प्रतियोगिता तथा कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों के लिए कवीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। केम्प का संचालक स्कूल के वरीय शिक्षक प्रकाश चंद्र दास ने किया।

## आरक्षण समेत विभिन्न मुद्दो को लेकर भाजपा ओबीसी मोर्चा ने किया धरना प्रदर्शन

**दुमका।** भाजपा ओबीसी मोर्चा ने हेमंत सरकार के खिलाफ गुरूवार को पुराने समाहरणालय परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष पिंटू साह ने किया। इस अवसर पर सरकार के जनविरोधी नीतियों पर धरना प्रदर्शन कर विरोध किया। धरना प्रदर्शन राज्य की हेमंत सरकार के द्वारा पिछड़ी जाति आरक्षण को लेकर उदासीन रवैया अपनाने, पंचायत चुनाव में ओबीसी को हक से वंचित कर नगर निगम चुनाव की तैयारी को भी उसी आधार पर करने की प्रकिया में चल रही है। जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने में हो रही परेशानी, नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण दिलाने के लिए आयोग गठन एवं ट्रिपल टेस्ट सर्वे शुरू करवाने, मनरेगा मजदूरों नियमित रोजगार, नियमित मजदूरी भुगतान एवं आयुष्मान भारत योजना का लाभ गरीबों को दिलाने के विषय जैसे विभिन्न मांगो को लेकर लेकर धरना दिया गया।

## डालसा 14 जून तक सुलह से वादों का करायेगी निपटारा

**दुमका।** न्याय आपके द्वार कार्यक्रम में चलंत लोक अदालत वाहन लोगों को जागरूक करने के लिए गुरूवार को मसलिया प्रखंड पहुंची। जहां प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम का चलाया गया। कार्यक्रम मे डालसा सचिव ने मध्यस्थता के बारे में बताया। कहा, मध्यस्थता एक ऐसा मंत्र है। जिससे विवादों का निपटारा तुरंत होता है। उनसे होने वाले लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने 29 मई से 14 जून तक चलने वाले मन का मिलन पखवाड़ा के बारे में बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए जोर-शोर से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्राधिकार के आधिकारिक यूट्यूब चैनल द्वारा भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिसमें परामर्श की सेवाएं दी जायेंगी। लंबित या मुकदमा पूर्व स्तर के मामलों का आवेदन लेकर विधिक सुझाव दिये जाएंगे। 29 मई से 14 जून तक सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक डालसा कार्यालय में प्रशिक्षित मध्यस्थ लोगों की समस्याओं को सुनेंगें।

# केंदूपत्ता तोड़ने गये ग्रामीण की आइइडी की चपेट में आने से मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र गोइलकेरा व टोंटो में पुलिस-नक्सली के बीच ग्रामीण पिस रहे है। आए दिन क्षेत्र में आईईडी की चपेट में आने से ग्रामीणों को जान गंवाना पड़ रहा है। बुधवार की दोपहर लगभग दो बजे टोंटो थानान्तर्गत ग्राम लुईया के आसपास जंगली-पहाड़ी क्षेत्र में एक प्रेशर आईईडी विस्फोट की घटना घटित हुई है। उक्त घटना में कांडे लागुरी उम्र लगभग 50 वर्ष पिता मूछिया लागुरी ग्राम लुईया थाना टोंटो की नक्सलियों द्वारा लगाये गये आईईडी की चपेट में आने मृत्यु हो गयी। मृतक कांडे लागुरी अपनी



फाइल फोटो

पत्नी के साथ केन्दूपत्ता तोड़ने जंगल की ओर गये थे। मालूम हो कि पिछले चार-पाचं महीने के भीतर आईईडी विस्फोट की घटना में करीब दस निर्दोष ग्रामीणों की जान जा चुकी है। घटना की सूचना प्राप्त होते ही चाईबासा पुलिस एवं सीआरपीएफ की 193 व 197 बटालियन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए मृत कांडे लागुरी को ग्रामीणों के सहयोग से घटना स्थल से निकालकर सदर अपस्ताल चाईबासा में पोस्टमार्टम कराया गया। घटना में चाईबासा पुलिस गहरी संवेदना प्रकट करते हुए नक्सलियों के इस अस करतूत को कायराना करार दिया है। साथ ही कहा झारखंड पुलिस आम जनता की सेवा में सदैव तत्पर है और ग्रामीणों की सुरक्षा हेतु सघन नक्सल विरोधी अभियान का संचालन जारी रहेगा।

# हतनातोडांग पंचायत में आंधी-तूफान से कई घरों के छत उड़े, मुआवजे की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड क्षेत्र के इलाकों में आंधी तूफान से भारी नुकसान पहुंचा है। आंधी तूफान के कारण हतनातोडांग पंचायत के मुलडिया टोला के बीरेंद्र हासदा,आशाई केराई एवं मानकी हासदा के घर का छत उड़ गया। जिससे तीनों को हजारों रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डा. विजय सिंह गागराई को दी। विजय गागराई ने गुरूवार को घटना स्थल जाकर नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित परिवार को



आश्वासन दिया कि उन्हें हर संभव मदद दिलायी जाएगी। उन्होंने कहा इसकी जानकारी बीडीओ, सीओ एवं डीसी को देकर प्रभावित ग्रामीणों को मुआवजा देने की मांग की जाएगी।

उन्होंने कहा आपदा प्रबंधन के तहत सरकार पीड़ित परिवार को मुआवजा प्रदान करती है। मालूम हो कि चक्रधरपुर के अन्य हिस्सों में तेज आंधी तूफान के कारण कई पेड़ उखड़कर गिर गए थे। जिससे क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। डा. विजय सिंह गागराई ने प्रशासन से अविलंब पीडित परिवार को सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा देने की मांग की है।

## यू-ट्यूब का सिल्वर बटन, अमेरिका से पहुंचे पार्सल को देखने को लगी भीड़

**मसलिया।** यूनाइटेड स्टेट अमेरिका से पार्सल यूट्यूब का सिल्वर बटन मसलिया प्रखंड के ग्राम पंचायत रानीघाघर के 23 वर्षीय करण कुमार को मिला। जैसे ही इसकी खबर गांववालों को लगा तो इस पार्सल को देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। करण को चारों तरफ से बधाईयां मिल रही है। करण ने बताया कि वह यूट्यूब में तीन वर्ष पूर्व अपने अर्थशास्त्र में स्नातक की पढ़ाई के दौरान धनबाद में होस्टल में शुरू किया था। जब वह स्वयं को अकेला पाता तो यूट्यूब में सत्यता के आधारित फेक्ट वीडियो बनाने शुरू किया। अपने छोटे से फोन से शुरू कर लगातार दो साल तक मेहनत करते रहे। यूट्यूब में चैनल मोनोटाईज होने के बाद पहली कमाई आने के बाद एक कीमती मोबाइल लेकर वीडियो बनाकर अपनी आवाज डालकर वीडियो अपलोड करता रहा। अब तक चैनल का सब्सक्राइबर तीन लाख चौरासी हजार है। वहीं उनके बनाये वीडियो को छह मिलियन तक लोगों द्वारा देखा जाता है। अब तक चैनल में दो सौ मिलियन व्यूज आ चुका है। करण अपनी मेहनत और इस सफलता के पीछे पिता दुलाल पाल व मां शांति देवी का हाथ बताते हैं। उनका कहना है कि मां और पिताजी हमेशा ऐसे कार्यों के लिए प्रेरित करते रहते हैं। करण का कहना है कि आज के समय में जो बच्चे अच्छी तैयारी के बाद नौकरी नहीं कर पाते हैं या सरकार की ओर से नौकरी की रिक्तियां नहीं मिलती है। जिस कारण हतोत्साहित हो जाते हैं और आक्रोशित होकर ट्रेनों व बसों को जलाने लगते हैं। वे तकनीकी ज्ञान अपनाकर भी अच्छे खासे पैसे कमा सकते हैं।

# विधायक सुखराम उरांव ने झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन को दिया लिखित समर्थन

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्राप्त समर्थन प्राप्त पत्र का समर्थन करते हुए नियोजन नीति में सकारात्मक संशोधन के उपरांत स्थानीय अभ्यर्थियों के हित में नीति निर्धारित करने के संबंध में चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गुरुवार को एक पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि झारखंड जो बिहार का अंश था अलग हुए 23 वर्ष हो चुके हैं। बिहार पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा- 85 के उपबंधों के अधीन प्रदत शक्तियों के अंतर्गत प्रदत विधियों के अनुकूलन की शक्ति का प्रयोग करते हुए नियोजन में जिला के



स्थापना समिति के माध्यम से जिला रोस्टर के आलोक में जिला संवर्ग की तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय पदों पर नियुक्ति अविलंब कराने की कृपा की जाए। उन्होंने पत्र में स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार अपनी इच्छाशक्ति जाहिर करते हुए झारखंड के स्थानीय बेरोजगार छात्रों के हित में तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय रिक्तियों को भरने के लिए उल्लेखित तथ्यों के आधार पर नियोजन नीति निर्धारित करेंगे। समर्थन प्राप्ति के दौरान झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के प्रतिनिधिमंडल के रूप में बसंत महतो, बासिल हेंब्रम, दीपक महतो, हिमांशु महतो, कुशल मांझी, रविन्द्र नाथ, शिव कुमार बोदरा, किशोर कुमार, रूपेश महतो एवं अन्य मौजूद थे।

एक नजर में

## एसएसबी ने तीन युवकों को ब्राउन शुगर-शराब के साथ किया गिरफ्तार

**अररिया।** भारत-नेपाल सीम के अररिया जिला अन्तर्गत फारबिसगंज के मटियारी पंचायत में एसएसबी ने गुप्त सूचना के आधार पर तीन युवकों को ब्राउन शुगर,नेपाली और अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। एसएसबी ने मौके से भारतीय मुद्रा 84 हजार 315 रुपये,नेपाली मुद्रा 180 रुपये, छह मोबाइल,डिजिटल छोटा तराजू,पल्सर मोटरसाइकिल संख्या बीआर 38 क्यू -5574 बरामद किया। एसएसबी की ओर से यह कार्रवाई बुधवार देर शाम को किया गया,जिसके बाद गुरुवार को फारबिसगंज थाना पुलिस को हिरासत में लिया गया युवक के साथ जब्त समान को प्राथमिकी दर्ज कराते हुए सौंप दिया। एसएसबी की ओर से पकड़े गए युवकों में मटियारी भट्टाबाड़ी के नुनिया टोला के रहने वाले 48 वर्षीय मंटू मंडल पिता -लोचन मंडल,फारबिसगंज वार्ड संख्या तीन के निवासी 24 वर्षीय शुभम कुमार दत्ता पिता- मंगल दत्ता और मटियारी गांव के रहने वाले 22 वर्षीय अमन कुमार दास पिता-उमेश प्रसाद दस हैं।एसएसबी ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना पर भट्टाबाड़ी के नुनिया टोला के मंटू मंडल के घर से की। फारबिसगंज थाना में दर्ज कराए गए एफआईआर में एसएसबी ने बताया कि गुप्त सूचना पर छापेमारी करने पर मंटू मंडल के घर से नेपाली दिलवाले शराब 120 बोतल,भूरे रंग का पाउडर के रूप में ब्राउन सुगर 8.5 ग्राम,दो बोतल अंग्रेजी शराब,84 हजार 315 रुपये भारतीय मुद्रा और 180 रुपये नेपाली मुद्रा,छह मोबाइल,डिजिटल माप तौल करने वाली छोटी मशीन,पल्सर मोटरसाइकिल संख्या बीआर 38क्यू/5574 बरामद किया गया। एसएसबी 56 वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट आनंद सिंह भंडारी की मौजूदगी में एसएसबी अधिकारियों ने समान की जब्ती की।मामले में फारबिसगंज थाना में प्राथमिकी कांड संख्या 458/23 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री का आचरण महिला विरोधी : रालोजद

**कटिहार।** राष्ट्रीय लोक जनता दल के कटिहार जिला अध्यक्ष उमाकांत आनंद ने महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री सुरेंद्र यादव को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग राज्यपाल से की है। इस संदर्भ में गुरुवार को राष्ट्रीय लोक जनता दल के राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत कटिहार जिला में भी पार्टी के जिला अध्यक्ष उमाकांत आनंद के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने सहकारिता मंत्री को बर्खास्त करने को लेकर जिला पदाधिकारी के माध्यम से बिहार के राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा। उल्लेखनीय है कि गया जिले के टनकुप्पा प्रखंड में जिला परिषद के निर्वाचन क्षेत्र संख्या आठ से करिश्मा कुमारी बड़े अंतर से जिला परिषद की सदस्य निर्वाचित हुई। सहकारिता मंत्री ने उक्त महिला के कथित रूप से अमर्यादित कपड़ा पहन कर वोट प्राप्त करने का आरोप लगाया है।उन्होंने इस दौरान कई अन्य व्यक्तिगत टिप्पणी भी किए, साथ ही यह भी कहा कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो मैं (सुरेंद्र यादव) और तेजस्वी यादव भी चुनाव हार जाएंगे। उमाकांत आनंद ने कहा कि बिहार की जनता इस तरह की मानसिकता वाले व्यक्ति को स्वीकार नहीं कर सकती है। उपरोक्त मंत्री पर पूर्व में भी महिला विरोधी कार्य और आपराधिक कृत्य के आरोप लगते रहे हैं, जो रिकॉर्ड पर है। रालोजद ने राज्यपाल से आरोपित सहकारिता मंत्री को अविलंब बिहार मंत्रिमंडल से बर्खास्त और पीडित महिला को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, प्रदेश सचिव उपेंद्र सुमन, प्रदेश सचिव पिंकू कुमार, सन्तोष मेहता सहित दर्जनों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## तीन लोगों की हत्या की गुत्थी मुजफ्फरपुर पुलिस ने सुलझायी

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र के कोल्हापुर पैगम्बर इलाके में 30 अप्रैल से लेकर 8 मई के दौरान तीन लोगों की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। मुजफ्फरपुर एसएसपी राकेश कुमार के द्वारा सिटी एसपी अमरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। इस टीम में नगर डीएसपी राघव दयाल अहियापुर के थानेदार अरुण कुमार, डीआईयू के प्रभारी मो. सुजाउद्दीन के साथ-साथ एसआईटी और थाना के कुछ पुलिस पदाधिकारी और जवान को शामिल किया गया। जिसके बाद सादे लिबास में पुलिस की टीम अहियापुर थाना क्षेत्र के कोल्हुआ पैगंबरपुर इलाके में नजर रखनी शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस को यह सूचना मिली कि एक महिला द्वारा कई मोबाइल फोन बेचा जा रहा है। कई लोगों ने खरीदा है जिसके बाद 1 लोग को जो मोबाइल खरीदा था उसे पुलिस ने दबोचा और पूछताछ के क्रम में यह पाया कि उक्त मोबाइल फोन हत्याकांड जिस मजदूर का हुआ था उसका था ।जिसके बाद परत दर परत पूरे राज पर से पर्दा हटा। चार घटना घटी थी जिसमें तीन की हत्या कर दी गई थी और 1 मजदूर घायल हुआ था जिसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस पूरे कांड में आरोपित शिव चंद्र पासवान उर्फ भोलवा द्वारा इस पूरे हत्याकांड को अंजाम दिया गया था।

## अपहरण करने वाले तीन अपराधी औरंगाबाद से गिरफ्तार, अपहृत बरामद

**बेगूसराय।** बेरोजगार युवकों को नौकरी दिलाने के नाम पर इंटरव्यू के लिए अन्य जिले में बुलाकर अपहरण कर फिरौती मांगने वाले पेशेवर गिरोह का बेगूसराय पुलिस ने पदार्फाश किया है। इस मामले में बेगूसराय के अपहृत युवक के साथ तीन अपहरणकर्ता को औरंगाबाद से गिरफ्तार किया गया है। गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि छौड़ाही सहायक थाना क्षेत्र के डीही निवासी अरविंद कुमार यादव को एयरपोर्ट पर वाहन चालक की नौकरी देने के नाम पर पटना बुलाकर अपहरण करने वाले तीन अपराधियों कैमूर के कुदरा थाना क्षेत्र स्थित बरना निवासी आदर्श कुमार एवं नेउरा निवासी एहसान अंसारी तथा गया जिले के डेल्हा थाना क्षेत्र स्थित वमगामा निवासी सुजीत कुमार को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि पेशेवर अपराधियों के इस गिरोह ने जॉब इन बिहार नाम से व्हाट्सएप पर एक ग्रुप बना रखा था। गिरोह का सरगना आदर्श कुमार ग्रुप से नंबर लेकर रोजगार के जरूरतमंद लोगों को फोन कर बुलाता और अपहरण कर लेता था। इसी के चक्कर में जब अरविंद कुमार यादव फंस गया तो आदर्श ने पटना एयरपोर्ट पर चालक की नौकरी देने के लिए इंटरव्यू के नाम पर 22 मई को पटना बुलाया। पटना में गाड़ी पर बैठा कर गया में इंटरव्यू होने की बात कहकर मानपुर ले गए।

### कोयला उत्खनन के बाद जमीन को वापस देने की मांग पर अड़े रैयत

# जमीन के बदले मिलेगा उचित मुआवज : उपायुक्त

## कम्पनी और रैयतों के बीच तू-तू-में-में से शुरू हुई वार्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोपीकांदर।** पछवाड़ा साउथ कोल ब्लॉक के बैनर तले नवेली उत्तरप्रदेश पावर प्रॉजेक्ट लिमिटेड ने एक बार फिर कोल ब्लॉक से प्रभावित मोहुलडाबर, कुंडापहाड़ी और चिरुडीह गांव में बैठक आयोजित हुई। बैठक में कोल ब्लॉक से प्रभावित परिवारों की समस्याओं का समाधान के लिए बैठक आयोजित की गई थी। लेकिन रैयतों ने एक बार फिर यह साफ कर दिया कि कोयला उत्खनन करने के बाद जमीन को समतल कर रैयतों को वापस किया जाना होगा। बैठक तीनों ही गांवों में गुरुवार को अलग-अलग समय में हुई। बैठक में एनयूपीपीएल के



अधिकारियों के अलावे मुख्य रूप से उपायुक्त रविशंकर शुक्ला शामिल हुए। उपायुक्त ने मोहुलडाबर और कुंडापहाड़ी ग्रामीणों की समस्याओं को सुन हर सम्भव समाधान का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान पेंशन और जाति-निवासी की समस्याओं का मुद्दा छाया रहा। बैठक में उपायुक्त के अलावे अपर समाहर्ता राजीव कुमार, जिला परिषद सदस्य निशा शबनम हांसदा, प्रखंड प्रमुख मरसीलता मरांडी, सांसद प्रतिनिधि संतोष मरांडी, नवेली कोल ब्लॉक के सीजेएम सुरजीत दास, चीफ मैनेजर अनुज कुमार, डिप्टी चीफ मैनेजर विश्वेष कोंडल्या, डीसीएम अमरकांत सिन्हा सहित अन्य शामिल थे।

बैठक के दौरान कंपनी ने तीनों गांव के 5-5 रैयतों के बीच पोषाक का वितरण किया। इस दौरान उपायुक्त और कम्पनी के अधिकारियों ने रैयतों को यह आवश्वासन दिया कि मोहुलडाबर के 137, कुंडापहाड़ी के 215 और चिरुडीह के 208 रैयतों के बीच पोषाक का वितरण शुक्रवार को किया जाएगा। पोषाक में दो बैग सहित आदिवासी परिधान के कपड़े को रखा गया है। कम्पनी के अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को तीनों गांव के ग्राम प्रधान के पास बाकी पोषाक पहुंचा दिया जाएगा। जिसके बाद रैयतों में बांटा जाएगा। हालांकि रैयतों में यह चर्चा होता रहा कि क्या पोषाक देने के लिए ही यह बैठक रखा गया है।

कोल ब्लॉक से प्रभावित मोहुलडाबर और कुंडापहाड़ी गांव में शांतिपूर्ण बैठक होने के बाद चिरुडीह में बैठक शुरू हुई। बैठक में कम्पनी और रैयतों के बीच तू-तू-में-में से ही वार्ता शुरू हुई।

# नये संसद भवन के उदघाटन का विरोध लोकतंत्र का अपमान : तारकिशोर प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**कटिहार।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने संसद के नए भवन के उदघाटन पर 19 विपक्षी दलों द्वारा उदघाटन समारोह के बहिष्कार को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने गुरुवार को यहां कहा कि विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश भारत के संसदीय स्तंभ के रूप में नए संसद भवन के उदघाटन का विरोध भारत के लोकतंत्र का अपमान हैं। विपक्ष भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बढ़ते कद्दावर व्यक्तित्व से घबरा गया है एवं अवसाद में हैं । पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में भी बिहार विधान मंडल



के विस्तारित भवन का उदघाटन मुख्यमंत्री ने किया था। छत्तीसगढ़ राज्य में नवीन विधानसभा भवन का भूमि पूजन सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी से कराया गया था। मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष गरिमामय उपस्थिति में थे। इस तरह के विरोध से ना भारत की प्रगति रुकेगी ना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बढ़ता कद्दावर व्यक्तित्व रुकेगा। देश के सम्मान, संप्रभूता एवं स्वाभिमान पर दलगत राजनीति नही होना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करते करते यह देश विरोध पर उतर आए हैं जब दुनिया भर में भारत की साख के चर्चे हैं तब इस गौरवशाली अवसर का विरोध विपक्षी दलों की ओछी राजनीति और कुंठा से ज्यादा कुछ नहीं हैं। जो दल आज देश की संसद भवन का विरोध कर रहे हैं उन्हें देश की जनता देख रही है। उन्होंने कहा कि देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है ऐसे वक्त पर विपक्ष का विरोध भारत के लोकतंत्र में उचित नहीं हैं। उन्होंने विपक्ष से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की जिससे कि देश के लिए सत्ता एवं प्रतिपक्ष एक है यह संदेश भारत के लोकतंत्र को मजबूत करेगा।

## यूपी से शराब पीकर आ रहे जदयू के प्रदेश महासचिव को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोपालगंज।** यूपी से शराब पीकर आ रहे जदयू के प्रदेश महासचिव सह पूर्व अध्यक्ष संजय चौहान को मीरगंज पुलिस ने शराब के नशे में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार जदयू नेता ने पहले यूपी और बिहार के सीमा पर तैनात एएलटीएफ टीम को अपनी सरकार का धौंस दिखाते हुए कहा कि हमारी सरकार है ।जानते नहीं हो मैं कौन हूं लेकिन एएलटीएफ टीम के सहायक दारोगा अर्जुन प्रसाद और होमगार्ड जवान अनिल कुमार और संतोष कुमार ने नेता की एक बात नहीं सुनी और उसे एकडेगा गांव के पास से शराब के नशे में गिरफ्तार कर मीरगंज थाना लाया। एसआई अर्जुन प्रसाद ने बताया जब उसे पकड़ा गया तो पुलिस टीम का धमकाते हुए कहा कि जानते नहीं हो मैं कौन हूं। पुलिस ने कहा कि आप कौन है उसे पुलिस को क्या लेना देना है। बिहार में आपकी सरकार ने ही शराब बंदी की है। फिर आप शराब पीकर नशे में है। उसके साथ की होमगार्ड के जवानों के धक्का मुक्की करने लगे। एएलटीएफ टीम ने शराब के नशे में गिरफ्तार जदयू नेता सहित दो लोगों को मीरगंज थाना को सौंप दिया। गिरफ्तार जदयू नेता को मीरगंज पुलिस ने हाजत के बजाय थाने में बेंच पर बैठा। गुरुवार को गिरफ्तार जदयू नेता को न्यायालय भेजा गया। मीरगंज थाना में जदयू नेता की गिरफ्तारी होने की सूचना मिलने पर मीडिया को देख प्रदेश महासचिव ने न्यायालय जाने के क्रम में अपना मुंह ढ़क लिया। जिसमें स्थानीय चौकीदार भी उसे मीडिया से बचाने में सहयोग करते रहा।

# बिहार की राजनीति में भाजपा के खिलाफ महागठबंधन के ट्रंप कार्ड हैं आनंद मोहन

**पटना (हि.स.)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बिहार में महागठबंधन ने आनंद मोहन को जेल से निकालकर एक ट्रंप कार्ड जो खेला है, उससे भाजपा को नुकसान पहुंच सकता है। ऐसा मानना है बिहार की राजनीति को नजदीक से जानने वाले राजनीतिक पंडितों का। बिहार में लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर भाजपा ने बूथ जीतो चुनाव जीतो के नारे के साथ अपनी रणनीति बना ली है लेकिन भाजपा के रथ को रोकने के लिए नीतीश कुमार ने बीते दिन अगड़ी जाति से आने वाले आनंद मोहन को जेल से रिहा कराकर एक ट्रंप कार्ड खेला है। हालांकि, यह कार्ड कितना



सफल होगा यह तो 2024 के चुनाव नतीजे आने के बाद ही पता चलेगा। वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण बागी ने कहा कि जिस तरह से आनंद मोहन भाजपा के खिलाफ प्रचार कर रहे हैं उससे वे एक नैरेटिव सेट कर सकते हैं। अगर समय रहते भाजपा ने उनका तोड़ नहीं खोजा तो काफी सीटों पर वे प्रभाव डाल सकते हैं और भाजपा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। वरिष्ठ पत्रकार मुकेश कुमार ने कहा कि आनंद मोहन के भाजपा के विरोध में प्रचार करने से कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा लेकिन एक माहौल बनने के बाद भाजपा को नुकसान जरूर पहुंचा सकते हैं। क्योंकि, अगड़ी जाति के मतदाता भाजपा का बिहार में कोर वोट बैंक हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से महागठबंधन के नेता अगड़ी जाति को लुभाने में लगी है उससे यह वर्तमान में लग रहा है कि बिहार में भाजपा को नुकसान हो सकता है। कांग्रेस ने अगड़ी जाति के अखिलेश सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। इसी तरह से जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह भी भूमिहार जाति से आते हैं। आनंद मोहन को जेल से रिहा कराकर जदयू-राजद ने राजपूत जाति को भाजपा से अलग करने की रणनीति बनाई है, जिसमें वे फिलहाल सफल होते दिख रहे हैं। वरिष्ठ पत्रकार महेश सिन्हा ने कहा कि आनंद मोहन को लेकर जो चर्चा चल रही है कि वे जेल से निकलने के बाद अगड़ों को महागठबंधन के पक्ष में एकत्रित करेंगे तो अब यह संभव नहीं है। आनंद मोहन राजपूत समाज से आते हैं लेकिन उनकी छवि बाहुबली के रूप में हैं। वे राज्यभर के अगड़ी जाति के लोगों को महागठबंधन के पक्ष में नहीं ला पायेंगे। क्योंकि, बिहार अब 90 के दशक का बिहार नहीं है, जहां बाहुबलियों को तवज्जो दी जाती थी।

# क्वॉलिफायर-2: फाइनल के लिए भिड़ेगी गुजरात और मुंबई



## हार्दिक पंड्या को अहमदाबाद में हराना मुश्किल

इसमें कोई शक नहीं है कि अहमदाबाद में हार्दिक पंड्या की टीम को हराना मुंबई के लिए आसान नहीं होगा। हालांकि, पिछले कुछ मैचों में जिस अंदाज में मुंबई इंडियंस खेली है उससे अब उसके चैंपियन बनने के चांसेज बढ़ गए हैं। बावजूद इसके टेबल टॉपर रही गुजरात के पास कई मैच विनर हैं जो मुंबई को कड़ी टक्कर देंगे।





### हेड टू हेड

आइपीएल में गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच 3 मुकाबले हुये हैं और मुंबई का पलड़ा 2-1 भारी रहा है। गत चैंपियन गुजरात टाइटंस ने इस सीजन मुंबई के खिलाफ एकमात्र मैच में जीत दर्ज की थी।

एजेंसी

**अहमदाबाद।** आकाश मधवाल की उत्कृष्ट गेंदबाजी से एलिमिनेटर में लखनऊ सुपरजाइंट्स पर बड़ी जीत दर्ज करने से उत्साहित मुंबई इंडियंस की टीम को शुक्रवार को यहां होने वाले आइपीएल के दूसरे क्वालीफायर में गत चैंपियन गुजरात टाइटंस की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। मधवाल ने बुधवार को चेन्नई में खेले गये एलिमिनेटर में पांच रन देकर पांच विकेट लिए जिससे पांच बार के आईपीएल चैंपियन मुंबई ने लखनऊ को 81 रन से करारी शिकस्त दी। जसप्रीत बुमराह और जोफ्रा आर्चर जैसे खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के बावजूद मुंबई की यह बड़ी जीत दूसरी टीमों के लिए खतरे की घंटी है। मुंबई का इस सत्र में प्रदर्शन उतार-चढ़ाव वाला रहा है लेकिन अब लगता है कि उसकी टीम सही समय पर अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौट आई है। कैमरन ग्रीन, सूर्यकुमार यादव और टिम डेविड ने अभी तक चुनौतियों का अच्छी तरह से सामना किया है। उनके अलावा युवा बल्लेबाज नेहल बढेरा भी अपना प्रभाव छोड़ रहे हैं जबकि रोहित शर्मा और ईशान किशन की सलामी जोड़ी भी अपनी भूमिका निभा रही है। इससे रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम अपने छठे खिताब की तरफ मजबूती से कदम बढ़ा रही है। इन बल्लेबाजों के सामने गुजरात के गेंदबाजों की कड़ी परीक्षा होगी जिसकी अगुवाई अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी कर रहे हैं। मधवाल ने लखनऊ के खिलाफ पिछले मैच में गेंदबाजी में चमत्कारिक प्रदर्शन किया। उन्होंने 3.5 ओवर में पांच रन देकर पांच विकेट लिए। टीम को उनसे इसी तरह के अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मुंबई के अन्य गेंदबाजों में अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला और तेज गेंदबाज जेसन बेहरेनडॉर्फ ने भी प्रभावशाली गेंदबाजी की है। पिछले कुछ मैचों में रन लुटाने वाले तेज गेंदबाज क्रिस जॉर्डन में लखनऊ के खिलाफ दो ओवर में सात रन देकर एक विकेट लिया जो कि मुंबई के लिए अच्छा संकेत है। गुजरात टाइटंस पहले क्वालीफायर में महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली चेन्नई सुपर किंग्स की टीम से पराजय झेलने के बाद इस मैच में उतरेगी। उसे लगातार दूसरी बार आइपीएल फाइनल में जगह बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। गुजरात के सभी खिलाड़ियों ने अभी तक अहम योगदान दिया है। बल्लेबाजी में शुभमन गिल और विजय शंकर ने शानदार प्रदर्शन किया है। गिल चेन्नई के खिलाफ अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन लीग चरण के अंतिम दो मैचों में शतक जड़ने वाला यह सलामी बल्लेबाज मुंबई के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगा। गिल ने गुजरात टाइटंस की बल्लेबाजी की जिम्मेदारी बखूबी संभाल रखी है। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उन्होंने अभी तक 15 मैचों में 722 रन बनाए हैं। गिल को इस सत्र में सर्वाधिक रन बनाकर आरसीबी के फाफ डुप्लेसी से ऑरेंज कैप हासिल करने के लिए केवल आठ रन की जरूरत है। गुजरात के लिए हालांकि कप्तान पंड्या का खराब प्रदर्शन चिंता का विषय है। उन्होंने पिछले पांच मैचों में केवल 45 रन बनाए हैं। मध्यक्रम में डेविड मिलर भी बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं।

### टीमें इस प्रकार हैं

**गुजरात टाइटन्सः** हार्दिक पंड्या (कप्तान), शुभमन गिल, डेविड मिलर, अभिनव मनोहर, साई सुदर्शन, रिद्धिमान साहा, मैथ्यू वेड, राशिद खान, राहुल तेवतिया, विजय शंकर, मोहम्मद शमी, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, प्रदीप सांगवान, दर्शन नलकंडे , जयंत यादव, आर. साई किशोर, नूर अहमद, दासुन शनाका, ओडियन स्मिथ, केएस भरत, शिवम मावी, उर्विल पटेल, जोशुआ लिटिल और मोहित शर्मा।

**मुंबई इंडियंसः** रोहित शर्मा (कप्तान), क्रिस जॉर्डन, अरशद खान, जेसन बेहरेनडॉर्फ, डेवाल्ड ब्रेविस, पीयूष चावला, टिम डेविड, राघव गोयल, कैमरन ग्रीन, इशान किशन (विकेटकीपर), डुआन जानसेन, क्रिस जॉर्डन, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल , रिले मेरेडिथ, शम्स मुलानी, रमनदीप सिंह, संदीप वारियर, ऋतिक शौकीन, ट्रिस्टन स्टब्स, अर्जुन तेंदुलकर, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, सूर्यकुमार यादव। मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

### पर्पल कैप



**मोहमद शमी**
गुजरात
**विकेट: 26**

| | |
|---|---|
| राशिद खान | गुजरात विकेट : 25 |
| पियूष चावला | मुंबई विकेट : 21 |
| यजुवेंद्र चहल | राजस्थान विकेट : 21 |
| तुसार देशपांडे | चेन्नई विकेट : 21 |

### ऑरेंज कैप



**डु प्लेसिस**
बेंगलुरु
**रन: 730**

| | |
|---|---|
| शुभमन गिल | गुजरात रन : 722 |
| विराट कोहली | बेंगलुरु रन : 639 |
| वाई. जयसवाल | राजस्थान रन : 625 |
| डेवन कॉनवे | चेन्नई रन : 625 |

## भारत ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिये तैयारियां शुरू कीं

**लंदन।** आइपीएल में अपनी टीमों के अभियान की समाप्ति के बाद लंदन पहुंच चुके भारतीय खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिये तैयारियां शुरू कर दी हैं। बीसीसीआइ ने गुरुवार को इसकी जानकारी देते हुए ट्वीट किया, भारतीय टीम की नयी प्रशिक्षण किट का अनावरण करते हुए। साथ ही, डब्ल्यूटीसी फाइनल की तैयारियां भी शुरू हुईं।

## एशिया कप के आयोजन स्थल पर फैसला आइपीएल फाइनल के बादः जय साह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) के सचिव जय शाह ने गुरुवार को कहा कि आइपीएल के फाइनल के बाद एशिया कप 2023 के भविष्य के बारे में चर्चा की जाएगी। पिछले साल शाह ने घोषणा की थी कि भारत एशिया कप 2023 खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगा। इसके साथ ही शाह ने यह भी घोषणा की कि बांग्लादेश, अफगानिस्तान और श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष 28 मई को होने वाले आइपीएल-2023 के फाइनल के लिए गुजरात के अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मौजूद रहेंगे। शाह ने कहा, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के संबंधित अध्यक्ष 28 मई को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले टाटा आईपीएल 2023 फाइनल की शोभा बढ़ाएंगे। हम एशिया कप के संबंध में भविष्य की कार्रवाई की रूपरेखा तैयार करने के लिए उनके साथ चर्चा करेंगे। इससे पहले, श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने इस साल के एशिया कप टूनार्मेंट को पाकिस्तान से बाहर करने के मामले में बीसीसीआइ का समर्थन किया था। पीसीबी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नजम सेठी ने एशिया कप की देश की मेजबानी पर मंडरा रहे संकट को हल करने के लिए तर्कसंगत दृष्टिकोण का आह्वान किया। आईपीएल का फाइनल 28 मई को गुजरात के अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।



# फाइनल मैच से बाहर हो सकते हैं धोनी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अहमदाबाद में होने वाले आईपीएल 2023 के फाइनल मैच से चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान एमएस धोनी पर बैन लग सकता है। उनके ऊपर गुजरात टाइटंस के खिलाफ आइपीएल 2023 के क्वालीफायर 1 मैच के दौरान जानबूझकर अंपायरों के साथ समय बर्बाद करने के लिए बैन लगाया जा सकता है। धीमी गति के कारण आचार संहिता के उल्लंघन के लिए एक बार जुमार्ना झेल चुके धोनी अब 28 मई को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले आईपीएल के फाइनल से चूक सकते हैं। लेकिन यह तभी हो सकता है जब मैदानी अंपायर शिकायत करेंगे।



### अंपायरों से उलझे धोनी

यह घटना पारी के 16वें ओवर के दौरान हुई जब मथीशा पथिराना को अपना दूसरा ओवर डालने की अनुमति नहीं दी गई। श्रीलंकाई तेज गेंदबाज ने नौ मिनट का ब्रेक लिया था और वह मैदान से बाहर थे। जब वह गेंदबाजी करने के लिए लौटा, तो अंपायर ने उन्हें गेंदबाजी करने से रोका और धोनी के साथ एक बात की कि पथिराना ने ब्रेक के बाद मैदान पर निर्धारित समय पूरा नहीं किया। धोनी ने फिर 5 मिनट तक अंपायरों से बात करते हुए पथिराना का समय पूरा कर दिया। लेकिन सुनील गावस्कर और साइमन डोल को उनकी ये हरकत पसंद नहीं आई।

### दोषी पाए गए तो लग सकता है बैन

साइमन डोल ने कहा, अंपायरों के

## कोहली-कोहली' की आवाजें प्रेरित करती हैं : नवीन

**चेन्नई।** लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज नवीन-उल-हक का कहना है कि पिछले कुछ मैचों के दौरान स्टेडियम से आने वाली ह्यकोहली-कोहली' की आवाजों ने उन्हें बेहतर खेलने के लिये प्रेरित किया। नवीन ने बुधवार को मुंबई इंडियन्स से मुकाबले के बाद संवाददाताओं से कहा, मैं इसका आनंद लेता हूं। मुझे अच्छा लगता है कि मैदान में खिलाड़ी उनका या किसी और का नाम ले रहे हैं। इससे मुझे अपनी टीम के लिये बेहतर खेलने की प्रेरणा मिलती है। गौरतलब है कि एक मई को लखनऊ और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच इकाना स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले के दौरान नवीन और कोहली के बीच भिड़ंत हो गई थी, जो मैच के बाद बढ़कर लखनऊ के मेंटर गौतम गंभीर तक पहुंच गयी। भारत में कोहली के अथाह प्रशंसक होने के कारण पिछले तीन हफ्तों में नवीन को देशभर के अलग-अलग मैदानों में कोहली-कोहली' की आवाजों का सामना करना पड़ा है। लखनऊ और मुंबई के बीच बुधवार को खेले गये मुकाबले के दौरान भी यहां चेपौक स्टेडियम पर जब नवीन गेंदबाजी करने आये तो दर्शक दीर्घा से कोहली-कोहली' की आवाजें आने लगीं।

## शारजाह मास्टर्स शतरंज : गुकेश,अर्जुन समेत आठ खिलाड़ी खिताबी दौड़ में

**शारजाह।** शारजाह मास्टर्स के आठवे राउंड के बाद और अंतिम नौवे राउंड के ठीक पहले यह कहना बहुत मुश्किल हो गया है की विजेता कौन बनेगा क्यूंकी आठ राउंड के बाद भारत के डी गुकेश और अर्जुन एरिगासी समेत कुल 8 खिलाड़ी 5.5 अंक बनाकर सयुंक्त पहले स्थान पर है और जब यह नौवे राउंड में आपस में मुकाबला खेलेंगे तो कोई भी विजेता बन सकता है। भारतीय खिलाड़ियों में गुकेश नें पहले बोर्ड पर यूएसए के ओपरिन ग्रिगोरिय से बाजी ड्रॉ खेली तो अर्जुन एरिगासी लगातार दो जीत के साथ सयुंक्त बढ़त में शामिल हो गए। अर्जुन नें इस राउंड में रूस के ब्लादिस्लाव कोवालेव को पराजित करते हुए तो चीन के यू यांगयी नें भी उक्रेन के अंटोन कोरोबोव को मात देकर अंतिम समय में खुद को खिताबी दौड़ में शामिल कर लिया है। अन्य प्रमुख मुकाबलों में अर्मेनिया के मारतीरोसयान हैक नें यूएसए के सेमुएल सेवियन से तो ईरान के अमीन तबातबाई नें उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकूबबोएव से बाजी ड्रॉ खेली। अब अंतिम राउंड में पहले चार बोर्ड पर 8 खिलाड़ी 5.5 अंको पर है, पहले बोर्ड पर गुकेश का सामना अमीन तबातबाई से दूसरे बोर्ड पर यू यांगयी का सामना हैक से तीसरे बोर्ड पर अर्जुन का सामना याकूबबोएव से तो चौथे बोर्ड पर सेवियन का सामना ओपरिन से होगा।

## 11 साल बाद बार्सिलोना से अलग होंगे अल्बा

**नयी दिल्ली।** फुटबॉल क्लब बार्सिलोना की लंबे समय से सेवा करने वाले डिफेंडर जोर्डी अल्बा 11 उल्लेखनीय वर्षों के बाद सीजन के समापन पर क्लब छोड़ने के लिए तैयार हैं। बार्सिलोना ने बुधवार को यह घोषणा की। बार्सिलोना ने एक आधिकारिक बयान में कहा, बार्सिलोना सार्वजनिक रूप से जोर्डी अल्बा के व्यावसायिकता, प्रतिबद्धता, समर्पण, और हमेशा सकारात्मक और गर्म व्यवहार के लिए अपना आभार व्यक्त करता है, जो उन्होंने हमेशा बार्सिलोना परिवार को बनाने वाली हर चीज के प्रति दिखाया है। बार्सिलोना के साथ अपनी अब तक की यात्रा पर अल्बा ने कहा, यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। मैं यादों और प्रशंसकों के समर्थन के लिए आभारी हूं। बार्सिलोना के लिए मेरे दिल में हमेशा एक विशेष स्थान रहेगा।

## मैच प्ले के पहले मुकाबले में हारी अदिति

**लास वेगास।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक को यहां बैंक ऑफ होप एलपीजीए मैच प्ले के शुरूआती दौर के मुकाबले में फ्रांस की पेरिन डेलाकोर के खिलाफ अधिकांश समय बढ़त बनाने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। अदिति ने अधिकांश समय मुकाबले में बढ़त बनाई हुई थी लेकिन अंतिम दो होल में पिछड़ गईं। अदिति और डेलोकोर ने अंतिम होल से पहले समान पांच बर्डी की थी लेकिन फ्रांस की खिलाड़ी ने 18वें और अंतिम होल में एक और बर्डी लगाकर भारतीय खिलाड़ी को पछाड़ दिया। टूनार्मेंट में 64 खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं जो तीन दिन राउंड रोबिन के आधार पर खेलेंगी। प्रत्येक 16 ग्रुप का विजेता नॉकआउट में जगह बनाएगा।

## खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की हुई शुरूआत

**नयी दिल्ली।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम 2022 उत्तर प्रदेश गुरुवार से दिल्ली के तुगलकाबाद स्थित डॉक्टर कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में शुरू हो गया। पहले दिन देश भर के यूनिवर्सिटी से चुनकर आये खिलाड़ियों ने प्रैक्टिस की, जबकि कल शुक्रवार से इन खिलाड़ियों के भाग्य का फैसला यानी खेल प्रतियोगिता की विधिवत शुरूआत हो जाएगी।

## पहलवानों के समर्थन में एसजीपीसी : ग्रेवाल

**अमृतसर।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर संघर्ष कर रहे ओलंपियन पहलवानों की मदद के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) का एक प्रतिनिधिमंडल 29 मई को दिल्ली जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में शिरोमणि समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलदेव सिंह कैमपुर, महासचिव गुरचरण सिंह ग्रेवाल व अंतरिम कमेटी की सदस्य बीबी गुरिंदर कौर भोलूवाला शामिल होंगे।

# रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया-ए से हारा भारत

एजेंसी

**एडीलेड।** भारतीय महिला हॉकी टीम जुझारू प्रदर्शन के बावजूद यहां ऑस्ट्रेलिया ए से 2-3 से हार गई। भारत के लिये सलीमा टेटे (40वां मिनट) और संगीता कुमार (54वां मिनट)ने एक एक गोल किया जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिये एलिस अर्नोट (18वां) और रूबी हैरिस (20वां और 35वां मिनट) ने गोल दागे। पहले क्वार्टर में मेजबान को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारत का डिफेंस चुस्त रहा और कोई गोल नहीं हो सका। दूसरे क्वार्टर में भारत ने गेंद पर दबदबा बनाये रखा लेकिन ऑस्ट्रेलिया ए ने अर्नोट के गोल के दम पर बढत बना ली। हैरिस ने दो मिनट बाद गोल करके यह बढत दुगुनी कर दी। दो गोल से पिछड़ने के बाद भारतीयों ने आक्रामक खेल दिखाया और अच्छे हमले भी बोले लेकिन गोल नहीं कर सके। हाफटाइम तक ऑस्ट्रेलिया ए के पास दो गोल की बढत थी। तीसरे क्वार्टर में हैरिस ने 35वें मिनट में तीसरा गोल दागा। इसके कुछ मिनट बाद टेटे ने भारत के लिये पहला गोल दागा। चौथे क्वार्टर में भारत को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सके। संगीता कुमारी ने आखिरी मिनटों में गोल करके वापसी की उम्मीदें जगाई लेकिन भारतीय टीम तीसरा गोल नहीं कर सकी। इससे पहले भारतीय टीम को आस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से हराया था जबकि तीसरा मैच 1-1 से ड्रॉ रहा था।



## भारत, यूएई, मालदीव और चीन एक ग्रुप में

**नयी दिल्ली।** भारत को अगले साल कतर में होने वाले एएफसी अंडर 23 एशियाई कप फुटबॉल प्रतियोगिता के क्वालीफायर्स के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), मालदीव और चीन के साथ ग्रुप जी में रखा गया है। टूनार्मेंट के आधिकारिक ड्रॉ एएफसी के कुआलालंपुर स्थित मुख्यालय में गुरुवार को डाले गए। ग्रुप जी के मैच छह से 12 सितंबर के बीच चीन में खेले जाएंगे। क्वालीफायर्स में कुल 43 टीमें भाग लेंगी जिन्हें 11 ग्रुप में बांटा गया है। इनमें 10 ग्रुप में चार चार जबकि एक ग्रुप में तीन टीमें हैं। प्रत्येक ग्रुप के मैच एक ही आयोजन स्थल पर राउंड रोबिन आधार पर खेले जाएंगे। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम तथा दूसरे स्थान की चार सर्वश्रेष्ठ टीम अंडर 23 एशिया कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# श्रीकांत, सिंधु, प्रणय क्वार्टरफाइनल में, लक्ष्य सेन बाहर

एजेंसी

**कुआलालंपुर।** भारतीय शटलर किदांबी श्रीकांत ने मलेशिया मास्टर्स के शीर्ष-16 राउंड में गुरुवार को थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसर्न को 2-0 से हराकर उलटफेर को अंजाम दिया, जबकि एचएस प्रणय और पीवी सिंधु ने भी अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। श्रीकांत ने पुरुष एकल मुकाबले में विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता और इंडिया ओपन 2023 के चैंपियन वितिदसर्न को 21-19, 21-19 से मात दी। विश्व के नंबर 23 श्रीकांत पहले गेम में 1-8 से, जबकि दूसरे गेम में 13-18 से पीछे चल रहे थे, लेकिन वह दोनों बार शानदार वापसी करते हुए विश्व नंबर पांच वितिदसर्न को हराने में कामयाब रहे। यह अब तक के चार मुकाबलों में वितिदसर्न पर श्रीकांत की पहली जीत है। क्वार्टरफाइनल में श्रीकांत का सामना शुक्रवार को इंडोनेशिया के क्रिश्चियन आदीनाता से होगा। इसी बीच, बीडब्ल्यूएफ वल्डटूर सुपर 500 इवेंट में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए प्रणय ने प्री-क्वार्टरफाइनल में ऑल इंग्लैंड चैंपियन चीन के ली शि फेंग को 13-21, 21-16, 21-11 से मात दी। प्रणय अगले चरण में शुक्रवार को जापान के केंटा निशिमोतो से भिड़ेंगे। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने बिना पसीना बहाए मात्र 40 मिनट में जापान की अया ओहोरी को 21-16, 21-11 से हरा दिया। वह सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के लिये चीन की झांग यी मैन से भिड़ेंगी। युवा भारतीय शटलर लक्ष्य सेन हालांकि प्री-क्वार्टरफाइनल में हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गये। अल्मोड़ा के इस 21 वर्षीय युवक को हांग कांग के एंगस एनजी का लॉन्ग ने 21-14, 21-19 से मात दी। हालांकि युवा भारतीय खिलाड़ी लक्ष्य सेन हांगकांग के एंगस एनजी का लोंग से 14-21, 19-21 से हारकर बाहर हो गए।



## पेज 1 का शेष

### आदिवासी समाज को...

जनजाति समाज प्रेरणाश्रोत है राष्ट्रपति ने कहा कि जनजातीय समाज कई क्षेत्र में उदाहरण पेश करते हैं। हमलोग बिना दहेज के अपने घरों में बहू लाते हैं और दूसरे घरों में बिना दहेज के बेटी देते हैं। दूसरे समाज इसका अनुसरण नहीं कर पाते। देश में आज तक दहेज प्रथा खत्म नहीं हो पायी है। दहेज एक राक्षस है। इस संबंध में जनजातीय समाज का उदाहरण पूरे देश में अनुकरणीय है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह सम्मेलन जनजातीय महिलाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में जनजातीय समुदाय की महिलाओं के योगदान आनेवाले पीढ़ी को प्रेरित करेगा। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, दीपिका कुमारी के नाम का भी उल्लेख किया। इससे पूर्व उन्होंने महिलाओं द्वारा तैयार सामग्रियों का अवलोकन किया और एक-एक स्टॉल पर जाकर हर उत्पाद की जानकारी ली।

### आदिवासी हित में...

उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य गठन के आदिवासियों के हित में विकास के जो कार्य होने चाहिए थे वे नहीं हुए हैं। विस्थापन का दंश झेलने के साथ पलायन करने को मजबूर हैं। हमारी सरकार ने इस विषय पर व्यापक रूप से चिंतन- मंथन करते हुए उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। **वन उपजों का वाजिब मूल्य मिले :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के 14 हजार से ज्यादा ऐसे गांव हैं, जो वन उपज से सीधे जुड़े हैं। लाह, इमली,करंज और शहद जैसे कई वन उपज का उत्पादन कर रहे हैं, लेकिन, उन्हें एमएसपी तय नहीं होने से बाजार मूल्य से काफी कम कीमत मिलती है। बिचौलिया हावी हैं। हमारी सरकार ने सिदो कान्हू कृषि एवं वनोपज फेडरेशन का गठन किया है। इसके माध्यम से उनके वन उपज को एकत्रित किया जायेगा। उन्होंने वन उपज के लिए प्रोसेसिंग यूनिट लगाने पर जोर दिया, ताकि इसका बेहतर तरीके से इस्तेमाल और सदुपयोग हो सके। **किसान मेले का शीघ्र आयोजन होगा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दिशा में जल्द ही किसान मेले का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि सिदो कान्हू कृषि एवं वनोपज फेडरेशन के माध्यम से लैम्प्स -पैक्स एवं वन समिति को मजबूत कर रहे हैं। इस दिशा में राशि उपलब्ध करा दी गयी है। इसके साथ महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा उत्पादित उत्पादों को पलाश ब्रांड के जरिये बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। मुझे यह बताते हुए खुशी है कि पलाश ब्रांड के तहत महिला स्वयं सहायता समूह के उत्पादों की मांग जिस तेजी से बढ़ रही है। **सरना धर्म कोड जरूरी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरना धर्म कोड लागू करना जरूरी है। साथ ही सीएम ने दोहराया कि हो मुंडारी एवं कुड़ुख भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाये। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की अस्मिता और पहचान को बनाये रखने के लिए यह जरूरी है। यह उनके मान-सम्मान के साथ जुड़ा हुआ है। इस अवसर पर केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के सचिव अनिल कुमार झा, भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ के मैनेजिंग डायरेक्टर गीतांजलि गुप्ता और महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़ीं हजारों महिलाएं मौजूद थीं।

### खूंटी में हथियारों का...

इस सूचना पर एक पुलिस टीम ने छापेमारी कर दोनों को रंगेहाथ पकड़ा लिया। उनकी निशानदेही पर गोली और विस्फोटक को बरामद किया है। दिनेश गोप हाल में ही दिल्ली से पकड़ा गया था। झारखंड पुलिस ने 25 लाख का इनाम घोषित किया था। **क्या- क्या हुआ जब्त :** जिलेटिन -35 पीस, डिटोनेटर वायर के साथ 35 पीस, सिकंजा मशीन 04 पीस, कटटा 04 (पीस) जंग लगा हुआ, कारतूस- 4720 राउंड।

स्पीड न्यूज

## तिहाड़ के बाथरूम में गिरे सत्येंद्र जैन आयूइसी में भर्ती



**नयी दिल्ली।** पिछले साल मई में गिरफ्तार किए जाने के बाद से तिहाड़ जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन बृहस्पतिवार को चक्कर आने से शौचालय में गिर पड़े, जिसके बाद उन्हें एक सरकारी अस्पताल के आईसीयू भर्ती कराया गया। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी।इससे पहले, आप ने बताया था कि जैन को पहले दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया था। सांस लेने में परेशानी होने के कारण उन्हें लोक नायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पंजाब के सीएम मान को जेड-प्लस सुरक्षा

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश तथा विदेश से पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को खतरे की आशंका के मद्देनजर उन्हें जेड-प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 49 वर्षीय मान को सीआरपीएफ के वीआईपी सुरक्षा दस्ते द्वारा सुरक्षा मुहैया करायी जाएगी।सूत्रों ने बताया कि मान को पूरे भारत में शीर्ष श्रेणी की जेड-प्लस सुरक्षा दी जाएगी और गृह मंत्रालय ने हाल में इसकी मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ जल्द ही मान की सुरक्षा का जिम्मा संभालेगी और इसके लिए 55 सशस्त्र जवानों का दल भेजा गया है।

## मुंबई में शरद पवार से मिले केजरीवाल

**मुंबई।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को यहां राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार से मुलाकात की। दक्षिण मुंबई के वाई बी चव्हाण सेंटर में पवार से मुलाकात के दौरान केजरीवाल के साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी थे। केजरीवाल मुंबई के दो दिवसीय दौरे पर आए हैं।

## ओडिशा में तीन तेंदुओं की खालें बरामद

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने तीन तेंदुओं की खाल जब्त करने के साथ अवैध शिकार के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एसपी किशोर पाणिग्रही ने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर एसटीएफ ने बुधवार को छापेमारी कर कथित आरोपी को रायगढ़ कस्बे के सिरिगुड़ा स्वर्गधाम छक के पास से गिरफ्तार किया।

## इमरान खान और पत्नी के पाक छोड़ने पर रोक

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान, और उनकी पत्नी समेत कम से कम 80 लोगों के देश छोड़ने पर रोक लगा दी है। खान को भ्रष्टाचार के एक मामले में नौ मई को गिरफ्तार किया गया था जिसके बाद देशभर में हिंसक प्रदर्शन हुए थे।

## सूद ने सीबीआइ के नये निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला

नयी दिल्ली। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी प्रवीण सूद ने बृहस्पतिवार को सीबीआई के नए निदेशक के रूप में पदभार संभाल लिया। वह दो साल तक इस पद पर रहेंगे। अधिकारियों ने बताया कि अपने अंतिम कार्य दिवस के दिन निवर्तमान निदेशक सुबोध जायसवाल ने सूद को मुख्यालय में एजेंसी का प्रभार सौंपा। सूद 1986 बैच के कर्नाटक कैडर के आईपीएस के अधिकारी हैं।

# नये संसद भवन को लेकर सियासी संग्राम जारी

## राष्ट्रपति से उद्घाटन कराने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में पीआइएल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर कर लोकसभा सचिवालय को नये संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से कराने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया गया है, जो देश की प्रथम नागरिक और इस लोकतांत्रिक संस्था की प्रमुख हैं। याचिका में कहा गया है कि प्रतिवादीलोकसभा सचिवालय और भारत संघ उन्हें (राष्ट्रपति को) उद्घाटन के लिए आमंत्रित नहीं कर राष्ट्रपति को अपमानित कर रहे हैं। शीर्ष न्यायालय की एक वकील ने यह याचिका, 28 मई को नये संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किये जाने के कार्यक्रम को लेकर छिड़े एक बड़े विवाद के बीच दायर की है।

अधिवक्ता जया सुकीन द्वारा दायर जनहित याचिका में दलील दी गई है कि नये संसद भवन के उद्घाटन के लिए 18 मई को लोकसभा



सचिवालय की ओर से जारी बयान और लोकसभा महासचिव द्वारा जारी आमंत्रण पत्र संविधान का उल्लंघन करता है। याचिका में उल्लेख किया गया है कि राष्ट्रपति भारत की प्रथम नागरिक हैं और संसद की प्रमुख हैं तथा नये संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से कराने के लिए निर्देश देने का न्यायालय से अनुरोध किया गया है। याचिका में उल्लेख किया गया है कि संविधान के अनुसार, राष्ट्रपति और शीर्ष विधानमंडल के दोनों सदन राज्यसभा और लोकसभा संसद में शामिल होंगे। जनहित याचिका में कहा गया है कि संविधान के अनुच्छेद 79 में कहा गया है कि (भारत) संघ के लिए एक संसद होगी, जिसमें राष्ट्रपति और दो सदन झराज्यसभा और लोकसभा होंगे। लेकिन प्रतिवादी भारतीय संविधान का पालन नहीं कर रहे हैं।इसमें संविधान के अनुच्छेद 79 का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि राष्ट्रपति लोकतंत्र के संसदीय स्वरूप का अभिन्न हिस्सा हैं और इसलिए शीर्ष न्यायालय का हस्तक्षेप ह्यइस राष्ट्र के लोकतंत्र की रक्षा के लिए जरूरी है। याचिका में दलील दी गई है, ह्यह्यसाथ ही, अनुच्छेद 87 में कहा गया है कि संसद के प्रत्येक सत्र की शुरूआत में, राष्ट्रपति संसद के दोनों सदनों में अभिभाषण देंगे और इसकी बैठक बुलाये जाने के उद्देश्य से अवगत कराएंगे। लेकिन प्रतिवादी (लोकसभा सचिवालय और केंद्र) राष्ट्रपति को अपमानित करने का प्रयास कर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नये संसद भवन के उद्घाटन के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है।

## उद्घाटन में शामिल होंगी 25 पार्टियां, 21 ने किया बहिष्कार

**नयी दिल्ली।** संसद के नए भवन के उद्घाटन को लेकर विवाद बढ़ने के बीच 25 पार्टियों ने सरकार के समर्थन का ऐलान किया है। ये सभी 25 पार्टियां संसद भवन के उद्घाटन समारोह मे शामिल होंगी। इनमें से 7 पार्टियां सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रित गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को संसद के नए भवन का उद्घाटन करेंगे। अब तक 21 विपक्षी दलों ने कहा है कि वे समारोह में शामिल नहीं होंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि 28 मई को संसद के नए भवन के उद्घाटन के लिए सभी राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया गया है और वे अपने विवेक के अनुसार फैसला करेंगे। उन्होंने बताया कि उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री संसद भवन के निर्माण में योगदान देने वाले 60,000 श्रमिकों (श्रम योगियों) को सम्मानित भी करेंगे। विपक्षी दलों ने नये संसद भवन के उद्घाटन को



लेकर गुरुवार को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि उनकी सरकार के अहंकार ने संसदीय प्रणाली को ध्वस्त कर दिया है।प्रधानमंत्री मोदी 28 मई को संसद के नए भवन का उद्घाटन करेंगे। अब तक 21 विपक्षी दलों ने कहा है कि वे समारोह में शामिल नहीं होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के अहंकार ने संसदीय प्रणाली को ध्वस्त कर दिया है। खरगे ने ट्वीट किया कि मोदी जी, संसद जनता द्वारा स्थापित लोकतंत्र का मंदिर है। राष्ट्रपति का पद संसद का प्रथम

### मोदी सरकार ने संसदीय प्रणाली को ध्वस्त कर दिया : खड़गे

अंग है। आपकी सरकार के अहंकार ने संसदीय प्रणाली को ध्वस्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीय जानना चाहते हैं कि भारत के राष्ट्रपति से संसद भवन के उद्घाटन का हक छीनकर आप क्या दिखाना चाहते हैं? कांग्रेस की इस टिप्पणी से एक दिन पहले ही करीब 20 विपक्षी दलों ने मोदी द्वारा संसद के नए भवन के उद्घाटन का बहिष्कार करने के फैसले की घोषणा की। कांग्रेस, वाम दल, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी समेत 19 विपक्षी दलों ने नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करने की घोषणा की और आरोप लगाया कि केंद्र की मौजूदा सरकार के तहत संसद से लोकतंत्र की आत्मा को ही निकाल दिया गया है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने अलग से कहा कि नए संसद भवन का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को करना चाहिए और अगर ऐसा नहीं होता है, तो उनकी पार्टी उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होगी।

### ये दल होंगे शामिल

भाजपा, शिवसेना (शिंदे गुट), नेशनल पीपुल्स पार्टी, मेघालय, नेशलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी, सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा, जन नायक पार्टी, एआईडीएमके, आईएमकेएमके, एजेएसयू, आरपीआई, मिजो नेशनल फ्रंट, तमिल मनीला कांग्रेस, आईटीएफटी (त्रिपुरा), बोडो पीपुल्स पार्टी, पीएमके, महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी, अपना दल, असम गण परिषद, लोजपा (पासवान), बीजू जनता दल, बसपा, तेलगू देशम पार्टी, अकाली दल व जेडीएस।

# निजी कर्मियों को 25 लाख तक के लीव इनकैशमेंट पर टैक्स छूट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** निजी क्षेत्र के वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति पर मिलने वाली अवकाश के एवज में नकद राशि (लीव इनकैशमेंट) पर कर छूट की सीमा को बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दिया गया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने इससे संबंघित अधिसूचना जारी कर दी है। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में की गई घोषणा के अनुरूप निजी क्षेत्र के वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति पर मिलने वाली अवकाश के एवज में नकद राशि पर टैक्स छूट सीमा को बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दिया गया है। सीबीडीटी ने जारी एक अधिसूचना कहा है कि आयकर अधिनियम की धारा 10(10एए)(2) के तहत कर छूट की कुल सीमा 25 लाख रुपये से ज्यादा नहीं होगी। यह धारा गैर-सरकारी कर्मचारियों को नियोक्ता से मिलने वाले भुगतान से संबंधित है। अधिसूचना के

### छूट की व्यवस्था एक अप्रैल से लागू होगी



मुताबिक गैर-सरकारी कर्मचारियों को अवकाश नकदीकरण के एवज में अधिकतम 25 लाख रुपये की राशि पर मिलने वाली कर छूट की व्यवस्था एक अप्रैल, 2023 से लागू होगी। दरअसल अभी तक गैर-सरकारी कर्मचारियों को लीव इनकैशमेंट के एवज में मिलने वाली नकद राशि पर कर छूट की सीमा तीन लाख रुपये ही थी। दरअसल यह सीमा वर्ष 2002 में तय की गई थी, जब सरकारी क्षेत्र में उच्चतम वेतमान 30 हजार रुपये प्रति माह हुआ करता था।

## नीति आयोग बैठक कल , प्रधानमंत्री करेंगे अध्यक्षता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 मई को नीति आयोग के संचालन परिषद की आठवीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में देश को 2047 तक विकसित देश बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला सशक्तीकरण और बुनियादी ढांचा विकास समेत कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। नीति आयोग की शीर्ष इकाई परिषद में सभी मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उप-राज्यपाल और विभिन्न केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। आयोग ने कहा कि नीति आयोग 27 मई को विकसित भारत @2047: टीम इंडिया की भूमिका विषय पर आठवें संचालन परिषद की बैठक आयोजित करेगा। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे ज्यादा जनसंख्या वाले देश के तौर पर भारत आर्थिक विकास पथ ऐसे चरण में है, जहां यह अगले 25 साल में तेज गति से वृद्धि हासिल कर सकता है।

## नये संसद भवन के उद्घाटन से पहले हवन और कई धर्मों की होगी प्रार्थना सभा

**नयी दिल्ली।** नए संसद भवन का उद्घाटन समारोह रविवार को सुबह हवन और विभिन्न धर्मों की प्रार्थना के साथ शुरू होगा जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा कक्ष में औपचारिक उद्घाटन करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि सुबह करीब सात बजे नए भवन के बाहर संसद परिसर में हवन होगा जहां शैव संप्रदाय के महायाजक औपचारिक राजदंड सेंगोल मोदी को सौंपेंगे। सेंगोल को नए संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष के आसन के पास स्थापित किया जाएगा।

नए संसद भवन के उद्घाटन का मुख्य समारोह रविवार दोपहर प्रधानमंत्री, पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और अन्य की उपस्थिति में शुरू होने की संभावना है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष शिवराज पाटिल, कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे तथा विपक्षी दलों के नेताओं को भी निमंत्रण दिया गया है। कम से कम 21 विपक्षी दलों ने उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करने की घोषणा की है।

## वंदे भारत ट्रेन दिल्ली को देवभूमि से और तेज गति से जोड़ेगी : मोदी

### हर वर्ष पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़ रही है चारधाम यात्रा

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को देवभूमि उत्तराखंड को देहरादून-दिल्ली (आनंद विहार टर्मिनल) वंदे भारत एक्सप्रेस की नई सौगात दी। प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर देहरादून-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि दिल्ली और देहरादून के बीच चलने वाली यह ट्रेन देश की राजधानी को देवभूमि से और तेज गति से जोड़ेगी। इसकी सुविधाएं सफर को आनंददायक बनाने वाली हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वे बाबा केदारनाथ के दर्शन करने गये थे, तो दर्शन के बाद अनायास ही उनके मुख से पंक्तियां निकली थीं कि ये दशक उत्तराखंड का दशक होगा। उत्तराखंड आज जिस तरह से कानून व्यवस्था को सर्वोपरि रखते हुए विकास के अभियान को आगे बढ़ा रहा है, वह बहुत सराहनीय है। यह इस देवभूमि की पहचान को संरक्षित करने के लिए भी अहम है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की देवभूमि आने वाले समय में पूरे विश्व की आध्यात्मिक



चेतना के आकर्षण का केंद्र बनेगी। हमें इस सामर्थ्य के अनुरूप भी उत्तराखंड का विकास करना होगा। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या हर वर्ष पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़ देती है। अभी बाबा केदार के दर्शनों के लिए कितने श्रद्धालु उमड़ रहे हैं, ये हम सब देख रहे हैं। हरिद्वार में होने वाले कुंभ और अर्धकुंभ में दुनियाभर से करोड़ों श्रद्धालु आते हैं। हर वर्ष जो कांवड़ यात्रा होती है, उसमें भी लाखों-करोड़ों लोग उत्तराखंड पहुंचते हैं। देश में ऐसे राज्य कम ही हैं, जहां इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं की ये संख्या उपहार भी है और इतनी बड़ी संख्या को संभाल पाना, एक भगीरथ कार्य भी है। इस भगीरथ कार्य को आसान बनाने के लिए ही डबल इंजन की सरकार, डबल शक्ति से, डबल गति से काम कर रही है।

## पावर प्रोजेक्ट में देरी पर कड़ी कार्रवाई करेंगे : आर के सिंह

**नयी दिल्ली।** बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने बिजली परियोजनाओं को समय पर पूरा नहीं करने वाले डेवलपर्स के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। सिंह ने गुरुवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जो भी डेवलपर वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने की तारीख या समयसीमा से चूकेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिजली उत्पादन क्षमता में वृद्धि एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि बोली प्रक्रिया के तहत जीती गई कई परियोजनाओं को संबंधित डेवलपर पूरा नहीं कर रहे हैं।सिंह ने कहा कि इन सभी परियोजनाओं (बिजली परियोजनाओं) को बोली प्रक्रिया के तहत जीता गया है और अगर वे परिचालन की अनुसूचित वाणिज्यिक तिथि (एससीओडी) से चूकते हैं, तो संबंधित डेवलपर को एक साल के लिए किसी परियोजना की बोली प्रक्रिया में भाग लेने से रोक दिया जाएगा।मंत्री ने बताया कि इसी तरह का दूसरा मामला होने पर डेवलपर को पांच साल के लिए प्रतिबंधित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह इस नियम को नीति में शामिल करेंगे।

# अमेरिका में भी दिवाली पर मिलेगी छुट्टी

## भारतीय मूल को बड़ा तोहफा, न्यूयॉर्क विधानसभा में प्रस्ताव पेश

एजेंसी

न्यूयॉर्क। अब अमेरिका में भी दिवाली पर छुट्टी मिलेगी। इसकी शुरूआत न्यूयॉर्क से हो रही है। न्यूयॉर्क की विधानसभा में इस आशय का प्रस्ताव पेश किया गया है। न्यूयॉर्क विधानसभा अध्यक्ष कार्ल हेस्टी ने इसकी पुष्टि की और कहा कि न्यूयॉर्क के समृद्ध और विविधता भरी संस्कृति को पहचान देने के लिए ऐसा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लूनर न्यू ईयर और दिवाली पर छुट्टी देने के लिए विधानसभा सत्र खत्म होने से पहले इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल सकती है। इस फैसले का स्कूलों के



कैलेंडर पर क्या फर्क पड़ेगा, इसे लेकर विचार विमर्श किया जा रहा है। न्यूयॉर्क विधानसभा का मौजूदा सत्र आठ जून तक चलेगा। इस प्रस्ताव को दिवाली डे एक्ट नाम दिया गया है, जिसके तहत न्यूयॉर्क में दिवाली की छुट्टी 12वीं सरकारी छुट्टी घोषित हो जाएगी। इससे अमेरिका में रहने वाले भारतीय मूल के समुदाय को काफी फायदा होगा और वह अपने परिवार और दोस्तों के साथ अच्छे से दिवाली के त्योहार को मना सकेंगे। न्यूयॉर्क विधानसभा की सदस्य जेनिफर राजकुमार और सीनेटर जोए अद्दाबो ने मांग की है कि दिवाली पर न्यूयॉर्क सिटी के स्कूलों में भी छुट्टी की जाए। न्यूयॉर्क स्टेट काउंसिल के सदस्य शेखर कृष्णन और काउंसिलर वुमन लिंडा ली ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया है। उल्लेखनीय है कि लंबे समय से दिवाली पर सरकारी छुट्टी देने की मांग की जा रही थी, जो अब जल्द ही पूरी होने जा रही है।

## मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा बाकी दुनिया के लिए भारत की ताकत का संदेश : यूएसआईएसपीएफ

**वॉशिंगटन।** राष्ट्रपति जो बाइडेन के निमंत्रण पर 22 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर जा रहे हैं। अमेरिका भारत रणनीतिक एवं भागीदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) के अध्यक्ष मुकेश अघी ने कहा है कि मोदी की यह यात्रा इस बात का संदेश है कि दोनों देश भू-राजनीतिक, आर्थिक और प्रौद्योगिकी के जरिये एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी जून में राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर अमेरिका की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर जाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति और जिल बाइडन 22 जून को राजकीय रात्रिभोज में मोदी की मेजबानी भी करेंगे। अघी ने कहा कि यह बाकी दुनिया के लिए एक संदेश है कि भारत की विकास कहानी वास्तविक है। भारत एक उभरती ताकत है। भारत एक दिन बड़ी ताकत बनेगा और दुनिया को भारत को और अधिक गंभीरता से लेना होगा।

अघी ने कहा कि हम देख रहे हैं कि भारत मूल रूप से लोकतांत्रिक राष्ट्रों के साथ अधिक जुड़ रहा है, जो कानून के शासन पर केंद्रित हैं। वहीं दूसरी ओर रूस, चीन, ईरान और उत्तर कोरिया का अपना स्वयं का ब्लॉक है।

# कान्स में सनी लियोनी ने बिखेरा हुस्न का जलवा

**मुंबई।** कान्स से सनी लियोनी का नया लुक सामने आया है। एक्ट्रेस ने फिल्म कैनेडी के प्रीमियर में ग्लैमरस अवतार लिया. वे वन शोल्डर थाई हाई स्लिट गाउन में दिखीं। पेस्टल गाउन में सनी स्टनिंग लगीं। ग्लोइंग मेकअप, हेयरबन, हाई हील्स में सनी ने कहर बरपाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सनी के इस लुक ने फैंस को उनका मुरीद बना दिया है। एक्ट्रेस ने रेड कारपेट पर इतराते हुए टशन दिए। कान्स फेस्टिवल का हिस्सा बनने की खुशी और प्राइड सनी के चेहरे पर साफ नजर आई। एक्ट्रेस का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें उनका लॉन्ग गाउन पैरों में फंस जाता है। तभी डायरेक्टर अनुराग कश्यप आकर उनका गाउन संभालने में मदद करते हैं। अनुराग कश्यप का रेड कारपेट पर यूं सनी लियोनी की मदद करने का वीडियो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। कैनेडी की स्टारकास्ट ने पैपराजी को साथ में पोज दिए। सभी एक्साइटेड दिखे।



## आमिर के बेटे संग काम करेंगी श्रीदेवी की बेटी

इंडस्ट्री में इस वक्त आधा दर्जन रीमेक फिल्मों पर काम चल रहा है। अब इस लिस्ट में एक और नाम जुड़ गया है। इस फिल्म में आमिर खान के बेटे जुनैद और श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर साथ नजर आएंगे।

यह पिछले साल रिलीज हुई तमिल ब्लॉकबस्टर फिल्म 'लव टुडे' का रीमेक होगी। चर्चा है कि इस फिल्म को सीक्रेट सुपरस्टार और लाल सिंह चड्ढा जैसी फिल्में निर्देशित करने वाले अद्वैत चंदन डायरेक्ट करेंगे। फिल्म की शूटिंग इस साल के सेकंड हाफ में शुरू हो सकती है।

## शेयर बाजार में तेजी सेंसेक्स 99 अंक मजबूत

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में गुरवार को तेजी लौटी और कारोबार के अंतिम घंटे में तेज लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 99 अंक के लाभ में रहा। वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के निपटान के अंतिम दिन होने के साथ उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 98.98 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 61,872.62 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 61,934.01 अंक तक गया और नीचे में 61,484.66 अंक तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी की शुरूआत कमजोर रही। लेकिन अंत में यह 35.75 अंक यानी 0.20 प्रतिशत के लाभ के साथ 18,321.15 अंक पर बंद हुआ।




